सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 20 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 76, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 2497 अंकों की गिरावट

कच्चे तेल के दाम में तेजी और वैश्विक स्तर पर कमजोरी के रुख से बीएसई सेंसेक्स 2,497 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। } 10

## शांति व स्थिरता बहाल करने का समर्थन : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से बात की तथा उनके साथ पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की। } 10

### द्वितीयं-ब्रह्मचारिणी



दधाना करपद्माभ्यामक्षमला कमण्डलू।
देवीप्रसीदतु मयि ब्रह्मद्द्चारिण्यनुत्तमा॥
शिवजी को पति के रूप में प्राप्त करने के लिये उन्होंने ब्रह्म अर्थात ईश्वर का कठिन तप किया एवं शिव पत्नी हुईं।

## सीबीआई ने अनिल अंबानी से आठ घंटे तक की पूछताछ

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी से रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और उनके खिलाफ भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत पर दर्ज 2,929 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले के सिलसिले में बृहस्पतिवार को करीब आठ घंटे पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई के कई मामलों का सामना कर रहे अंबानी को पूछताछ के लिए शुक्रवार को फिर से बुलाया गया है। अंबानी सुबह करीब 10:15 बजे एजेंसी मुख्यालय पहुंचे और औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद उन्हें जांच दल के पास ले जाया गया। वह शाम करीब 6:15 बजे एजेंसी मुख्यालय से बाहर आए। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 21 अगस्त 2025 को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ 2929.05 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले के सिलसिले में, जिसमें रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, अनिल अंबानी और अज्ञात लोक सेवकों सहित अन्य अज्ञात लोग आरोपी हैं, सीबीआई ने आज दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय में अंबानी को पूछताछ के लिए बुलाया था। प्रवक्ता ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ एसबीआई के 2,929 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामला

## भविष्य के युद्ध में ड्रोन की होगी अहम भूमिका : राजनाथ

### रक्षा मंत्री ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स व अन्य नयी व महत्वपूर्ण तकनीकों के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस-यूक्रेन और ईरान-इजराइल संघर्षों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत को ड्रोन निर्माण के क्षेत्र में एक मजबूत तंत्र विकसित करना चाहिए। सिंह ने राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इन दोनों संघर्षों ने ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों के महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाया है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को रणनीतिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने और सैन्य क्षमता बढ़ाने के लिए आने वाले कुछ वर्षों में देशी ड्रोन निर्माण के लिए वैश्विक केंद्र बनने के उद्देश्य से मिशन मोड में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा पूरी दुनिया इस समय रूस-यूक्रेन के साथ-साथ ईरान और इजराइल से जुड़े संघर्ष को देख रही है और हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि भविष्य के युद्धों में ड्रोन और ड्रोन रोधी तकनीकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होने वाली है। उन्होंने कहा आज भारत में ऐसा ड्रोन निर्माण तंत्र विकसित करने की जरूरत है जिसमें हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर हों। इस सम्मेलन में देश की प्रमुख रक्षा निर्माण कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारी भी शामिल हुए। सिंह ने कहा भारत की रक्षा तैयारी और रणनीतिक स्वायत्तता के लिए यह आवश्यक है कि भारत ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा ड्रोन के मॉडल से लेकर उसका सॉफ्टवेयर, इंजन, बैटरी और हर चीज भारत में निर्मित होनी चाहिए। यह कोई आसान काम नहीं है। उन्होंने कहा वर्तमान में अधिकांश ड्रोन निर्माण करने वाले देश अपने महत्वपूर्ण घटकों के लिए बड़ी मात्रा में आयात विशेष रूप से चीन पर निर्भर हैं। रक्षा मंत्री ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और अन्य नई और महत्वपूर्ण तकनीकों के बढ़ते महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आज के परिदृश्य में, स्वचालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसे नवाचार वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र को नया आकार दे रहे हैं। इसके अलावा, डिजिटल ट्विन और उन्नत सिमुलेशन टूल जैसी प्रौद्योगिकियां कई नयी संभावनाओं के द्वार खोल रही हैं। सिंह ने रक्षा उद्योग ...शेष पृष्ठ 10 पर



### संक्षेप

## चन्दौली में निमार्णाधीन रेल उपरिगामी सेतु का स्लैब गिरा, कई नपे

लखनऊ। चन्दौली में डीएफसीसी रूट के मुगलसराय-गया रेल सेक्शन पर स्थित सम्पार संख्या 78सी पर निमार्णाधीन 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु का कार्य ईपीसी मोड पर कॉन्ट्रेक्टर मेसर्स श्रेष्ठाभिषेक बिल्डकॉन प्रा० लि०, रामपुर की ओर से कराया जा रहा है। बुधवार को बनौली खुर्द साइड में एबटमेंट ए-2 तथा पियर पी-6 के मध्य डेक स्लैब के कंक्रीट का कार्य प्रगति पर था। रात्रि लगभग 11:00 बजे कंक्रीट कार्य के दौरान हाइड्रा का बूम स्टेजिंग से टकरा गया, जिससे स्टेजिंग सहित निमार्णाधीन स्लैब का एक भाग क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। इस संबंध में एमडी सेतु निगम ने बताया कि घटना में पाई गई लापरवाही एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित न किए जाने के दृष्टिगत विभाग की ओर से संबंधित कॉन्ट्रेक्टर मेसर्स श्रेष्ठाभिषेक बिल्डकॉन प्रा. लि., रामपुर के ...शेष पृष्ठ 10 पर

# राम मंदिर में स्वर्ण जड़ित श्री राम यंत्र की स्थापना

### राष्ट्रपति मुर्मू, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किये रामलला के दर्शन

करुणाकर दुबे



अयोध्या (उप्र)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचीं और यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। उनका अयोध्या आगमन ऐतिहासिक व सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण रहा।

महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडे पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। एक बयान के मुताबिक, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने राष्ट्रपति का अभिवादन करते हुए उन्हें नगर की चाबी भेंट की। यह सम्मान अतिथि को नगर की ओर से दिया जाने वाला सर्वोच्च प्रतीकात्मक सम्मान माना जाता है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अयोध्या का यह दूसरा दौरा है। अयोध्या हवाई अडडे से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए जैसे ही राष्ट्रपति का काफिला रवाना हुआ, पूरे मार्ग पर उत्सव जैसा दृश्य देखने को मिला। सड़क के दोनों ओर करीब 20 सांस्कृतिक मंच सजाए गए थे, जहां लगभग 250 कलाकारों ने रामायण आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भारतीय वेशभूषा में कलाकारों ने स्वागत गीत, भजन, अवधी-भोजपुरी लोकगायन-लोकनृत्य समेत भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रमों के जरिए मन मोह लिया। अयोध्यावासियों ने भी सड़क किनारे खड़े होकर पुष्प वर्षा, जयकारों संग देश की प्रथम नागरिक का गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति ने भी अयोध्यावासियों का अभिवादन किया। कार्यक्रम को और भव्य बनाने के लिए रामलीला के अंश, झांकियां, ढोल-नगाड़ा, शंखनाद, वेदपाठ और भजन-कीर्तन जैसी पारंपरिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं, जिससे अयोध्या की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर सजी अयोध्या नगरी में हर ओर श्रद्धा, उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को अयोध्या में राम मंदिर में 150 किलोग्राम सोने से जड़ित श्री राम यंत्र की स्थापना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना की। राष्ट्रपति ने नव संवत्सर पर रामलला के चरणों में शीश झुकाकर व आरती उतारकर श्रद्धा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## राम राज्य का अनुभव कर रहा भारत : योगी

जिला संवाददाता



अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि जहां दुनियाभर में टकराव की स्थिति बनी हुई है, वहीं भारत राम राज्य का अनुभव कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा दुनिया में तमाम जगह युद्ध हो रहे हैं, अव्यवस्था, आर्थिक अराजकता, भय-आतंक है और अयोध्याधाम में हजारों की संख्या में उपस्थित हम लोग भयमुक्त होकर राष्ट्रपति जी के अभिवादन और श्रीराम यंत्र की स्थापना कार्यक्रम में सहभागी बनकर रामराज्य की अनुभूति कर रहे हैं। उन्होंने कहा भारत इसलिए भारत बना है क्योंकि इसे ऋषि-मुनियों की तपस्या, अन्नदाता किसानों...शेष पृष्ठ 10 पर

## इजराइल के तेल व गैस प्रतिष्ठानों पर हमला

### ईरान के हमलों से और अधिक दबाव में आ रही है वैश्विक अर्थव्यवस्था

एजेंसी



दुबई। ईरान ने अपने एक प्रमुख गैस फील्ड पर इजराइल के हमले के जवाब में बृहस्पतिवार को खाड़ी देशों में तेल और गैस के प्रतिष्ठानों पर हमले बढ़ा दिए और इस तरह युद्ध की स्थिति गहराती जा रही है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रही है। इन हमलों के बाद ईंधन के दामों में तेजी से वृद्धि हुई और ईरान के पड़ोसी अरब देशों के सीधे संघर्ष के दायरे में आने का खतरा बढ़ गया है।

होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के लगातार अवरोधों के कारण पहले से दबाव में बनी हुई वैश्विक आपूर्ति ईरान के इन हमलों से और अधिक दबाव में आ रही है। इस क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात के तट के पास एक जहाज में आग लगा दी गई और कतर के पास एक अन्य जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। एक ईरानी ड्रोन से लाल सागर में स्थित सऊदी अरब की एक रिफाइनरी को निशाना बनाया गया। इजराइल और अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमलों के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमत 118 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। तेल के अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत युद्ध शुरू होने के बाद से 60 प्रतिशत ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीएम पुष्कर धामी ने पंचांग कैलेंडर का किया लोकार्पण

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और आमजन तक पारंपरिक ज्ञान पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हिन्दू नववर्ष के अवसर पर सूचना एवं लोक संपर्क विभाग की ओर से तैयार पंचांग कैलेंडर का लोकार्पण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। इस पहल को राज्य की प्राचीन परंपराओं को सुदृढ़ करने और नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने की दिशा में एक सार्थक प्रयास माना जा रहा है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान उसकी गहरी आध्यात्मिक जड़ों और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से है। यहां की परंपराएं केवल धार्मिक गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक जीवन और सामूहिक चेतना को भी प्रभावित करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व और जागरूकता को ...शेष पृष्ठ 10 पर

## एलपीजी की बुकिंग अब भी चिंताजनक

### होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से भारत की लगभग 60 प्रतिशत गैस आपूर्ति बाधित

एजेंसी



नयी दिल्ली। देश में घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) के भरे हुए सिलेंडर की बुकिंग युद्ध-पूर्व के सामान्य स्तर के करीब पहुंच रही है, जो स्थिति में धीरे-धीरे सुधार का संकेत है। हालांकि, पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में जारी व्यवधानों के चलते होटल सहित व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर आपूर्ति प्रतिबंध अब भी लागू हैं।

ईरान पर 28 फरवरी को हुए सैन्य हमलों से पहले देश के 33 करोड़ से अधिक घरेलू एलपीजी उपभोक्ता औसतन प्रतिदिन लगभग 55 लाख सिलेंडर बुक कर रहे थे। तनाव बढ़ने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से भारत की लगभग 60 प्रतिशत गैस आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे व्यावसायिक आपूर्ति में कटौती करनी पड़ी और घरेलू उपभोक्ताओं में घबराहट के कारण भारी बुकिंग शुरू हो गई। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि 13 मार्च को घबराहट में की गई बुकिंग का आंकड़ा 87.7 लाख के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था, जो 18 मार्च को घटकर 56-57 लाख पर आ गया है। उन्होंने कहा, घबराहट में की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:26 | 4:47 | 6:17 | 4:54 |

### भीतर पढ़ें

❍ महिला निदेशकों की अगुवाई में यूपी का स्टार्टअप बूम (पृष्ठ-02)
❍ लापरवाही पर खान अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि (पृष्ठ-02)
❍ ईरान युद्ध से बढ़ी महंगाई की आशंका (पृष्ठ-10)
❍ बिजली में 2,200 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** क्वांटम कंप्यूटिंग लैब, चैलेंज्ड ऑडियो-वीडियो लैब, 3-डी प्रिंटिंग लैब, एससीएडीए लैब और डिजिटल फॉरेंसिक लैब की जाएंगी स्थापित

## यूपी में अपराध पर ब्रेक लगायेंगी पांच नयी प्रयोगशालाएं

विशेष संवाददाता




लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार ने अपराध के बदलते तरीकों पर रोक लगाने के लिए यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज में पांच नई लैब स्थापित करने का निर्णय लिया है। इन लैब के जरिये इंस्टीट्यूट के छात्र अपराध के विभिन्न स्वरूपों की जांच करने के तरीके सीख सकेंगे। इसके साथ ही यूपी पुलिस के जांबाज भी इन लैब्स से विभिन्न तरीकों से होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने के गुण सीख सकेंगे।

योगी सरकार इंस्टीट्यूट में क्वांटम कंप्यूटिंग लैब, चैलेंज्ड ऑडियो-वीडियो लैब, 3-डी प्रिंटिंग लैब, आईटी/ओटी सिक्योरिटी के लिए एससीएडीए लैब और डिजिटल फॉरेंसिक लैब शुरू करेगी। इन लैब्स के शुरू होने से प्रदेश में अपराधों की जांच और साक्ष्य विश्लेषण की क्षमता में बड़ा सुधार होगा। गौरतलब है कि वर्तमान में इंस्टीट्यूट में पांच लैब्स संचालित हैं। इनमें एडवांस्ड साइबर फॉरेंसिक, एडवांस्ड डीएनए प्रोफाइलिंग, एआई-ड्रोन एंड रोबोटिक्स, डॉक्यूमेंटेशन एग्जामिनेशन और इंस्ट्रूमेंटेशन लैब्स शामिल हैं। यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा मॉर्डन टेक्नोलॉजी अपनाने पर जोर देते हैं। इसी कड़ी में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप इंस्टीट्यूट में पांच नई लैब की स्थापना की तैयारी की जा रही है। इसमें क्वांटम कंप्यूटिंग लैब के माध्यम से जटिल डाटा एनालिसिस और एन्क्रिप्शन से जुड़े मामलों को तेजी और सटीकता से सुलझाया जा सकेगा। यह लैब साइबर अपराधों की जांच में विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। वहीं, चैलेंज्ड ऑडियो-वीडियो लैब उन मामलों में अहम भूमिका निभाएगी, जहां खराब गुणवत्ता वाले ऑडियो या वीडियो को स्पष्ट कर साक्ष्य के रूप में इस्तेमाल करना होता है। 3-डी प्रिंटिंग लैब अपराध स्थलों के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का बढ़ा मानदेय, अप्रैल से लागू होंगी दरें

विशेष संवाददता

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश के करीब 2 लाख आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का बढ़ा मानदेय का तोहफा देने जा रही है। ऐसे कर्मचारियों के मानदेय में करीब 8 से 11 हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई है। अब चपरासी और चौकीदार को 10 हजार की जगह 18 हजार रुपए मिलेंगे। इसी तरह अनुवादक, कंप्यूटर सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर को 14 हजार की जगह 23 हजार रुपये मानदेय मिलेगा। एक अप्रैल से आदेश लागू होगा जबकि कर्मचारियों को बढ़ा हुआ मानदेय मई महीने से मिलेगा। मानदेय के अलावा कर्मचारियों को अब 13 फीसदी ईपीएफ और 3.25 फीसदी ईएसआई भी मिलेगा।

विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने की घोषणा की थी। सरकार ने इस बार विभाग के बजट में 426 करोड़ का इजाफा करते हुए 2223.84 करोड़ रुपये जारी किए थे। सरकार ने आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती होने वाले कर्मचारियों के लिए न्यूनतम दरें जारी की हैं। इसके तहत भर्ती होने वाले डॉक्टरों को 40 हजार रुपये तक मानदेय मिलेगा। वहीं...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ चपरासी को 10 की जगह 18 हजार मिलेंगे, डॉक्टरों को 40 हजार व टीचरों को मिलेगा 25 हजार

C M Y K

# बीबीडीयू में हुआ मैनेजमेंट मेगा फेस्ट मंथन

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** बीबीडी यूनिवर्सिटी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय मैनेजमेंट मेगा फेस्ट मंथन का शुभारंभ बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देशन में हुआ, इसमें लखनऊ के अनेकों मैनेजमेंट कॉलेजों के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें 100 मीटर रेस, बाधा दौड़, रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। गायन नृत्य और सामूहिक नृत्य की प्रतियोगिता हुई जिसमें नेशनल पी जी कॉलेज की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कारपोरेट वॉक में बी बी डी यूनिवर्सिटी के छात्र प्रथम आए। फेस पेंटिंग, टी शर्ट पेंटिंग और स्केचिंग में बी बी डी यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने बाजी मारी। एकल नृत्य में भातखंडे के छात्र प्रथम आए। मैनेजमेंट के सभी प्रतियोगिताओं में बीबीडी यूनिवर्सिटी का परचम लहराया। पुरस्कार वितरण वाइस चांसलर श्री कृष्ण श्रीवास्तव एवं प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. सतीश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मैनेजमेंट कॉलेज के डीन डॉ. सचिन श्रीवास्तव, डीन मीडिया एंड मासकॉम स्कूल डिंपी मिश्रा एवं कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर आदेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे जिन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 2018 से प्रति वर्ष आयोजित किया जाता है। इस वर्ष इस कार्यक्रम में लगभग 400 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# महिला निदेशकों की अगुवाई में यूपी का स्टार्टअप बूम

## महिला भागीदारी वाले स्टार्टअप्स में यूपी की बढ़ रही हिस्सेदारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है और यह बढ़त अब धरातल पर स्पष्ट दिखाई देने लगी है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में महिला निदेशक या साझेदार वाले स्टार्टअप्स की संख्या में उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 में केवल 174 ऐसे स्टार्टअप्स थे जिन्हें डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त थी और जिनमें कम से कम एक महिला निदेशक या साझेदार शामिल थी। यह संख्या लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2025 में 2525 तक पहुंच गई।

31 जनवरी 2026 तक भी 301 नए स्टार्टअप्स में महिलाओं की भागीदारी दर्ज की गई है। ये सभी स्टार्टअप्स डीपीआईआईटी की ओर से आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त हैं। प्रदेश में इस बढ़त को योगी आदित्यनाथ सरकार की नीतियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए निवेश अनुकूल माहौल, प्रक्रियाओं में सरलता और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है। इसका असर खासतौर पर महिला उद्यमिता पर पड़ा है, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं अब निदेशक और साझेदार के रूप में सामने आ रही हैं। केंद्र सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल के साथ राज्य स्तर पर मिले सहयोग ने इस वृद्धि को गति दी है। फंड ऑफ फंड्स, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम और क्रेडिट गारंटी स्कीम जैसी योजनाओं के जरिए स्टार्टअप्स को शुरूआती चरण से लेकर विस्तार तक वित्तीय सहायता मिल रही है। इसका लाभ उत्तर प्रदेश के उद्यमियों को भी मिला है, जिससे नए स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है।

## फरवरी में बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बच्चों की पोषण की स्थिति में सुधार के सकारात्मक संकेत मिले हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण ट्रैकर पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2026 की तुलना में फरवरी 2026 में स्टंटिंग में लगभग 1.21 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जबकि अति कुपोषित श्रेणी के बच्चों में लगभग 0.12 प्रतिशत तथा अंडरवेट बच्चों में लगभग 0.61 प्रतिशत का सुधार देखा गया है।



ये दिखाता है कि योगी सरकार योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए गंभीर है और बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं कर रही है। पोषण ट्रैकर के माध्यम से बच्चों की पोषण स्थिति की नियमित निगरानी की जा रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से छह वर्ष तक के बच्चों की लंबाई, वजन और आयु का आकलन कर उनकी पोषण स्थिति का निर्धारण किया जाता है। फरवरी में प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर परीक्षण अभियान चलाया गया, जिसके तहत 1 करोड़ 43 लाख से अधिक बच्चों का परीक्षण किया गया। प्रदेश में पोषण ट्रैकर जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बच्चों की पोषण स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। इससे डेटा का संकलन और विश्लेषण अधिक सटीक और पारदर्शी हुआ है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा नियमित रूप से बच्चों का परीक्षण और डेटा अपडेट किए जाने से कुपोषण की समय रहते पहचान और आवश्यक हस्तक्षेप संभव हो पा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इसी तरह की निरंतर निगरानी और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से आने वाले समय में पोषण संकेतकों में और सुधार देखने को मिलेगा।

# उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर एलपीजी गैस दे रहीं कपंनियां

- **विदेश जाने वाले आय से अधिक लोगों के निरस्त करें राशन कार्ड**

**लखनऊ।** सतीश चन्द्र शर्मा, राज्यमंत्री, खाद्य तथा रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपदों में सभी अधिकारी भ्रमणशील रहकर एलपीजी रिफिल सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। अवैध भण्डारण एवं कालाबाजारी करने वाले के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। प्राप्त आवेदनों तथा अन्य पात्र लाभार्थियों का सत्यापन कराते हुए, नियमानुसार नवीन राशनकार्ड जारी करें। निदेशालय स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में एलपीजी एवं डीजल/पेट्रोल की आपूर्ति के सम्बन्ध में जनपदवार समीक्षा की। मंत्री को अवगत कराया गया घरेलू एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर रिफिल उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी जनपदों में घरेलू एलपीजी गैस/ डीजल/पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा सभी जनपदों में सुचारू रूप से फिलिंग स्टेशनों से डीजल/पेट्रोल की आपूर्ति की जा रही है। प्रदेश सरकार की ओर से अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में किए गए 200 करोड़ रुपये के वित्तीय प्राविधान के परिप्रेक्ष्य में धनराशि का अंतरण जनपदों को कर दिया गया है। अधिकांश जनपदों में विभागीय बजट से बनाए जा रहे अन्नपूर्णा भवन लिंटर स्तर तक निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। मंत्री को अवगत कराया गया प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत लाभार्थियों को द्वितीय चरण के अन्तर्गत माह जनवरी से मार्च तक निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल डिलीवरी कराए जाएंगे।

# सचिव भारत सरकार ने स्किल इको-सिस्टम की समीक्षा की

## उद्योग आधारित प्रशिक्षण को और सुदृढ़ करने के निर्देश, छात्रों से लिया फीडबैक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत सरकार की सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता देबाश्री मुखर्जी ने गुरुवार को लखनऊ दौरे के दौरान उत्तर प्रदेश में संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों एवं स्किल इको-सिस्टम की विस्तृत समीक्षा की। लखनऊ आगमन पर प्रमुख सचिव डॉ हरिओम, निदेशक (प्रशिक्षण) अभिषेक सिंह तथा मिशन निदेशक पुलकित खरे द्वारा उनका स्वागत किया गया।

भ्रमण के दौरान सचिव देबाश्री मुखर्जी ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानाचार्य कक्ष में संस्थान में संचालित विभिन्न व्यवसायों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने रेमण्ड टेलरिंग सेंटर का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता का फीडबैक लिया। सचिव मुखर्जी ने टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से स्थापित अत्याधुनिक लैब्स एवं कार्यशालाओं का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध आधुनिक मशीनरी और प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना की। इसके साथ ही रॉयल एनफील्ड एवं मारुति सुजुकी के वर्कशॉप का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किए जा रहे युवाओं को सराहा। ऑटोकैड लैब के निरीक्षण के दौरान सचिव मुखर्जी ने प्रशिक्षार्थियों द्वारा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से तैयार की जा रही ड्राइंग की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने टर्नर वर्कशॉप का भी निरीक्षण किया तथा वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव जाने।

# राष्ट्रपति पहुंची मथुरा, इस्कॉन मंदिर, प्रेम मंदिर में किए दर्शन



मधुसूदन शर्मा (vol)

**मथुरा।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु आज शाम तीन दिवसीय प्रवास पर श्रीकृष्ण की नगरी पहुंची यहां से सीधे वृंदावन गई जहां उन्होंने इस्कॉन मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए ठाकुरजी के भव्य दर्शन किए तथा प्रेममंदिर के दर्शन किए और राज्यपाल के साथ ठाकुरजी की आरती की। शुक्रवार सुबह वृंदावन प्रेमानंद महाराज सहित मंदिरों में दर्शन पूजा अर्चना के साथ अन्य कई कार्यक्रमों में भाग लेंगी। सुरक्षा की दृष्टि से मथुरा पुलिस प्रशासन ने ऐसा सुरक्षा का घेरा तैयार किया है कि परिन्दा भी पर नहीं मार सके।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने तीन दिवसीय प्रवास पर गुरुवार शाम को मथुरा को पहुंच गईं। सेना के छावनी परिसर में बने हेलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर उतरा। कैंट हैलीपैड में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का स्वागत बुके भेंट करके महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चैधरी, प्रभारी मंत्री/राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, मथुरा वृन्दावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल, लेफ्टिनेंट जनरल वीहरिहरन, अपर पुलिस महानिदेशक आगरा श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त आगरा नगेन्द्र प्रताप, ग्रुप कैप्टन शिवम मनचंदा, जिलाधिकारी मथुरा चन्द्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार ने अगवानी की। इसके बाद राष्ट्रपति का काफिला वृंदावन के लिए रवाना हो गया।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार देरशाम इस्कॉन मंदिर और उसके पश्चात प्रेम मंदिर के दर्शन किए। महामहिमजी द्वारा भोग घर प्रवेश द्वार से प्रेम मंदिर में प्रवेश किया गया। राष्ट्रपतिजी एवं राज्यपाल जी का अजय बाबा, दीपक भरेजा, सी. गुरुराज राव तथा डॉ. सुपर्णा राव ने किया। उन्होंने प्रेम मंदिर में आयोजित लेजर शो का अवलोकन किया। राष्ट्रपतिजी ने प्रेम मंदिर के गर्भ गृह के समक्ष श्री राधा-कृष्ण जी के युगल विग्रह दर्शन किए एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए आरती की। दर्शन के समय सभा मंडप में संकीर्तन मंडली के 51 आश्रमवासियों द्वारा संकीर्तन एवं आरती गायन किया गया।

# निर्माण नहीं, विध्वंस के रहे हैं योगी सरकार के 9 वर्ष

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ पर प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ0 सी0पी0 राय जी-पूर्व मंत्री, वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता डॉ उमा शंकर पाण्डेय, अंशू अवस्थी, सचिन रावत, जिला कांग्रेस कमेटी आगरा के अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार, किसान कांग्रेस आगरा के जिलाध्यक्ष मुकेश डागुर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कल योगी जी अपने सरकार के बीते 9 वर्ष की उपलब्धियों का ढ़िढोरा पीट रहे थे और बता रहे थे कि यह 9 वर्ष नव-निर्माण के रहे हैं। सच यह है कि यह बातें पूरी तरह से झूठी हैं और सच्चाई इससे पूरी तरह अलग है। श्री राय ने कहा कि मैं आपके समक्ष 9 बातें रखता हूं जो इनके 9 विध्वंश की पोल खोलेंगी। 15 मार्च 2026 को 1519 करोड़ की लागत से बने लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर का उद्घाटन होता है और अगले ही दिन वह सड़क धंस जाती है, जो इस सरकार के महाभ्रष्ट होने का प्रमाण है। सूदखोरों का एक ऐसा मकडजाल इस प्रदेश में फैला है जो इनकी जीरों टॉलरेंस की नीति को ठेंगा दिखाता है जिसके चंगुल में फंसकर हजारों परिवार बर्बाद हो रहे हैं। हालिया उदाहरण जनपद फतेहपुर का है जहां एक परिवार ने 5 लाख रुपये सूद पर लिए थे और उसके बदले 27 लाख 50 हजार देने के बाद भी तकादा जारी था अंततः परिवार ने थक कर आत्महत्या कर ली। यह सरकार अपने कर्मचारियों का हित भी सुरक्षित नहीं रख पा रही, मोहनलालगंज रोजगार सेवक रमेश प्रजापति ने मानदेय न मिलने के कारण आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या कर ली यह रोजगार सेवक सरकार के वह मुस्तैद सिपाही हैं जो हर विषम परिस्थिति में काम करते है। जैसे एसआईआर की पूरी प्रक्रिया इन्हीं लोगों के बल पर संपन्न हुई। भाजपा सरकार अपने कर्मचारियों को भी बचा पाने में असमर्थ सिद्ध हो रही है। बदायूं के एच0पी0सी0एल0 प्लांट में जो एक निषिद्ध क्षेत्र होता है वहां घुसकर सरकारी कार्य कर रहे दो अधिकारियों की हत्या कर दी गई है। हत्यारा वहां के भाजपा विधायक का ही गुर्गा है। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी आगरा के अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार एवं किसान कांग्रेस आगरा के अध्यक्ष मुकेश डागुर के साथ कई किसान अपनी एक बहुत गंभीर समस्या के साथ प्रेसवार्ता में उपस्थित हुए। श्री सिकरवार ने बताया कि कैसे आगरा का भूमि विकास बैंक जो अब राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक हो गया है कैसे किसानों के साथ सूदखोरों जैसा व्यवहार कर रहा है। श्री राय ने कहा कि योगी सरकार बीते नौ वर्षों में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है, सिर्फ मंच पर खडे. होकर आत्ममुग्ध मुख्यमंत्री जी आत्मसलाघा में डूबी हुई बातें करते हैं। विध्वंश क इन 9 वर्षों में प्रदेश के प्रत्येक वर्ग का नुकसान हुआ है न युवाओं को रोजगार मिला न ही महिलाओं को सुरक्षा, न किसानों को उपज का दाम मिला, न मजदूरों को उनकी मजदू, न व्यापारियों का व्यापार बढ़ा और ना ही प्रदेश की जनता को मिला आत्म सम्मान से जीने का माहौल।

# भाजपा युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही : अखिलेश


विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। नौजवानों के लिए नौकरी- रोजगार नहीं है। बड़ी तादात में पढ़े लिखे नौजवानों के पास काम नहीं है। भाजपा देश को अंधेरे की तरफ ले जा रही है। स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया। सरकार के अंतिम साल में स्वास्थ्य मंत्री लाइन में लगकर छापा डालने का दिखावा कर रहे है। गरीबों को दवा-इलाज नहीं मिल रहा है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं चौपट हैं।

समाजवादी पार्टी राज्य मुख्यालय पर प्रदेश के विभिन्न जिलो से बड़ी तादात में आये कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में गरीबों को समय पर न एम्बुलेंस मिलती है और न इलाज मिल रहा है। भाजपा सरकार ने गरीबों को मुसीबत में फँसा दिया है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और लूट चरम पर है। स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाएँ इस सरकार की प्राथमिकता में नहीं हैं। प्राथमिक स्कूल बंद क्यों किए गए? गरीब बच्चों की शिक्षा को लेकर सरकार की मंशा ठीक नहीं है। भाजपा सरकार ने प्रदेश का विकास कार्य अवरूद्ध कर दिया है। सिर्फ बजट की लूट चल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की सभी करतूतों को जान चुकी है। जनता 2027 में भाजपा से मुक्ति के लिए तैयार है। विधान सभा प्रभाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। प्रदेश में युवाओं को नौकरी, रोजगार और किसानों की भलाई के लिए जनहित में समाजवादी पार्टी की सरकार जरूरी है।

समाजवादी पार्टी की सरकार में उद्योग-धंधे लगेंगे खेती-बाड़ी और कारखानों को बढ़ावा देने से प्रदेश का विकास होगा। समाजवादी पार्टी की सरकार में प्रदेश का विकास हुआ है। 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश फिर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

## भारतीय जागृति मिशन व चौहान एकता महासभा के पदाधिकारियों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की




**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भेंटकर उनके नेतृत्व एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए आज भारतीय जागृति मिशन तथा चौहान एकता महासभा के तमाम पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस अवसर पर सांसद रामशिरोमणि वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी उपस्थित थे। भारतीय जागृति मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओम साहू, राष्ट्रीय सचिव श्री के.टी. तिवारी, शशिकांत गांधी, पुल्ली गुप्ता, संस्थापक सुरेश गुप्ता दिल्ली, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुनील गुप्ता जिलाध्यक्ष अमेठी सज्जन कुमार पाठक, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा0 चिन्ताराम साहू सहित चौहान एकता महासभा के संयोजक राजकुमार चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश चौहान, अरुण कुमार वर्मा एड.लीगल एडवाइजर तथा अमरजीत आदि सभी ने समाजवादी पार्टी को मजबूती देने और 2027 के चुनाव में श्री अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लिया।

# नौ साल में बदला उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर का चेहरा

विशेष संवाददाता (vol)

- **एक्सप्रेसवे से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी तक ऐतिहासिक छलांग**
- **एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, जलमार्ग और औद्योगिक कॉरिडोर से विकास को नयी रफ्तार**



**लखनऊ।** वर्ष 2017 से पहले सीमित इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी चुनौतियों से जूझता उत्तर प्रदेश, बीते 9 वर्षों में तेजी से बदलकर आज देश के उभरते लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक हब के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, जलमार्ग और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के व्यापक विस्तार ने न केवल विकास की रफ्तार को नई दिशा दी है, बल्कि निवेश, निर्यात और रोजगार के क्षेत्र में भी अभूतपूर्व संभावनाओं के द्वार खोले हैं। आने वाले वर्षों में यही बुनियादी ढांचा प्रदेश को देश की आर्थिक प्रगति का प्रमुख इंजन बनाने की आधारशिला साबित होगा।

वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास सीमित दायरे में था। प्रदेश में केवल 2 एक्सप्रेसवे संचालित थे और कनेक्टिविटी का दायरा अपेक्षाकृत कमजोर था। औद्योगिक विकास के लिए बड़े स्तर पर योजनाबद्ध भूमि चिह्नांकन और कॉरिडोर आधारित विकास की गति धीमी थी। लॉजिस्टिक्स लागत अधिक होने और परिवहन में समय लगने के कारण उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी प्रभावित होती थी।

एविएशन सेक्टर में भी सीमित विस्तार था और प्रदेश का उपयोग बड़े निवेश गंतव्य के रूप में अपेक्षाकृत कम होता था। जलमार्ग और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी की दिशा में भी कोई बड़ा प्रभावी ढांचा विकसित नहीं हुआ था। पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। जहां 2017 में केवल 2 एक्सप्रेसवे थे, वहीं आज यह संख्या बढ़कर 22 तक पहुंच गई है। इनमें 7 संचालित, 5 निमार्णाधीन और 10 प्रस्तावित एक्सप्रेसवे शामिल हैं। देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का लगभग 55 प्रतिशत हिस्सा अब उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है।

इन एक्सप्रेसवे के किनारे 26 जनपदों के 27 स्थानों पर लगभग 5,300 हेक्टेयर भूमि औद्योगिक विकास के लिए चिन्हित की गई है। साथ ही बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) का गठन कर 47 वर्षों बाद एक नए औद्योगिक शहर की नींव रखी गई है, जिससे 56,662 एकड़ क्षेत्र में बहुआयामी विकास को गति मिली है। निर्यात के क्षेत्र में भी प्रदेश ने उल्लेखनीय सुधार किया है। ह्यएक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स 2024 में उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि 2022 में यह सातवें स्थान पर था। लैंडलॉक्ड राज्यों में प्रदेश का प्रथम स्थान इसकी नीतिगत मजबूती को दशार्ता है। लॉजिस्टिक्स सेक्टर में सुधार के चलते परिवहन समय में कमी आई है और लागत घटी है, जिससे उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ी है और निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है। जल, थल और नभ तीनों क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ किया गया है।

वाराणसी में देश का पहला मल्टी-मॉडल टर्मिनल स्थापित किया गया है, जबकि रामनगर, चंदौली, मीरजापुर और गाजीपुर में टर्मिनल और फ्रेट विलेज विकसित किए जा रहे हैं। सड़क निर्माण में तेजी लाते हुए औसतन 19 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से सड़कों का निर्माण, चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। एविएशन सेक्टर में भी बड़ा विस्तार हुआ है। वर्तमान में 16 हवाई अड्डे संचालित हैं, जिनमें 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे शामिल हैं, जबकि 8 हवाई अड्डे प्रक्रियाधीन हैं। आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश को देश का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक हब बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद प्रदेश देश का पहला राज्य बन जाएगा, जहां 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे होंगे, जिससे वैश्विक कनेक्टिविटी और निवेश को नई दिशा मिलेगी। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के विस्तार, एक्सप्रेसवे नेटवर्क के और सुदृढ़ीकरण तथा औद्योगिक कॉरिडोर के विकास से प्रदेश में लॉजिस्टिक्स लागत और कम होगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। निर्यात उन्मुख नीतियों, निवेश अनुकूल वातावरण और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से उत्तर प्रदेश न केवल देश का प्रमुख निवेश केंद्र बनेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को भी गति देगा।

# लापरवाही पर खान अधिकारी को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि

## राजस्व वृद्धि के लिए खनन विभाग का बड़ा कदम, जवाबदेही तय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव की ओर से जनपद बागपत की खनन गतिविधियों एवं राजस्व प्राप्ति की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई, जिसमें राजस्व प्रगति अत्यन्त असंतोषजनक पाए जाने पर कड़ा संज्ञान लिया गया। समीक्षा में यह पाया गया कि 42 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष अब तक मात्र 22.85 करोड़ रुपये की ही प्राप्ति हुई है, जो अपेक्षा से काफी कम है।

साथ ही खनन पट्टों के निष्पादन में अनावश्यक विलम्ब, जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) के अद्यतन में लापरवाही तथा संभावित खनन क्षेत्रों को शामिल न किए जाने जैसी गंभीर कमियां भी सामने आईं, जिनका प्रतिकूल प्रभाव राजस्व प्राप्ति पर पड़ रहा है।

समीक्षा के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि हरियाणा बॉर्डर से आने वाले उपखनिज के वाहनों की प्रभावी निगरानी हेतु चेकगेट स्थापित किए जाने की आवश्यकता के बावजूद इस दिशा में अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त, पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस के बावजूद संबंधित खान अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करना उच्चाधिकारियों के निदेर्शों की अवहेलना एवं अनुशासनहीनता को दशार्ता है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर सचिव एवं निदेशक श्रीमती माला श्रीवास्तव ने जनपद बागपत के खान अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के कार्यों में घोर उदासीनता, शिथिलता एवं लापरवाही पाए जाने पर उन्हें वित्तीय वर्ष 2025-26 की मध्यावधि हेतु ₹विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि₹ प्रदान की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खनन विभाग प्रदेश के राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सभी जनपदों के खनन अधिकारियों को निर्देशित किया कि खनन पट्टों के निष्पादन में तेजी लाई जाए, डीएसआर का समयबद्ध अद्यतन सुनिश्चित किया जाए, नए खनन क्षेत्रों को तत्काल चिन्हित कर शामिल किया जाए तथा अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं।

साथ ही पर्यावरणीय स्वीकृति एवं अन्य प्रक्रियाओं को पारदर्शी एवं त्वरित बनाया जाए, जिससे राजस्व में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। राजस्व वृद्धि के लिए खनन विभाग का बड़े कदम उठाने के साथ जवाबदेही तय की जा रही है। राजस्व बढ़ाने के लिए नोडल अधिकारी नामित किये गये है और , खनन विभाग में पारदर्शिता पर जोर दिया जा रहा है।

# मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण

## मरीजों की शिकायत और अव्यवस्थाओं पर भड़के डीएम

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत ओपीडी से की गई, जहां मरीजों की भारी भीड़ के बीच पंजीकरण व्यवस्था अव्यवस्थित पाई गई। कई मरीजों ने घंटों इंतजार की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इमरजेंसी वार्ड में भी हालात संतोषजनक नहीं मिले। संसाधनों की कमी और स्टाफ की ढिलाई स्पष्ट दिखाई दी। पर्याप्त दवाएं उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को बाहर से दवा खरीदनी पड़ रही थी। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वार्डों के निरीक्षण में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब मिली। शौचालयों में



गंदगी, वार्डों में अव्यवस्था और पेयजल की कमी जैसी गंभीर समस्याएं सामने आईं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में इस तरह की लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों से बातचीत के दौरान इलाज में देरी, डॉक्टरों की अनुपलब्धता और उचित देखभाल न मिलने की शिकायतें भी सामने आईं। डीएम ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुछ चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। दवा स्टॉक रजिस्टर, जांच रिपोर्ट प्रणाली और अन्य अभिलेखों की जांच में भी खामियां पाई गईं, जिन्हें तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण करते हुए भी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की बात कही गई। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है और लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश मोहन, सीएमएस डॉ. ए.के. झा, डॉ. संजय गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

### अर्पित ने आईआईटी में 86वीं रैंक की सफलता का लहराया परचम



प्रतापगढ़। आईआईटी जेएएम में मेधावी की सफलता पर गुरूवार को ननिहाल में खुशी का माहौल देखा गया। रायबरेली जिले के हटका उमरन निवासी अर्पित शुक्ला दिल्ली में पढ़ाई कर रहे हैं। अर्पित का लालगंज के दीवानी वार्ड में ननिहाल है। आईआईटी 2026 के परिणाम में अर्पित को ऑल इण्डिया स्तर पर छियासवीं रैंक पर सफलता मिली है। मेधावी की सफलता पर परिजनों के साथ यहां उसके ननिहाल में भी खुशी का माहौल दिखा। मां वंदना तथा मामा एवं लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश को लोगों ने अर्पित की सफलता पर शुभकामनाएं सौंपी। मेधावी की सफलता पर आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, वरिष्ठ अधिवक्ता राममिलन शुक्ल, अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी आदि ने अर्पित की सफलता को गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है।

### मवेशी की हत्या में दो पर केस

प्रतापगढ़। मवेशी की हत्या को लेकर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे पण्डित भोजपुर गांव निवासी अंकित सरोज पुत्र महारानीदीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर बीती पन्द्रह मार्च की शाम साढ़े पांच बजे दुल्लापुर निवासी दीपक सरोज व धर्मेन्द्र सरोज ने उसकी सुअर की नदी के किनारे ले जाकर हत्या कर दी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जमीन के विवाद में आधा दर्जन पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। जमीन के विवाद में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के कटकावली शिवगंज निवासी भूतपूर्व सैनिक कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र स्व0 राज नारायण सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह मार्च की रात पैमाइश के बाद जमीन पर गाड़े गये पत्थर को उखाडकर फेंक देने के बाबत पूछतांछ करने पर गांव के मनीराम व उसके पुत्र सोनू कुमार सरोज, पत्नी निशा देवी, पुत्री रीता तथा आकांक्षा पत्नी सोनू व वंदना पत्नी मोनू ने एकराय होकर गाली देते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष बीएन पाण्डेय का कहना है कि जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### किशोरी के अपहरण का दर्ज हुआ मुकदमा

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह मार्च को दोपहर करीब एक बजे उसकी सोलह वर्षीया पुत्री को रायपुर भटनी निवासी विवेक सोनकर पुत्र रामचंद्र सोनकर अपहृत कर ले गया। पीड़िता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जतायी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### रंजिशन अधेड़ पर जानलेवा हमला, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। जानलेवा हमले को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी अनुज राम पुत्र स्व0 देवतादीन केवट ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बुधवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे वह घर मे मौजूद था। रंजिश को लेकर इस बीच गांव के एक आरोपी उसके दरवाजे पर पहुंचा और गालीगलौज करते हुए ईट पत्थर चलाने लगा। पीड़ित ने बाहर निकलकर उसे मना किया तब आरोपी ने उस पर लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले मे पीड़ित बेहोश हो गया। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी धमकी देते चला गया। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नारी सुरक्षा की ओर बढ़ते कदमः खेसरहा के खुटहनी में मिशन शक्ति की गूंज



सिद्धार्थनगर- जनपद में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे ह्यमिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत थाना खेसरहा पुलिस द्वारा ग्राम खुटहनी में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों से बचाव पर विशेष जोर दिया गया। टीम ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 शामिल हैं। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति या उत्पीड़न के मामले में वे इन सेवाओं का निःसंकोच उपयोग करें। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना झिझक पुलिस से संपर्क करें। साथ ही आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# आस्था के साथ देवी मन्दिरों में उमड़े श्रद्धालु, हुआ पूजन -अर्चन

प्रतापगढ़। चैत्र नवरात्र को लेकर गुरूवार को देवी आराधना का सुर गुंजायमान हुआ दिखा। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में प्रथम दिवस श्रद्धालुओं ने मां की पूजा अर्चना के साथ देवाधिदेव महादेव को जलाभिषेक किया। वहीं लालगंज के हरिहरमंदिरम मे मां दुर्गा तथा मां विशालाक्षी एवं मां पीताम्बरा को भी श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी तथा पुष्प भेंट किया। बलीपुर कटरा स्थित इनहन देवी धाम में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। सांगीपुर वार्ड में मां चौर्हजन देवी धाम तथा अगई में दुर्गन देवी धाम एवं असरही में मां गुम्मौर देवी तथा कल्याणपुर ढ़िगवस में काली माता मंदिर में भी श्रद्धालुओं का भावपूर्ण समागम दिखा। घरों में भी कलश स्थापना के साथ मां भगवती के पाठ का सुमधुर उच्चारण भक्तिभाव में देखा गया। नवरात्र के प्रथम दिवस बाजारों में भी सुबह खरीददारी को लेकर भीड़ जुटी दिखी।

# ऊसर खाते की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। ऊसर खाते की जमीन पर अवैध निर्माण को लेकर लेखपाल की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम का पुलिस ने केस दर्ज किया है। लालगंज तहसील के नौढ़िया गांव में तैनात लेखपाल विनोद कुमार यादव ने संग्रामगढ़ पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुनेहरी नौढ़िया गांव में ऊसर खाते की भूमि पर उमेश यादव पुत्र राज बहादुर व मानवेंद्र यादव पुत्र राम नारायण तथा आरती पत्नी विमलेश द्वारा ऊसर खाते की जमीन पर अवैध रूप से पक्का निर्माण कार्य कर लिया गया है। लेखपाल द्वारा मनाही के बावजूद अवैध निर्माण को लेकर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के कड़े निर्देश दिये। लेखपाल की तहरीर पर संग्रामगढ़ पुलिस ने उमेश समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। तहसीलदार गरिमा वर्मा का कहना है कि क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व नायब तहसीलदार को अवैध निर्माण को लेकर जांच सौंपी गयी है। जांच आख्या मिलने के बाद अतिक्रमण को हटवाये जाने की कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इधर अवैध अतिक्रमण को लेकर एफआईआर दर्ज होने से गांव में हडकंप का माहौल देखा गया।

# विधायक श्याम धनी के प्रयास से 1 करोड़ 60 लाख की प्राप्ति हुई स्वीकृत



सिद्धार्थनगर। जनपद के विधानसभा कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही के कथक प्रयास से विधानसभाक्षेत्रकपिलवस्तु में लोक निर्माण विभाग द्वारा ककरही टंडिया गायघाट से पटखौली संपर्क मार्ग पर लघु सेतु निर्माण कार्य हेतु रू01 करोड़ 60 लाख 35 हजार की स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह स्वीकृति क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस लघु सेतु के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुगमता मिलेगी तथा व्यापार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही जनसमस्या के समाधान की दिशा में कपिलवस्तु विधायक का यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए विधायक श्याम धनी राही ने मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ के प्रति क्षेत्र की जनता-जनार्दन की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि विकास मेरी पहली प्राथमिकता है, तो जनता मेरा प्रेरणास्त्रोत ,जिसके लिए मैं कर्तव्यनिष्ठ रहूंगा।

# नौ वर्ष प्रदेश के विकास और सकारात्मक बदलाव की यात्रा का प्रतीक : विधायक



श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में आयोजित 09 दिवसीय प्रदर्शनी एवं मेले के दूसरे दिन भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय एवं जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा व उपजिलाधिकारी प्रवीण यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मेले में ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पुलिस विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, नगर पंचायत व स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विधायक, जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने स्टॉलों का भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत 04 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति चेक वितरित किए गए। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत सुमित्रा पत्नी स्व0 राम मनोहर एवं कमला प्रसाद पुत्र स्व0 भगेडू को 02-02 लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। वहीं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 05 लाभार्थियों को सिलाई मशीन टूलकिट वितरित की गई। कार्यक्रम में विधायक एवं जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया। साथ ही स्थानीय कलाकार राजकुमार द्वारा नवरात्रि के अवसर पर भक्तिगीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

अपने संबोधन में विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि यह नौ वर्ष प्रदेश के विकास और सकारात्मक बदलाव की यात्रा के प्रतीक हैं। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि मेले का उद्देश्य जनता को योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ दिलाना है।

कार्यक्रम का संचालन आपदा विशेषज्ञ अरूण कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पी0के0 दास, उपायुक्त राजेश कुमार पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 अमरनाथ यति सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शिवांश ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले मे टॉप कर बढ़ाया जेबीएस का मान



प्रतापगढ़। बेलहा स्थित जेबीएस पब्लिक स्कूल के मेधावी शिवांश सिंह ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले में टॉप कर लालगंज क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मेधावी की सफलता पर गुरूवार को विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखा गया। लालगंज बाजार निवासी सत्येन्द्र सिंह के पुत्र शिवांश ने नवोदय प्रवेश परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। शिवांश की मां स्नेहलता सिंह भी जेबीएस में शिक्षिका हैं। सफलता की जानकारी पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख एवं विद्यालय के निदेशक इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने सफल मेधावी का मुंह मीठा कराते हुए माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रधानाचार्या पूर्णिमा सिंह ने इसे विद्यालय की गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है। वहीं संस्थापक समाजसेवी लालदेव सिंह ने सफलता पर शिक्षकों की मेहनत को सराहा है।

# पुलिस लाइन में रिक्रूटों की इनडोर परीक्षा का एसएसपी ने किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस लाइन में चल रहे रिक्रूटों के आधारभूत प्रशिक्षण के तहत आयोजित इनडोर परीक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि परीक्षा की शुचिता बनी रहे। उ

# संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान हेतु बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने हेतु अन्तर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद में 01 से 30 अप्रैल 2026 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान संचालित किया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर क्षयरोग, दिमागी बुखार, खांसी, जुखाम सहित अन्य संचारी रोगों के लक्षणों का सर्वे करें तथा लोगों को बचाव एवं उपचार की जानकारी दें। साथ ही लक्षणयुक्त व्यक्तियों का विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड किया जाए, जिससे समय पर उपचार सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि कोई भी गांव, मोहल्ला या परिवार इस अभियान से छूटने न पाए। जिलाधिकारी ने शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पंचायत राज, पशुपालन एवं नगर निकाय विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समय पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें और अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई। साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए जिलाधिकारी ने नगर पालिका व नगर पंचायतों के अधिकारियों को नालियों की नियमित सफाई, जलभराव वाले स्थानों पर चूना छिड़काव, फॉगिंग तथा शुद्ध पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खुले नालों को ढकने और जनजागरूकता अभियान चलाने को कहा। बैठक का संचालन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 सुनील कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी0के0 दास, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद भिनगा डॉ0 अनीता शुक्ला सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मोतियाबिंद के 27 मरीजों को मिली नयी रोशनी



**श्रावस्ती।** भारत सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत जनपद में संचालित स्वास्थ्य शिविरों में चिन्हित मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन नवज्योति हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा रहा है। अब तक कुल 27 मरीजों की नेत्र शल्य चिकित्सा पूर्ण हो चुकी है, जिससे सभी लाभार्थियों में अत्यंत संतोष एवं उत्साह का वातावरण है। नेत्र सर्जन डॉ. दिनेश कुमार यादव ने अवगत कराया कि अस्पताल में अटल वयो अभ्युदय योजना तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था उपलब्ध है। विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों से चयनित मरीजों को बुलाकर समुचित परीक्षण के उपरांत ऑपरेशन किए जा रहे हैं, जो पूर्णतः सफल रहे हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति ने बताया कि योजना के अंतर्गत जनपद में बहुआयामी कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। तथागत सभागार में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में 52 महिला स्वयंसेवकों को सामुदायिक देखभाल का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही, 50 वृद्धजनों के मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें अब तक 27 ऑपरेशन संपन्न हो चुके हैं। ऑपरेशन के उपरांत मरीजों की नियमित अनुवर्ती जांच सुनिश्चित की जाएगी। समस्त चिकित्सा सेवाएं, औषधि एवं देखभाल सरकार द्वारा पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर अनेक लाभार्थियों की आंखों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें दृष्टि लाभ प्रदान किया गया, जिससे उनके जीवन में पुनः उजास और आत्मनिर्भरता का संचार हुआ है।

# नरकटहा में नव चंडी महायज्ञ की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से गूंजा माहौल



सिद्धार्थनगर- बांसी नगर के उपनगर नरकटहा ( पशुपति नगर ) स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में 09 दिवसीय नव चंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंग गया। यह धार्मिक आयोजन 19 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक चलेगा। समापन 27 मार्च को हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रीराम कथा के अमृतमयी प्रवचन के लिए बिहार के सिवान से पधारे चंद्रशेखर रामायणी जी एवं रांची ( झारखंड ) से आईं बाबा विश्वनाथ की सेविका श्रीमती रूपा रामायणी जी विशेष वक्ता के रूप में श्रद्धालुओं को कथा रसपान कराएंगी। इस दौरान यज्ञाचार्य राघवेंद्र जी के नेतृत्व में कथावाचक आचार्य सचिन शुक्ल, आचार्य धीरेंद्र शुक्ल समेत सहायक आचार्य राहुल शास्त्री, नितिन त्रिपाठी, मिथिलेश त्रिपाठी, आदित्य द्विवेदी, श्याम सुंदर पांडेय, सौरभ शास्त्री, राघव जी, दुर्गा प्रसाद त्रिपाठी, सतीश त्रिपाठी और प्रदीप त्रिपाठी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कथा वाचन प्रतिदिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक तथा रात्रि 8 बजे से प्रकरण की समाप्ति तक होगा, जबकि पूजन कार्य सुबह 8 बजे से प्रारंभ किया जा रहा है। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित इस महायज्ञ के तहत निकाली गई कलश यात्रा में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर मंगलगीत गाए।

# हत्या के दो दोषियों को मिली सजा

श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती में गला दबाकर हत्या के एक पुराने मामले में न्यायालय ने कड़ा फैसला सुनाया। थाना इकौना में दर्ज वर्ष 2015 के मुकदमे में दो अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। यह कार्रवाई प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के अंतर्गत प्रभावी पैरवी का परिणाम है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अधिकारियों, अभियोजकों और पैरोकारों के समन्वित प्रयास से मामले का त्वरित निस्तारण हुआ। अभियुक्तों ने पुरानी रंजिश के चलते वादी के पुत्र की गला दबाकर हत्या की थी, जिसमें अदालत ने सख्त रुख अपनाया।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

सुलतानपुर। जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र में बुधवार की रात पूरे सूबेदार मजरे बिसावां गांव में चिलबिल के पेड़ से कमीज के सहारे लटके शव की पहचान राहुल यादव ( 18 ) पुत्र राजेंद्र यादव के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने युवक की हत्या होने की आशंका जताई है। शव को छूते ही वह जमीन पर गिर गया।

बल्दीराय के पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान राहुल यादव ( 18 ) पुत्र राजेंद्र यादव के रूप में हुई है। मामले की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि राहुल यादव बुधवार की रात लगभग आठ बजे अपने घर से निकला था। रात नौ से साढ़े नौ बजे के बीच उसका शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# लेखपाल संघ के अधिवेशन में अजय कुमार गुप्ता का जलवा

## लगातार छठी बार बने जिलाध्यक्ष



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जनपद शाखा का अधिवेशन एवं द्विवार्षिक चुनाव लोहिया कला भवन में अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी इम्तियाज अहमद तथा सहायक निर्वाचन अधिकारियों की देखरेख में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। जनपद के 518 लेखपालों की उपस्थिति में निवर्तमान जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता को लगातार छठी बार निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। अजय कुमार गुप्ता की इस ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर उनके मजबूत नेतृत्व, संगठन क्षमता और लेखपालों के बीच गहरी पकड़ को साबित कर दिया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने लेखपालों की समस्याओं के समाधान, उनके अधिकारों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनकी सरलता, सक्रियता और सभी को साथ लेकर चलने की कार्यशैली ने उन्हें जनपद में एक लोकप्रिय और विश्वसनीय नेता के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि सभी लेखपालों ने एकजुट होकर उन पर फिर से भरोसा जताया और उन्हें निर्विरोध विजयी बनाया। इस अवसर पर पूरी कार्यकारिणी भी निर्विरोध चुनी गई, जिसमें आनंद गौतम जिला मंत्री एवं प्रभात सैनी जिला उपमंत्री बने। सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्यामधनी राही, विनय वर्मा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, पेंशनर्स संगठन के जिलाध्यक्ष अवधेश यादव, कृषि विभाग के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र यादव, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा एवं कलेक्ट्रेट मिनिस्ट्रियल संघ के जिलाध्यक्ष प्रेमसागर चौधरी समेत जिले के 25 संगठनों के प्रतिनिधियों ने अजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें पुनः निर्वाचित होने पर बधाई दी।

# उच्च रक्तचाप जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न



भिनगा श्रावस्ती। भिनगा स्थित शिवालिक महाविद्यालय में उच्च रक्तचाप जागरूकता कार्यक्रम का सुव्यवस्थित, एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को उच्च रक्तचाप के प्रति सजगता, स्वास्थ्य-संवेदनशीलता और नियमित जांच की आवश्यकता के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही सभी का रक्तचाप परीक्षण भी किया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक माह में आयोजित किया जाता है, जिसका संचालन ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि 18 वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति अपने रक्तचाप के प्रति सतर्कता, नियमितता, निवारण, जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाए। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रदेश परिषद सदस्य पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत रमन सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य तथा डॉ. आर के मौर्य का अतुलनीय एवं सराहनीय योगदान रहा, जिनकी सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# ढांचागत विकास ने मिटाया पिछड़ेपन का दंश

## अब उत्कृष्ट स्तर की रोड कनेक्टिविटी से मजबूत हुई गोरखपुर क्षेत्र की पहचान

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। योगी सरकार के नौ साल गोरखपुर क्षेत्र के लिए बेमिसाल साबित हुए हैं। जिस क्षेत्र को पिछड़ेपन का पर्याय मान लिया गया था, वहां नौ वर्षों में हुए जबरदस्त इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ने उपेक्षा के सारे दंश मिटा दिए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण कायाकल्प रोड कनेक्टिविटी का हुआ है। एक लंबे दौर तक जिस क्षेत्र की पहचान बदहाल और टूटी सड़कों से थी, अब वह शानदार रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जाना जाता है। 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद नौ साल में सुदृढ़ हुए रोड इंफ्रास्ट्रक्चर ने समग्र विकास में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया है। बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी ने गोरखपुर को नजीर पेश करने वाले शहरों की कतार में खड़ा कर दिया है। योगी सरकार के नौ सालों में गोरखपुर में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 15 सौ किमी की लंबाई में प्रमुख सड़कों का निर्माण हुआ है। जबकि 2017 के पहले के पांच साल में सवा तीन सौ करोड़ रुपये से साढ़े चार सौ किमी की लंबाई में सड़कों का निर्माण हुआ था। 2017 के पूर्व तक खराब रोड कनेक्टिविटी के कारण जीवन को सुगमता के साथ ही उद्योग और पर्यटन पर बुरा असर पड़ता था। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने सबसे अधिक ध्यान रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट पर दिया। इसका नतीजा है कि गोरखपुर शहर के बाहरी हिस्से की सभी सड़कें और शहर के अंदर भी प्रमुख मार्ग फोरलेन हो चुके हैं। सड़कों के साथ चौराहों का भी चौड़ीकरण हुआ। इससे आवागमन सुगमता तो बढ़ी ही, अन्य क्षेत्रों के लोगों का भी गोरखपुर के प्रति रुझान बढ़ा। वर्तमान में गोरखपुर से लखनऊ, वाराणसी, बिहार, नेपाल, देवरिया, कुशीनगर तक जाने के लिए फोरलेन की कनेक्टिविटी है। इससे आवासीय आवश्यकताओं की मांग में इजाफा होने के साथ औद्योगिक निवेश की बयार लगातार बह रही है।

अपने कार्यकाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर को 91 किमी लंबे लिंक एक्सप्रेसवे की भी सौगात दी है। 7283 करोड़ रुपये की लागत से बना यह एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ के बीच चार जिलों से गुजरता है लेकिन इसकी कनेक्टिविटी से राजधानी लखनऊ की राह भी और आसान हो रही है।

### सीएम योगी के नौवें कार्यकाल में पूर्ण हुईं रोड कनेक्टिविटी की प्रमुख परियोजनाएं

-धर्मशाला से गोरखनाथ मंदिर मार्ग पर नया गोरखनाथ ओवरब्रिज (लागत 137.83 करोड़ रुपये)
-बरगदवा-नकहा रेल ओवरब्रिज (लागत 152.19 करोड़ रुपये)
-खजांची चौराहा फ्लाईओवर (लागत 96.50 करोड़ रुपये)
-रामगढ़ताल नौकायन से देवरिया बाईपास तक फोरलेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण (लागत 67.35 करोड़)
-बालापार टिकरिया मार्ग स्थित रेल समपार पर ओवरब्रिज (लागत 84.87 करोड़ रुपये)
गोरखपुर में रोड कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की जारी प्रमुख परियोजनाएं
-जंगल कौड़िया-सोनौली फोरलेन मार्ग (लागत 2555.50 करोड़ रुपये)
-टीपीनगर से पैडलेगंज तक सिक्सलेन फ्लाईओवर (लागत 429.49 करोड़ रुपये)
-नौसढ़ से पैडलेगंज सिक्सलेन मार्ग (लागत 297.29 करोड़ रुपये)
-भटहट से बासस्थान मार्ग के फोरलेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण (लागत 689.35 करोड़ रुपये)
-देवरिया बाईपास का फोरलेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण (लागत 399.24 करोड़ रुपये)
-जिला जेल बाईपास मार्ग का फोरलेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण (लागत 369.04 करोड़ रुपये)
-पैडलेगंज से फिराक गोरखपुरी चौक होते हुए बेतियाहाता चौराहे तक फोरलेन (लागत 277.78 करोड़ रुपये)
-पिपराइच-गोरखपुर मार्ग का फोरलेन में चौड़ीकरण (लागत 942.44 करोड़)
-चारफाटक-असुरन मार्ग का फोरलेन में चौड़ीकरण (लागत 278.89 करोड़)
-बालापार-टिकरिया-गांगी बाजार मार्ग का फोरलेन में चौड़ीकरण (लागत 838.05 करोड़ रुपये)
-एयरपोर्ट लिंक चौराहे से हड़हवा फाटक होते हुए गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक टूलेन/फोरलेन (लागत 245.44 करोड़ रुपये)
-हड़हवा फाटक समपार संख्या 2 स्पेशल पर फोरलेन फ्लाईओवर (लागत 201.24 करोड़ रुपये)
-लखनऊ-गोरखपुर मार्ग पर अतिरिक्त दो लेन (अप स्ट्रीम) का राप्ती नदी पर पुल (लागत 104 करोड़)
-लखनऊ-गोरखपुर मार्ग अतिरिक्त दो लेन (डाउन स्ट्रीम) का राप्ती नदी पर पुल (लागत 118 करोड़)
-चौरीचौरा-भोपा बाजार में समपार संख्या 147बी पर रेल ओवरब्रिज, (लागत 49.22 करोड़ रुपये)

# भाविप धर्मार्थ सेवा शाखा ने किया नव संवत्सर कार्यक्रम



इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा द्वारा भारतीय नव वर्ष संवत्सर 2083 का पर्व पक्का बाग स्थित शाखा के सदस्य डा. आशीष दीक्षित के प्रतिष्ठान पर हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर वंदे मातरम्गीत के साथ हुआ। सभी सदस्यों को रोली तिलक लगाकर नव संवत्सर आगमन की बधाई दी गई। इसके बाद शाखा के सदस्यों ने मार्ग से गुजरने वालों का भी रोली तिलक लगाकर अभिनंदन किया, बधाई दी तथा उन्हें मिष्ठान खिलाया। इस अवसर पर लालजी रामायणी ने मानस की चैपाइयों का गायन किया। पांचाल प्रांत के दायित्वधारी केके त्रिपाठी, धर्मार्थ शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित, सचिव महेश कुमार बाथम, महिला अध्यक्ष सरिता चतुवेर्दी, राजेंद्र कुमार दीक्षित, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, केके यादव, राजेश वाजपेई, घनश्याम तिवारी, अरविंद गुप्ता, विनोद त्रिपाठी, अवधेश पथिक, कौशल चंद्र चतुवेर्दी, डा. जेके तिवारी, सुधीर मिश्र, अवधेश पचैरी, महावीर चतुवेर्दी, कार्तिकेय शुक्ला, अभय द्विवेदी, संजय सिंह, सपना, खुशी, दिनेश राजपूत, ओम बाथम आदि उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम संयोजक डा. आशीष दीक्षित एवं जितेंद्र शुक्ला ने सभी का आभार जताया।

# गीडा में भीषण अग्निकांड, प्लाई फैक्ट्री में 7 घंटे तक धधकती रही आग

## 12 दमकल गाड़ियां, 80 टैंकर पानी और दो जिलों की टीम ने पाया काबू, लाखों का नुकसान

जिला संवाददाता

पिपरौली/गीडा, गोरखपुर। गीडा औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-13 स्थित ह्यवुड फैब्स प्लाई फैक्ट्री में गुरुवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि उस पर काबू पाने में फायर ब्रिगेड को करीब सात घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान गोरखपुर के साथ-साथ पड़ोसी जनपद संत कबीर नगर से भी दमकल की गाड़ियां मंगानी पड़ीं। घटना के बाद पूरे औद्योगिक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चैम्बर से उठी चिंगारी, देखते ही देखते विकराल हुई आग जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 8:30 बजे फैक्ट्री के उस चैम्बर से धुआं उठता देखा गया, जहां लकड़ी को गर्म कर सुखाया जाता है। देखते ही देखते धुआं तेज लपटों में बदल गया। फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों में चीख-पुकार मच गई।

कर्मचारियों ने शुरूआती प्रयास में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन फैक्ट्री में भारी मात्रा में रखी सूखी लकड़ी और ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसीओ गीडा राम प्रकाश, एसडीएम केशरी नंदन तिवारी और सीओ योगेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे। आग बुझाने के लिए लगभग 12 दमकल गाड़ियों को लगाया गया। घने धुएं और अंदर भरे लकड़ी के स्टॉक के कारण फायर कर्मियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। 80 टैंकर पानी से बुझी आग, दो जिलों ने मिलकर किया नियंत्रण आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इसे बुझाने के लिए कुल 80 टैंकर पानी का उपयोग किया गया। स्थानीय संसाधन कम पड़ने पर संत कबीर नगर से भी पानी और दमकल की सहायता ली गई। लगातार सात घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दोपहर में आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। लाखों का नुकसान, जांच जारी हालांकि इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का माल और मशीनें जलकर राख हो गईं। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण चैम्बर में तकनीकी खराबी या शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, संयुक्त प्रयासों से एक बड़ी दुर्घटना को टाल लिया गया है और फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# 2500 केवी के नए ट्रांसफार्मर से सुधरेगा वोल्टेज

**हसनगंज, उन्नाव (वीओएल)।** कस्बे के उपभोक्ताओं को वर्षों से चली आ रही जर्जर बिजली लाइनों और लो, वोल्टेज की समस्या से अब राहत मिल गई है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता (जेई) दिलीप कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में व्यापक सुधार कार्य कराए गए हैं, जिससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था पहले से कहीं अधिक सुदृढ़ हो गई है। वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान हसनगंज कस्बे में लंबे समय से बिजली की लाइनें जर्जर स्थिति में थीं, जिसके कारण आए दिन फाल्ट होते रहते थे। इससे न केवल बिजली की बबार्दी होती थी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में कई अधिकारी आए लेकिन इस गंभीर समस्या पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। वर्तमान जेई दिलीप कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय कार्रवाई की और पुरानी लाइनों को हटाकर नए तारों को स्थापित करने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया। भीषण गर्मी में मिलेगी राहत आने वाली गर्मी को देखते हुए विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है। कस्बे में स्थित पुराने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाते हुए अब 2500 केवी का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। इससे ओवरलोडिंग की समस्या खत्म होगी और उपभोक्ताओं को लो, वोल्टेज से निजात मिलेगी।

# महिला जज ने चढ़ाया चांदी का छत्र, ब्रह्माणी देवी लख्खी मेले में उमड़ी आस्था की भीड़



जसवंतनगर, इटावा। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस गुरुवार से ब्रह्माणी देवी मंदिर पर लगने वाले लख्खी मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नगर से करीब 17 किलोमीटर दूर और बलरई थाना क्षेत्र की यमुना नदी की तलहटी के बीहड़ों में स्थित प्राचीन ब्रह्माणी देवी मंदिर क्षेत्र में शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध है। नवरात्रि के दौरान यहां हर वर्ष लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुंचते हैं। प्रथम दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं न्यायिक अधिकारी आरती द्विवेदी ने सीओ आयुषी सिंह व तहसीलदार नेहा सचान के साथ मंदिर पहुंचकर चांदी का छत्र चढ़ाया। वृंदावन से आए आचार्य सर्वेश शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर के पुजारी भुवनेश कुमार मिश्रा उर्फ भोले ने बताया कि प्रतिदिन सुबह पांच बजे मंगला आरती और शाम छह बजे आरती होती है, जबकि सात बजे भोग प्रसाद वितरित किया जाता है। सीओ आयुषी सिंह ने बताया कि मेले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कंट्रोल रूम, पीएसी बल, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। पुलिस बल के साथ ट्रैफिक, फायर व एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

**Notice**

I Irfan Ahamad S/o Fatima Khatun village- Ranipur, Post - Kauriram, District - Gorakhpur pin 273413 has given icse 2025 board examination with Uid number 8665593 by mistake her Mother name is written at the time of registration Fatima Khatoon while has correct name is Fatima Khatun.

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा नाम सुनीता देवी उर्फ रेखा सिंह पत्नी हुकुम सिंह निवासी ग्राम बंभिया, ग्राम पंचायत बंभिया ब्लॉक रेउसा तहसील बीसवां जिला सीतापुर है। अतः यह दोनों नाम मेरे हैं और मुझे इन्हीं दोनो नामो से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र का नाम तक्ष जायसवाल से बदलकर कार्तिक जायसवाल रख लिया है। उसके सभी अभिलेखों में उसका नाम कार्तिक जायसवाल ही लिखा, पढ़ा व जाना-पहचाना जाए। **अक्षत जायसवाल पुत्र स्व. सुरेश कुमार जायसवाल नि.- 503/68 मनकामेश्वर मंदिर रोड, डालीगंज, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र/सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक नं.- 0964344 व इण्टरमीडिएट का अंकपत्र/सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक नं.- 2225716737 वास्तव में कहीं खो गया है। **शिवांगी देवी पुत्री विजयपाल गौतम नि.- कौरैया म. सेमरई तहसील लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**

प्रार्थी के ओरिजिनल डॉक्यूमेंट Vikas Nagar sector 4 के पास खो गये है जिसमे हमारी omaxe की पेमेंट रिसीप्ट खो गई है Receipt no. 1112040 dt. 30/09/14 Amt. 1,63,077.95 Receipt no. 1601548 dt. 09/10/17 Amt. 2,08,900 बताने का कष्ट करें Vikas Mishra

# शौचालय के ऊपर मिला अज्ञात युवक का शव

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के रावतपार गांव स्थित एक शौचालय के ऊपर नग्न अवस्था में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम मामले की छानबीन में जुट गई। मिली जानकारी के मुताबिक, गुरुवार की सुबह ही रावतपार गांव स्थित राजेन्द्र यादव की आटा चक्की के पीछे बने टीनशेड शौचालय पर एक 32 वर्षीय युवक का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला। घटना की जानकारी सुबह चक्की मालिक का बेटा सुबह शौचालय जा रहा था तभी टिन शेड पर शव पड़ा देखकर डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश पुरी, क्षेत्राधिकारी बांसगांव अनुज सिंह व प्रभारी निरीक्षक अंजुल चतुवेर्दी ने घटना स्थल का गहनता से निरीक्षण करने के साथ ही मामले की छानबीन में जुटे रहे। साथ ही डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाया। शव से तकरीबन 25 मीटर दूर एक गुल्लर के पेड़ में बने छेद मे जिंस का पैंट व टीशर्ट मिला है, पैंट में रखें पर्स में मिले आईडी कार्ड से मृतक की पहचान हो सकी। मृतक की पहचान रावतपार गांव निवासी ऋषभ यादव उर्फ बब्बी यादव (25) वर्ष पुत्र उदय चंद यादव के रूप में हुई। ऋषभ दो बहन और दो भाई थे।

# सैफई में मानसिक रूप से अशक्त महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

इटावा। जिले स्थित एक अस्पताल के सफाईकर्मी को मानसिक रूप से अशक्त 38 वर्षीय एक महिला से दुष्कर्म के लिए बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूपीयूएमएस) में संविदा पर कार्यरत एक सफाईकर्मी है और अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. अरुण कुमार मिश्र द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। सैफई थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि महिला का 14 जून, 2025 से अस्पताल के मनोविज्ञान विभाग में इलाज जारी था और वह बोलने में असमर्थ है। 17 मार्च को चिकित्सा परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने पाया कि महिला गर्भवती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की गई और जांच में पता चला कि बकेवर थानाक्षेत्र के लखना कस्बे के निवासी रवींद्र ने उससे दुष्कर्म किया था।

पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(2) (दुष्कर्म) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल कर लिया।

# नवरात्र पर न्याय की तीन देवियां का संदेश, जागरूक बनें छात्र, छात्राएं सोशल मीडिया से रखें सतर्क दूरी

जसवंतनगर, इटावा। गुरुवार को जिला जज रजत सिंह जैन के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती द्विवेदी द्वारा शिवपाल सिंह पीजी महाविद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने न्याय की तीन देवियां का उल्लेख करते हुए छात्र-छात्राओं को जागरूक, सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। आरती द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में किसी को भी इतना अपना न समझें कि अपनी हर निजी बात साझा कर दें। उन्होंने कहा कि सोचने का दायरा बढ़ाने और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना बेहद जरूरी है, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने विशेष रूप से 13 से 18 वर्ष की आयु को जीवन की नींव बताते हुए कहा कि यही वह समय है जब व्यक्ति का भविष्य तय होता है। इस दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाकर केवल सकारात्मक और ज्ञानवर्धक चीजों को अपनाना चाहिए तथा अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से निर्धारित करना चाहिए। सीओ आयुषी सिंह ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं आमजन को उनके विधिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने छात्राओं को साइबर अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि किसी से निजी चैट न करें, अपने फोटो साझा न करें, किसी भी संदिग्ध लिंक को न खोलें और ओटीपी किसी के साथ साझा न करें।

# महिला तीन बच्चों को छोड़ प्रेमी संग फरार

## पति का आरोप जेवर-नगदी भी ले गई, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

जिला संवाददाता

मौरावां, उन्नाव (वीओएल)। थाना मौरावां क्षेत्र के सन्दाना गांव में एक महिला के अपने तीन छोटे बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पति ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी घर से जेवर और 50 हजार रुपये नकद भी लेकर चली गई है। घटना 14 मार्च 2026 की बताई जा रही है। पीड़ित होरी लाल सविता ने 15 मार्च को थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 14 मार्च को दिन में करीब 11:30 बजे उसकी पत्नी ममता, रामू पुत्र गंगा राम यादव निवासी बाजखेड़ा मजरा करदहा, थाना मौरावां के साथ चली गई। बताया जा रहा है कि आरोपी रामू के भी दो बच्चे हैं। होरी लाल का आरोप है कि पत्नी ममता घर में रखे सभी जेवरात और 50 हजार रुपये नकद अपने साथ ले गई है। जब वह रामू के घर पूछताछ करने पहुंचे तो वहां मौजूद रामू के पिता गंगा राम यादव, भाई श्यामू और रामू की पत्नी ने उनके साथ गाली-गलौज की। आरोप है कि लाठी-डंडे और चप्पलों से मारने का प्रयास भी किया गया। आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार उसे मोबाइल पर भी लगातार धमकियां मिल रही हैं। पीड़ित ने बताया कि पत्नी के जाने के बाद वह अपनी वृद्ध मां और तीन छोटे बच्चों के साथ बेहद परेशान है। उसने यह भी आरोप लगाया कि मौरावां थाना पुलिस पिछले पांच दिनों से कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे उसे लगातार थाने के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है। पीड़ित को न्यायालय में वाद दायर करने की सलाह दी गई है तथा आरोपी के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी रामू के मोबाइल नंबर की लोकेशन पंजाब के जालंधर में मिली है। कार्रवाई में देरी से नाराज पीड़ित होरी लाल ने थाना परिसर में मीडिया के सामने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# खुशी के दोहरे स्वर्ण से उन्नाव का बढ़ा मान, उपासना ने रचा इतिहास

उन्नाव। खेल निदेशालय के सहयोग एवं जिला खेल कार्यालय के तत्वावधान में 19 मार्च को सेंट लॉरेंस स्कूल, पी.डी. नगर, में आयोजित जिला स्तरीय बालक-बालिका खेल प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का मान बढ़ाया। खासतौर पर खुशी ने 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में दोहरे स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया, वहीं उपासना ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का विश्वास जीत लिया। प्रतियोगिता में कुल 12 इवेंट आयोजित किए गए, जिनमें अंडर-12 वर्ग में 50 मीटर दौड़ एवं जेवलिन थ्रो तथा अंडर-18 वर्ग में 100, 200, 400, 800, 3000 मीटर दौड़, 2000 मीटर वॉक, लांग जंप, शॉटपुट एवं डिस्कस थ्रो शामिल रहे। 400 मीटर में खुशी, शीला और उपासना जबकि बालकों में सौरभ और आर्यन ने पदक जीते। 800 मीटर में बालिकाओं में खुशी जबकि बालक में रजनीकांत ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया, इसके अलावा 3000 मीटर में सरोज और मीनाक्षी प्रथम रहे। 100 मीटर में मिथुन और प्रशिष्ठि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर में अभिषेक और मीनाक्षी विजेता रहे। 2000 मीटर वॉक रेस में आकाश और शगुन प्रथम रहे। 200 मीटर में प्रशिष्ठि प्रथम और उपासना द्वितीय स्थान पर रही। खुशी और उपासना ने स्टेडियम के अन्य खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और जिले का विश्वास जीता। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी गौरांग राठी ने स्वयं विजेता खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा बच्चियों की लगातार उपलब्धियों पर उन्हें स्कॉलरशिप उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने विशेष रूप से बेसिक शिक्षा की बेटियों की सफलता को सराहा। जिलाधिकारी ने फुटबॉल टीम के विजेता सेवन स्टार स्टेडियम और उपविजेता इलेवन स्टार स्टेडियम के खिलाड़ियों से भी हाथ मिलाकर उन्हें बधाई दी। खेल के दौरान उन्हें हल्की चोट लगी, जिसके बाद उन्होंने स्टेडियम में ही प्राथमिक उपचार लेकर कार्यक्रम में सहभागिता जारी रखी।



# कूलर का तार गले में फंसने से दस वर्षीय बालक की मौत

इटावा। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के बगिया अड्डा मोहल्ले में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ किराए पर रह रहे जनपद में एसीजीएम फर्स्ट के यहां कोर्ट मुहर्रिर के रूप में तैनात हेड कांस्टेबल के 10 वर्षीय पुत्र की गुरुवार सुबह घर पर खेलते समय अचानक कूलर का तार गर्दन में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। कानपुर देहात के सिकंदरा निवासी वीरेंद्र सिंह यूपी पुलिस में हेडकांस्टेबल हैं। वर्तमान में जनपद इटावा में अभियोजन कार्यालय से एसीजीएम फर्स्ट कोर्ट में कोर्ट मुहर्रिर के रूप में तैनात हैं। वह ड्यूटी के चलते बगिया अड्डा मोहल्ले में किराए के मकान में दो बच्चों और पत्नी संग रह रहे हैं। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे वीरेंद्र सिंह ड्यूटी पर घर से निकल आए थे, तभी उनके पीछे घर में मौजूद 10 वर्षीय बेटा हर्ष जो कि अपने घर पर कमरे में खेल रहा था, अचानक खेल खेल में कूलर का तार गर्दन में फंस जाने से उसी पर झूल गया। घटना के समय बच्चे की मां बाथरूम में काम काज निपटाकर नहा रही थी जबकि बड़ा भाई दूसरे कमरे में पढ़ रहा था। नहाकर जब उसकी मां बाहर आई और बेटे को आवाज दी कोई आवाज न आने और जब वह कमरे में पहुंची तो बेटे हर्ष के गले में कूलर का तार लिपटा देखकर गले में फंसा तार हटाकर उसे जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर शिवम राजपूत ने मेडिकल परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

# री साइकलिंग डे पर बच्चे सम्मानित



इटावा। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ज्योति गुप्ता एवं अधिशाषी अधिकारी संतोष मिश्रा के निर्देशन में नगर पालिका परिषद एंव आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान में वार्ड नं-4 पुरविया टोला नालापार के उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र में ग्लोबल रीसाइकलिंग डे के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापका शिखा पाल के अथक प्रयासों से इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अन्तगर्त विधालय के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा ड्राई वेस्ट से सुंदर-सुंदर घरेलू व सजावटी सामान आदि बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी नगर जेपी सिंह एवं स्वच्छ भारत मिशन नगरीय नगर पालिका परिषद के ब्रांड एंबेसडर डॉ. हरिशंकर पटेल के द्वारा सयुक्त रूप से बच्चों को ट्रिपल आर के विषय में बच्चों को जानकारी देकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु संदेश दिया एवं छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया और साथ ही साथ सभी को स्वच्छ सर्वेक्षण के विषय में भी जानकारी दी गई और सभी से इस वर्ष होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिका का सहयोग करने की अपेक्षा की गई। इस अवसर पर आईटीसी टीम से सुजीत कुमार अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# चकबंदी टीम ने चौपाल में सुनी समस्या

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर चकबंदी टीम जिसमें उपसंचालक चकबंदी विधेश, चकबंदी बंदोबस्त अधिकारी रामदेव निषाद के सुपरविजन में चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख अरविंद भारती, चकबंदी अधिकारी सफीपुर राजेश कुमार, चकबंदी अधिकारी बांगरमऊ सतीश कुमार मिश्रा द्वारा ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें चकबंदी की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए किसानों की समस्याओं को सुना गया।

# फाग महोत्सव आज

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के पाटन अंतर्गत ग्राम देवारा में 20 मार्च 2026 को भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन योगेंद्र सिंह छोटू द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार महोत्सव में एक से बढ़कर एक फाग प्रस्तुत करने वाली टीमों को आमंत्रित किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत- परवर, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-19.03.2026**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- परवर, विकासखंड- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-26 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार दिनांक- 20.03.2026 से दिनांक- 27.03.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत परवर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 27.03.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | मस्जिद से रेलवे शरहद तक इंटरलाकिंग कार्य। | 9.59 लाख रुपये। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्तें मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा0पं0- परवर, वि0ख0- कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

ई-टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 10/2026 दिनांक 06.03.2026 के अंतर्गत निविदा जो दिनांक 30.03.2026 को खोली जानी है, को प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता है। ई-निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), इज्जतनगर**
**मुजाधि/डब्ल्यू-517**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र सूचना**

**संदर्भः- निविदा सूचना सं: 106-सिग-टेन्डर-69/2025-26 दिनांक: 16.03.2026 के लिये शुद्धिपत्र।**

उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है में निम्नलिखित परिवर्तन पढ़े जाये।

**आइटम संशोधित**

| Code | Field Name | Existing Value | Modified Value |
|---|---|---|---|
| EMD | Earnest Money (INR) | 4,14,200.00 | 10,56,900.00 |

IREPS पर नया टेन्डर डॉक्यूमेंट अपलोड कर दिया गया है। अन्य शर्ते पूर्ववत ही रहेंगी।

सं.: 106-सिग-टेन्डर-69/2025-26 शुद्धिपत्र दिनांक: 18.03.2026 945/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

लखीमपुर खीरी। थाना मैगलगंज क्षेत्र के अंतर्गत खूंटी खुर्द गांव के पास पेड़ से लटका हुवा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मैगलगंज थाना क्षेत्र के खूंटी खुर्द गांव के बाहर शव मिलने की सूचना पर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने सुबह खेतों की ओर जाते समय शव को देखा, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शव पेड़ से लटका हुआ था और प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शव 2 से 3 दिन पुराना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मैगलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की है। समाचार लिखें जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा मौत के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है। शव की पहचान पुलिस द्वारा कराई जा रही है।

## डेंटल कैंप का आयोजन



मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के पीएचसी कुंभी मे पीएलए डिविजन कुंभी मिल के द्वारा डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व शाखा प्रबंधक अतुल कुमार, डॉक्टर प्रशांत मेहरोत्रा, इंद्रजीत सिंह ने पूजन अर्चन के साथ किया। डेंटल कैंप में सैकड़ो मरीजों को निशुल्क रूप से देखा गया और उनको दवाइयां भी वितरित की गई दातों संबंधित रोगों का इलाज कैंप के माध्यम से डॉक्टर प्रशांत मेहरोत्रा ने देखकर निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई ।इस अवसर पर प्रोजेक्ट हेड ललित जैन, एच0आर0 संत कुमार शुक्ला, यूनिट हेड सुनील कुमार यादव सहित मिल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नवरात्र पर शहर को बड़ी सौगात

## संकटा देवी-लालपुर मार्ग का हुआ शिलान्यास

लखीमपुर खीरी। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस व नव संवत्सर के अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार की पहल पर शहर को विकास की बड़ी सौगात मिली। संकटा देवी से लालपुर तक मुख्य सड़क मार्ग के फोरलेन निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सदर योगेश वर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता तरुणेन्द्र त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि यह परियोजना प्रदेश सरकार के नेतृत्व में जनपद में तेजी से हो रहे विकास कार्यों का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाएगी, बल्कि व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगी। बताया कि लंबे समय से जाम और संकरी सड़कों से परेशान लोग अब जल्द राहत महसूस करेंगे। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि निर्माण



कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाएगा, जिससे आमजन को जल्द बेहतर सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। फोरलेन निर्माण के साथ ही रेलवे क्रॉसिंग पर रोड ओवर ब्रिज की स्वीकृति भी मिली है। इससे रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और आवागमन अधिक सुरक्षित व सुगम होगा। बताते चलें कि जिले के लखीमपुर फीडर मार्ग का 3.65 किमी हिस्सा अब 4 लेन में चौड़ा किया जाएगा। यह मार्ग संकटा देवी चौराहा से शुरू होकर पीलीभीतझबस्ती राष्ट्रीय मार्ग (एन एच-730) तक जाता है और शहर के व्यस्ततम मार्गों में शामिल है। चौड़ीकरण से मंदिर क्षेत्र और आसपास के मोहल्लों में जाम कम होगा, वहीं सैधरी बाईपास, रोडवेज बस स्टैंड और पं० दीनदयाल इंटर कॉलेज के पास यातायात और सुरक्षित होगा। सरकार ने इसके लिए 3,161.84 लाख रुपये मंजूर किए हैं। काम का शुभारंभ आज हुआ और इसे 15 मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने इसे क्षेत्रीय विकास और जीवन की सुविधा की दिशा में ऐतिहासिक पहल बताया और जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# कृषक समाज के एनएसएस शिविर का हुआ समापन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मधुबन समिति के उप मंत्री विनोद चंद्र मिश्रा की मौजूदगी में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

समापन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रिया पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जबकि इरम ने मतदाता जागरूकता अभियान पर ओजस्वी भाषण प्रस्तुत किया। रिया वर्मा, साक्षी गुप्ता और वंशिका वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण पर समूह गीत प्रस्तुत किया, वहीं अंशिका सोनी ने एनएसएस का लक्ष्य गीत गाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि विनोद चंद्र मिश्रा ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया और कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते ही हर युवा एक जिम्मेदार नागरिक बन जाता है, इसलिए सभी को अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, सत्यवती गौतम और मनीषा भारती सहित अन्य शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश यादव ने किया, जबकि प्रधान प्रतिनिधि संजय राज भी मौजूद रहे।

## पालिका अध्यक्ष ने सीसी रोड का किया निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषद द्वारा संकटा देवी मंदिर के पीछे से बैंड मार्केट रोड तक निर्मित सीसी रोड का गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव एवं वार्ड सभासद कुमदेश शंकर शुक्ला द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे पाए गए तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जेई (सिविल) को निर्देशित किया कि सड़क का पुनः उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराया जाए। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रीमती ईरा ने बताया कि जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। पालिका लखीमपुर द्वारा कराए जा रहे हैं निर्माण कार्यों की यह जांच निरंतर करती रहेंगी। इस मौके पर नगर पालिका परिषद लखीमपुर का काम देख रहे उपेंद्र कुमार को ईरा श्रीवास्तव ने कड़ी फटकार लगाई।

## श्रीशतचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली कलश यात्रा



तिकुनिया खीरी। कस्बे के सुथना देवी मंदिर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीशतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसको लेकर कस्बे में गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सबसे अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर के महंत बाबा बृजेश गिरी सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। कलश यात्रा देवी मंदिर से निकलकर टायर चौराहा होते हुए तिकुनिया मुख्य मार्ग से पुरानी कोतवाली होते हुए निकाली गई। इसके बाद देवी मंदिर पर कलश यात्रा का समापन 11 बजे किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु देवी माता के जयकारे लगा रहे थे। यात्रा में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल तथा दुर्गा वाहिनी की महिलाओं ने भी भाग लिया। इस अवसर पर कथावाचक पंडित विभु तिवारी, डीपी गोयल, रोहतासमल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, परसराम महावर, अजय गर्ग, मनीष गोयल, वीरेंद्र गुप्ता, अनिल सिंह, प्रदीप गर्ग, प्रदीप शर्मा, मनीष गोयल, अरुण अग्रवाल, सतीश राना, ओम राना सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पावर ऑफ अटॉर्नी के सहारे जमीन की बिक्री, परिवार पर केस दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मैलानी थाना क्षेत्र के कन्धईपुर मजरा सुआबोझ गांव की कृषि भूमि को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मामले में मेरठ निवासी महिला ने अपने ही परिजनों पर जमीन हड़पने, फर्जी रजिस्ट्री कराने, अवैध प्लाटिंग और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम कन्धईपुर मजरा सुआबोझ थाना मैलानी निवासी पीडिता ईना वालिया उर्फ ईना पाल, पत्नी तरुण वालिया, ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वर्ष 1991 में उसके नाम करीब 7 एकड़ 55 डिसमिल कृषि भूमि दर्ज हुई थी। विवाह के बाद वह मेरठ में रहने लगी, जिस कारण भूमि की देखरेख के लिए उसने अपनी भाभी बीना पाल पत्नी अमन पाल को पावर ऑफ अटॉर्नी दी थी। आरोप है कि बाद में भाई अमन पाल पुत्र स्व. कपिल देव के नाम भी पावर ऑफ अटॉर्नी करा ली गई। इसी दौरान परिजनों ने मिलीभगत कर जमीन को अवैध रूप से बेचना शुरू कर दिया। बताया गया कि बीना पाल और अमन पाल ने अपनी मां तृप्ता कान्ता साहनी पत्नी गोवर्धन नाथ साहनी के नाम करीब 2 एकड़ 55 डिसमिल भूमि मात्र 6.20 लाख रुपये में रजिस्ट्री कर दी। वादिनी के अनुसार, इसके बाद भी आरोपियों ने करीब 4 एकड़ 50 डिसमिल भूमि अपने पुत्र विक्रम आदित्य पाल के नाम लगभग 12 लाख रुपये में रजिस्ट्री करा दी, जबकि उसे इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई और न ही कोई धनराशि दी गई। महिला ने आरोप लगाया कि उसकी जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर कई टुकड़ों में बेच दिया गया और खेत की उपजाऊ मिट्टी का गहराई तक खनन करा दिया गया, जिससे भूमि गड्ढों में तब्दील हो गई। कुछ प्लाटों पर निर्माण भी कर लिया गया है। आरोप है कि विरोध करने पर बीना पाल, अमन पाल व अन्य लोगों ने उसके साथ अभद्रता की, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। उसने थाना मैलानी और पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# अचल अध्यक्ष व सुधीर बने मंत्री

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल। अखिल भारत हिंदू महासभा की गोला नगर कार्यकारिणी का गठन खुटार रोड स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और संगठन पदाधिकारियों की मौजूदगी में नई टीम की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि एवं विनोद गुप्ता मौजूद रहे। आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नई कार्यकारिणी में अचल श्रीवास्तव को नगर अध्यक्ष बनाया गया, जबकि अवधेश जायसवाल को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद पर ओंकार सिंह, मुकेश वर्मा, अंकुर वर्मा, मनोज गुप्ता, राजेश, पंकज तिवारी और सुभाष मिश्रा को नियुक्त किया गया। महामंत्री पद पर सुधीर कोहली, संगठन मंत्री के रूप में रवि सक्सेना, कार्यालय मंत्री रामस्वरूप यादव तथा मंत्री पद पर संजय वर्मा, दीपक मिश्रा, संजय शर्मा, मनोज मिश्रा, आदेश ठाकुर, अंकित



मिश्रा, सनी गुप्ता, महेश वाल्मीकि और अनुज श्रीवास्तव को दायित्व सौंपा गया। कोषाध्यक्ष मनीष सूरी, प्रचार मंत्री वेद प्रकाश गौतम, प्रभारी योगेंद्र सिंह, संयोजक उमेश जायसवाल और विधि परामर्शदाता एडवोकेट नवीन श्रीवास्तव बनाए गए। इस दौरान विधायक ने कहा कि संगठन की मजबूती से ही समाज और राष्ट्र को सही दिशा मिलती है। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए पदाधिकारियों से समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन रवि सक्सेना ने किया। इस दौरान होली मिलन समारोह भी आयोजित हुआ, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए और अतिथियों ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, जिला संगठन मंत्री सुधीर वर्मा, सदर विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत पांडे, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शिखा वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एनएसएस शिविर के दूसरे दिन योग स्वच्छता और बौद्धिक सत्रों पर जोर




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। केन ग्रोअर्स नेहरू पीजी कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों को जागरूक किया गया। शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने योग क्रिया के साथ की। इसके बाद एनएसएस इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव गोला देहात में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया और ग्रामीणों को साफ-सफाई के प्रति प्रेरित किया गया। तत्पश्चात प्रार्थना और लक्ष्यगीत के साथ प्रथम बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ। बौद्धिक सत्र में डॉ. मनोज कुमार सरोज ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, कार्यों और भूमिकाओं की जानकारी दी। वहीं डॉ. नवनीत कुमार ने मोटिवेशनल व्याख्यान के माध्यम से स्वयंसेवकों को लक्ष्य निर्धारित करने और नियमित रूप से डायरी लेखन की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. राकेश कुमार अग्रहरि ने कहानी के माध्यम से रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान महाविद्यालय के पूर्व छात्र रीतेश ने भी अपने अनुभव साझा किए। भोजनावकाश के बाद आयोजित दूसरे सत्र में जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र एवं राजनीति विज्ञान के विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार सिंह ने वर्तमान वैश्विक और राष्ट्रीय चुनौतियों पर व्याख्यान देते हुए युवाओं को समय के साथ अनुकूलन और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रश्नोत्तरी सत्र में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में लक्ष्यगीत और राष्ट्रगान के साथ दिनभर के कार्यक्रम का समापन हुआ। रात्रि में स्वयंसेवक निर्धारित स्थानों पर विश्राम के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई प्रथम के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आदर्श पटेल एवं इकाई द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित कुमार यादव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजकीय स्थायी हेलीपैड निर्माण के लिए धन राशि स्वीकृत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में हवाई यात्रा के दौरान सुरक्षित लैंडिंग के लिए सरकार स्थाई हेलीपैड बनाने की स्वीकृत मिलते ही लोग खुशी से झूम उठे उन्होंने विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की है। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया लंबे समय से देश और प्रदेश के वी वी आई पी जनप्रतिनिधियों के लिए भ्रमण के दौरान अस्थाई हेलीपैड बनाने के लिए भारी भरकम बजट का खर्चा होता था जिसे बाद में समाप्त कर दिया जाता था ऐसे में मुख्यमंत्री के समक्ष संबंधित विषय पर चर्चा के दौरान शीघ्र स्वीकृत मिलने का आश्वासन मिला था जिसकी स्वीकृत मिलते ही क्षेत्र में विकास को लेकर नया अध्याय जुड़ गया है। जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक मोहम्मदी में 82 लाख और पसगवां ब्लॉक में 75 लाख रुपए की लागत से राजकीय हेलीकॉप्टर के लिए स्थाई हेलीपैड बनने का रास्ता साफ हो गया है।

# गैस किल्लत से बदली रसोई की तस्वीर, शहर-गांव दोनों बेहाल

**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** वीओएल। गैस सिलेंडरों की लगातार बनी किल्लत ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों की रसोई व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।

समय पर गैस उपलब्ध न होने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और लोग अब वैकल्पिक साधनों की ओर रुख करने को मजबूर हैं। शहरों में जहां उपभोक्ताओं को गैस के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और भी खराब बने हुए हैं। गांवों में सिलेंडर की आपूर्ति अनियमित होने के चलते कई परिवारों को फिर से पारंपरिक चूल्हों और लकड़ी का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे न केवल समय की बबार्दी हो रही है, बल्कि महिलाओं को धुएं से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। गैस संकट का सीधा असर स्थानीय बाजारों पर भी देखने को मिल रहा है। कस्बे में हीटर और इंडेक्शन चूल्हों की मांग अचानक कई गुना बढ़ गई है। स्थिति यह है कि डीलरों के साथ-साथ डिस्ट्रीब्यूटर स्तर पर भी इन उपकरणों का स्टॉक खत्म हो चुका है। कई दुकानों पर उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

व्यापारियों के मुताबिक, अचानक बढ़ी मांग के कारण सप्लाई चेन प्रभावित हो गई है। कंपनियों से पर्याप्त मात्रा में माल नहीं मिल पा रहा, जिससे बाजार में असंतुलन की स्थिति पैदा हो गई है। कुछ स्थानों पर सीमित उपलब्धता के कारण कीमतों में भी बढ़ोतरी की चर्चा है। उधर, गैस की मारामारी जस की तस बनी हुई है। बुकिंग के बाद भी उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। लोग एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन समाधान नहीं मिल रहा। गोला गैस एजेंसी के मालिक अतुल अग्रवाल के अनुसार, उनके यहां वर्तमान में 14 और 15 मार्च की बुकिंग वाले गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। शहर और गांव दोनों जगह उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से गैस आपूर्ति व्यवस्था को जल्द सुचारु कराने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

## अलीगंज में गैस की कालाबाजारी के आरोप, ईद से पहले उपभोक्ता बेहाल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अलीगंज क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत ने गंभीर रूप ले लिया है। ईद से ठीक पहले गैस सिलेंडर न मिलने से उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एक ओर जहां गैस की सप्लाई बाधित बताई जा रही है, वहीं दूसरी ओर कालाबाजारी के आरोपों ने स्थिति को और चिंताजनक बना दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र के अधिकांश घरों में गैस सिलेंडर खत्म हो चुके हैं और समय पर आपूर्ति नहीं होने से करीब 70 प्रतिशत परिवार लकड़ी व अन्य वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेने को मजबूर हैं। इससे न केवल दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि त्योहार की तैयारियों पर भी असर पड़ रहा है। अलीगंज निवासी इरशाद ने गैस न मिलने से परेशान होकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि कई बार बुकिंग और प्रयास के बावजूद सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो सका। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में गैस की कालाबाजारी हो रही है। बताया जा रहा है कि जहां गैस सामान्यतः करीब 70 रुपये प्रति किलो के हिसाब से मिलनी चाहिए, वहीं कुछ स्थानों पर इसे 150 रुपये प्रति किलो तक बेचा जा रहा है। साथ ही कई लोगों ने ऑनलाइन बुकिंग न होने और एजेंसी स्तर पर पारदर्शिता की कमी की भी शिकायत की है।

## ईद पर साफ-सफाई व बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो: डीएम

सीतापुर। आगामी ईद के त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी राजागणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक ने तरीनपुर स्थित ईदगाह तरीनपुर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईदगाह परिसर व आसपास साफ-सफाई की स्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ईदगाह के भीतर और आसपास स्वच्छता बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और त्योहार के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

## सुशीला यादव 173 मतों से विजयी, धांधली के आरोप

हरगांव/सीतापुर। विकास खंड हरगांव की ग्राम पंचायत गुरधपा में गुरुवार को सरकारी राशन दुकान चयन के लिए खुली बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जूली वर्मा ने की, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में सुशीला यादव और आकाश वर्मा के आवेदन प्राप्त हुए। हाथ उठाकर हुए मतदान में सुशीला यादव को 214 मत मिले, जबकि आकाश वर्मा को 41 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार सुशीला यादव 173 मतों के अंतर से विजयी घोषित की गईं। ग्राम पंचायत सचिव धर्मेंद्र कनौजिया ने पूरी प्रक्रिया को प्रस्ताव रजिस्टर में दर्ज किया। वहीं, पराजित प्रत्याशी आकाश वर्मा ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए पुलिस व पंचायत सचिव की भूमिका पर सवाल उठाए। इस संबंध में एडीओ पंचायत जय प्रकाश वर्मा ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह नियमानुसार संपन्न हुई है और आरोपों की जानकारी नहीं है। बैठक के दौरान एडीओ आईएसबी शैलेश गुप्ता व थाना प्रभारी बलवंत शाही पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# आस्था में डूबा सीतापुर, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



सीतापुर। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन जनपद पूरी तरह भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक स्थित देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घर-घर में कलश स्थापना कर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू की और सुख-समृद्धि की कामना की। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल नैमिषारण्य में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां स्थित मां ललिता देवी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर ह्यह्यजय माता दीह्यह्य के जयकारों से गूंज उठा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। श्रद्धालुओं ने नारियल, फूल-माला और प्रसाद अर्पित कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। कई भक्त परिवार सहित पहुंचे, वहीं साधु-संत भी साधना और पूजा में लीन दिखाई दिए। सुबह से ही लंबी कतारों में खड़े श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते रहे। आरती के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट खुले, दर्शन का क्रम तेज हो गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रवेश और निकास मार्गों पर बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारू बनाया गया है। महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। इसके साथ ही साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं। पहले दिन उमड़ी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने आने वाले दिनों में और अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई है। पूरे जनपद में नवरात्र का उत्साह चरम पर है और हर ओर देवी भक्ति की गूंज सुनाई दे रही है।

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाएं सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम

सीतापुर। चैत्र नवरात्र के दृष्टिगत जिलाधिकारी राजागणपति आर. व पुलिस अधीक्षक ने नैमिषारण्य स्थित ललिता देवी मंदिर एवं चक्रतीर्थ पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने मंदिर परिसर में सीसीटीवी, भीड़ प्रबंधन व अन्य सुविधाओं की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सकरन इलाके में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन क्षेत्र में आस्था का माहौल देखने को मिला। भक्तों ने माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर व्रत रखा। शीतला माता मंदिर, भुइयां माता मंदिर, दुगाना के चंद्रलोक देवपुरी मंदिर व सिरकिंडा के कात्यायनी माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही।

# वर्ष प्रतिपदा उत्सव में गूंजा संदेश

## देशहित के लिए हिंदू समाज का एकजुट होना जरूरी




सीतापुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से गुरुवार को विजयलक्ष्मी नगर पार्क में वर्ष प्रतिपदा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वयंसेवकों द्वारा केशव बलिराम हेडगेवार एवं भगवा ध्वज को प्रणाम कर की गई। इसके बाद अमृत वचन और एकल गीत प्रस्तुत किए गए। मुख्य वक्ता विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राजकुमार ने वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सृष्टि के आरंभ का पर्व है, जिसे देशभर में अलग-अलग नामोंकृगुड़ी पड़वा और युगादिकृसे मनाया जाता है, लेकिन इसकी मूल भावना एक ही है। उन्होंने बताया कि युधिष्ठिर द्वारा धर्म स्थापना के बाद संवत की शुरूआत और विक्रमादित्य द्वारा विक्रमी संवत का आरंभ भारतीय परंपरा की गौरवशाली विरासत को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि वासंतिक नवरात्र शक्ति उपासना का पर्व है, जो राम जन्मोत्सव तक चलता है। इसी दिन स्वामी दयानंद सरस्वती और संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार का जन्म भी हुआ था, जिससे यह दिन और भी विशेष बन जाता है। राजकुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में देशहित के लिए पूरे हिंदू समाज का एकजुट होना अत्यंत आवश्यक है। जब समाज एकमत होकर राष्ट्र निर्माण में जुटेगा, तभी संघ के संस्थापक का सपना साकार होगा। कार्यक्रम में विभाग संघचालक डॉ. हरिपाल, जिला संघचालक उमाकांत, नगर संघचालक विनय सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## लालबाग शहीद पार्क में जनजागृति कार्यक्रम आयोजित

सीतापुर। आजाद हिन्द भगत संगठन द्वारा भारतीय नववर्ष के पावन अवसर पर लालबाग स्थित शहीद पार्क में एक विशेष जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के संस्थापक अभिमन्यु हिन्दू की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर ह्यजन जागृत हिन्दू यात्राह्ण निकाली गई, जिसका उद्देश्य समाज में सांस्कृतिक चेतना का प्रसार करना और युवाओं को भारतीय इतिहास व परंपराओं से जोड़ना रहा। यात्रा में शामिल युवाओं ने भगवा ध्वज और देशभक्ति नारों के साथ पूरे वातावरण को राष्ट्रभाव से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिमन्यु हिन्दू ने कहा कि भारतीय नववर्ष केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और आत्मगौरव का प्रतीक है। उन्होंने सभी से सामाजिक समरसता और एकजुटता के साथ इस पर्व को मनाने का आह्वान किया।

## संयुक्त खेत का शीशम पेड़ काटने का आरोप

महोली/सीतापुर। पिसावां क्षेत्र के ग्राम देवगवां में संयुक्त खेत में लगे शीशम के पेड़ को लेकर विवाद सामने आया है। गांव निवासी शिवकुमार ने आरोप लगाया कि उनके हिस्से का हरा-भरा पेड़ गुरुवार दोपहर दबंगों ने जबरन काट लिया। पीड़ित के अनुसार, सत्यप्रकाश, वेदप्रकाश उर्फ श्रीकांत, जगत पाल, राहुल, करुण, सर्वेश व शुभम सहित अन्य लोगों ने पेड़ काटकर अपने कब्जे में ले लिया और उनके हिस्से को समाप्त करने की कोशिश की। विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। शिवकुमार ने थाना पिसावां में शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और लकड़ी को सुपुर्दगी में रखवा दिया गया है।

## डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत

महोली/सीतापुर। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर कारीपाकर गांव के पास बुधवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। प्रेमनगर मोहल्ला निवासी शिवम सक्सेना पुत्र शिवबालक सक्सेना की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल शिवम को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि शिवम मजदूरी का काम करता था। वह घर से यह कहकर निकला था ।

संक्षेप

## पडोसियों ने युवक और उसके दामाद को पीटा

ललितपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत गोविंद नगर कॉलोनी में आपसी विवाद के चलते दबंगों द्वारा एक व्यक्ति और उसके दामाद के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोविंद नगर कॉलोनी निवासी फरीद खां पुत्र बाबू खां ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि मंगलवार, 17 मार्च की रात करीब 10 बजे उनके पड़ोस में रहने वाले वन्टी, मोगली उर्फ सलमान और सानू ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

आरोप है कि इन लोगों ने फरीद खां को क्रिकेट के बल्ले से बुरी तरह पीटा और बीच-बचाव करने आए उनके दामाद के साथ भी मारपीट की। पीड़ित का कहना है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

# मां की भक्ति में डूबा कुशीनगर

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** शक्ति की आराधना का पावन पर्व चैत नवरात्रि शुरू होते ही पूरे जनपद में भक्ति की अलौकिक छटा बिखर गई।

गुरुवार को नवरात्रि के पहले दिन दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि हर ओर सिर्फ आस्था, श्रद्धा और भक्ति की ही झलक दिखाई दी। सुबह की पहली किरण के

**● मां के चरणों में झुका जनसैलाब, हर ओर गूंजे जय माता दी' के जयकारे**

साथ ही मंदिरों के कपाट खुलते ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं।जय माता दी के गगनभेदी जयकारों, घंटियों की अनुगूंज और शंखध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

बेशक!

मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु पूरे विधि-विधान के साथ जनपद के खन्वार, मैनपुर कोट, कुलकुला माई स्थान और खिरकिया मंदिर सहित अन्य दुर्गा मंदिर मंदिर पहुंचे जहा तड़के भोर से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं और घंटों इंतजार कर मां के दर्शन करते नजर आए।महिलाओं ने सिर पर चुनरी ओढ़े, हाथों में पूजा की थाली सजाए माता के दरबार में हाजिरी लगाई, तो वहीं युवाओं और बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।श्रद्धालुओं ने अपने घरो में कलश स्थापना कर नौ दिनों तक व्रत और साधना का संकल्प लिया।

### भव्य सजावट से जगमगाये मंदिर

जिलेभर के दुर्गा मंदिरों को आकर्षक फूल-मालाओं, रंगीन झालरों और जगमगाती रोशनी से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर दिव्यता से सराबोर नजर आया। पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना और दुर्गा सप्तशती के पाठ शुरू हुए, जिससे माहौल और भी आध्यात्मिक हो गया।नवरात्रि के पहले दिन कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां से सुख-समृद्धि, शांति और परिवार की खुशहाली की कामना की। बाजारों में भी नवरात्रि की रौनक चरम पर रही–पूजा सामग्री, फल, नारियल और माता की चुनरी की दुकानों पर दिनभर भीड़ उमड़ी रही।

### प्रशासन रहा मुस्तैद

प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### हर ओर गूंजे जयकारे

जय माता दीह्व के जयघोष से पूरा जनपद भक्तिमय हो उठा। ऐसा लगा मानो हर गली और हर घर में मां दुर्गा का वास हो गया हो। भक्ति का यह सिलसिला नवरात्रि के पहले दिन की भव्य शुरूआत के साथ आने वाले नौ दिनों के लिए भक्ति और श्रद्धा का माहौल और भी प्रगाढ़ कर दिया है।

## युवक पर हमला, दी जान से मारने की धमकी

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें बाइक सवार युवकों ने उसे रोककर डंडों से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम जिरौन निवासी लोकेश उर्फ गुडडू पुरोहित पुत्र रामनिवास पुरोहित ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 18 मार्च 2026 को शाम करीब 6 बजे वह अपना काम निपटाकर वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान ककरुवा के पास बाइक सवार कुछ युवकों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। पीड़ित के अनुसार, आगे बढ? पर केपीएस कॉलेज के पास आरोपियों ने बाइक आगे लगाकर उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर एक युवक ने उनके सिर पर डंडे से वार कर दिया, जिसके बाद सभी ने मिलकर लात-घूंसों से मारपीट की। इस हमले में पीड़ित के सिर, हाथ और चेहरे पर चोटें आई हैं।

पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## चैत्र नवरात्र पर देवी जागरण का हुआ आयोजन , भक्तों की उमड़ी भीड़

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम बलूआअफगान के महुलन भवानी के स्थान पर हुआ देवी जागरण का हुआ आयोजन ।जिसमे.भक्तों की उमडी भारी भीड ।देवी जागरण क आयोजन पूर्व ग्राम प्रधान जयप्रकाश यादव द्वारा किया गया ।जिसमें श्रध्दालुओं ने मन्दिर में जाकर माँ शैलपुत्री का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चन किया गया ।साथ ही नारियल चुनरी व पुष्प भी अर्पित कर सुख समृध्दि की कामना भक्तों ने निष्ठा व आस्था के साथ किया ।मन्दिर को आयोजक मण्डल द्वारा बडे ही सुन्दर ढंग से सजाया गया था ।साफ सफाई की व्यवस्था के साथ मन्दिर में जाने व आने का मार्ग भी सुनिश्चित किया गया था ।देवी जागरण कार्यक्रम में विरहा गायक दीपक यादव और गायिका मीनाक्षी राज के बीच जोरदार मुकाबला हुआ ।देवी माँ के गीत से श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये ।कामेडियन सुनील यादव की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को हंसने के लिए मजबूर कर दिया ।

इस अवसर पर मुख्य रुप से भुमि विकास बैंक के सभापति सुमेश्वरनाथ तिवारी बबुआ जी जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह कैप्टन रत्नाकर मिश्र डाँ टी बी सिंह सचिन यादव पन्नेलाल यादव छोटेलाल यादव जगमोहन गुप्ता मनोज यादव मलख गोंड तारकेश्वर नाथ तिवारी डाँ ए के गुप्ता नागेन्द्र यादव सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे ।

## नए वित्तीय वर्ष के लिए टैक्सी स्टैंड की 53.19 रु. लाख में हुई नीलामी

**कसया, कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2026- 27 के लिए टैक्सी स्टैंड, चिल्ड्रेन पार्क और बुद्धा पार्क की नीलामी 61 लाख 10 हजार रुपए में हुई ।गुरुवार को नपाप अध्यक्ष किरन जायसवाल की अध्यक्षता और अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला की उपस्थिति में टैक्सी स्टैंड, चिल्ड्रेन पार्क और बुद्धा पार्क की नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई। टैक्सी स्टैंड की नीलामी 53 लाख 19 हजार रुपए में संपन्न हुई जबकि पिछले वर्ष 47 लाख 35 हजार थी। चिल्ड्रेन पार्क की नीलामी पिछले वर्ष की अपेक्षा 35 हजार अधिक कुल 3 लाख 38 हजार और बुद्धा पार्क की नीलामी 4 लाख 38 हजार रुपए में हुई जबकि बुद्ध पार्क की नीलामी पिछले वर्ष 3 लाख 65 हजार में हुई थी। इस वर्ष बोली 73 हजार अधिक की लगी। इस दौरान नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, सभासद राजेश मद्धेशिया, अमेरिकन खरवार, केशव सिंह, प्रभुनाथ सिंह, विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह, विनय प्रताप सिंह, अमरनाथ जस, साबिर अली, नपा के प्रधान लिपिक राजेश श्रीवास्तव, श्रवण तिवारी, उग्रसेन कुमार, मुस्तफा, हरेंद्र यादव, समर मद्धेशिया, विजय कुमार यादव आदि सहित ठिकेदार मौजूद रहे।

## एसपी ने कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण, चौकीदार नाथूराम सम्मानित



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने गुरुवार को कोतवाली सदर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लेते हुए कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत गार्द द्वारा सलामी देने से हुई, जिसके बाद एसपी ने गार्द का निरीक्षण कर पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को परखा। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, बैरक सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना के विभिन्न महत्वपूर्ण रजिस्टरोंकृएनसीआर, टॉप-10, महिला उत्पीड?, भूमाफिया, त्यौहार रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की जांच की गई, जो अद्यतन एवं संतोषजनक पाए गए। एसपी ने हिस्ट्रीशीटरों की नियमित चेकिंग, अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई तथा गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। ई-मालखाना और शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए शस्त्रों की नियमित सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं साइबर हेल्प डेस्क पर धोखाधड़ी से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई, बैंक खातों को डेबिट फ्रीज कराने और पीड़ितों की धनराशि वापस दिलाने के लिए समन्वय बढ़ाने को कहा गया।

# चैत्र नवरात्रि व हिन्दू नववर्ष पर निकला भव्य जुलूस, पुष्प वर्षा से हुआ भव्य स्वागत

जिला संवाददाता



**देवरिया।** चैत्र नवरात्रि एवं भारतीय हिन्दू नववर्ष के पावन अवसर पर जनपद में आस्था, उत्साह और सांस्कृतिक एकता का भव्य नजारा देखने को मिला। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के तत्वावधान में हजारों स्वयंसेवकों द्वारा शहर में एक विशाल एवं अनुशासित जुलूस निकाला गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

जुलूस में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सुसज्जित होकर शामिल हुए। हाथों में ध्वज लिए और पारंपरिक बाजे-गाजे की धुन पर कदमताल करते हुए स्वयंसेवक शहर के प्रमुख मार्गों– सिविल लाइंस, स्टेशन रोड, मालवीय रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरे। पूरे जुलूस के दौरान अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी, जिसे देखने के लिए सड़कों के किनारे बड़ी संख्या में लोग एकत्रित रहे ।जुलूस के स्वागत के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर भव्य व्यवस्थाएं की गई थीं।

स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर जलपान की भी व्यवस्था रही। लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष एवं नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए पर्व की गरिमा को और बढ़ाया।

इस भव्य आयोजन को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की भूमिका बेहद अहम रही। सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालते हुए सीओ सदर संजय रेड्डी स्वयं पूरे समय क्षेत्र में सक्रिय रहे और लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। उनके निर्देशन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

वहीं, शहर कोतवाल राकेश राय के नेतृत्व में देवरिया सदर कोतवाली पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। संवेदनशील स्थानों एवं प्रमुख चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस टीम द्वारा जुलूस के मार्गों पर लगातार निगरानी रखी गई, जिससे कहीं भी अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी गई।

सीओ सदर संजय रेड्डी ने बताया कि पर्व के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे और पुलिस बल को पूरी तरह अलर्ट रखा गया था, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। वहीं शहर कोतवाल राकेश राय ने कहा कि आमजन के सहयोग और पुलिस की सतर्कता से जुलूस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने देवरिया की सांस्कृतिक विरासत को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

## यातायात पुलिस द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान,128 का चालान 2 वाहन सीज



**देवरिया ।** यातायात पुलिस द्वारा दुर्घनाओं की रोकथाम हेतु चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की गयी व नियमों का पालन न करने वालों का एमवी एक्ट में चालान किया गया ।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर बस स्टैंड, सुभाष चौक एवं गोरखपुर ओवर ब्रिज पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस, आटो एवं ई रिक्शा वाहनों, बस स्टैंड पर अभियान चलाकर बिना ड्राईविंग लाइसेंस/फिटनेस, नो हेलमेट एवं तीन सवारी बाइक से चलने वालों के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। साथ ही कोतवाली क्षेत्र के ई रिक्शा वाहनों की चेकिंग कर सही कागजात होने पर नंबरिंग किया गया एवं रुद्रपुर मोड़, गोरखपुर ओवर ब्रिज, बाला जी मंदिर पर चेकिंग कर देहात क्षेत्र के ई-रिक्शा वाहनों का डायवर्जन किया गया ।इस प्रकार अभियान के दौरान यातायात पुलिस देवरिया द्वारा कुल 128 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों को सीज किया गया। इस प्रकार की कार्रवाई सेयातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है, दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है, और वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

## कृतियां व्यक्ति को सदैव जीवंत रखती हैं : शलभ मणि त्रिपाठी




**देवरिया ।** आज नागरी प्रचारिणी सभा के तुलसी सभागार में नागरी प्रचारिणी सभा के पूर्व अध्यक्ष व एसोसिएट प्रोफेसर रहे सुधाकर मणि त्रिपाठी की पांचवी पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन सभा के अध्यक्ष जयनाथ मणि त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉक्टर शलभ मणि त्रिपाठी जी ने कहा कि व्यक्ति चला जाता है लेकिन उनकी कृतियाँ उनको सदैव जीवंत बनाये रखती हैं ।सुधाकर मणि जी ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि साहित्य व सामाजिक क्षेत्र में भी नागरी प्रचारिणी के माध्यम से देवरिया के लोगों को जागरूक करने व जोड़ने का कार्य किया । पूर्व विधायक सुबास लाल श्रीवास्तव ने कहा कि नागरी प्रचारिणी देवरिया को अपने कार्य ,विचार व योजना से न केवल राष्ट्रीय स्तर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का कार्य किया ।नागरी श्री,नागरी भूषण,नागरी रत्न व विश्व नागरी रत्न सम्मान से साहित्य जगत में हिंदी के विकास व विस्तार को लेकर सम्मानित करने की परंपरा सराहनीय रही ।अपने मजबूत इरादों व दृढ़इच्छाशक्ति के दमपर सदैव अपने सिद्धांतों पर चलते हुए जीवन बिताया ।श्रद्धांजलि सभा को डॉक्टर अनिल त्रिपाठी मंत्री नागरी प्रचारिणी,इंद्र कुमार दीक्षित,शकुंतला दीक्षित, दिवाकर प्रसाद तिवारी,परमेश्वर जोशी,बृजेश पांडेय,सरोज पांडेय,डॉ आशुतोष त्रिपाठी कौशल मिश्र,दिनेश शुक्ला, डॉक्टर सौरभ श्रीवास्तव, श्रीप्रकाश मिश्र छोटे,दिनेश तिवारी,राधेश्याम शुक्ला,अंजली अरोड़ा,महेंद्र त्रिपाठी,आदि ने संबोधित किया ।इस अवसर कमल नयन चतुवेर्दी, विष्णु गोयल,प्रेम अग्रवाल, डॉक्टर मधुसूदन मिश्र,संजय राव,अभय द्विवेदी अमित मोदनवाल संदीप द्विवेदी,रूपेश आदि उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन रजनीश गोर ने व धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक उनके पुत्र रंजन त्रिपाठी व श्वेतांक करण त्रिपाठी द्वय द्वारा किया गया ।

# गौरैया बचाने की जंग, रोटरी क्लब की पहल से गूंजेगा फिर आंगन

कुशीनगर। तेजी से लुप्त होती गौरैया की चहचहाहट को फिर से घर-आंगन तक लौटाने के संकल्प के साथ रोटरी क्लब कुशीनगर ने विश्व गौरैया दिवस की पूर्व संध्या पर एक सराहनीय और जागरूकता से भरपूर पहल की। कसया स्थित कलश गेस्ट हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, बल्कि समाज को एकजुट होकर प्रकृति बचाने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम के केंद्र में रही ह्लकृत्रिम घोंसला अभियानह्व, जिसके तहत रोटरी क्लब के सदस्यों ने नगर के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों के घर-घर पहुंचकर उन्हें कृत्रिम घोंसले भेंट किए और गौरैया संरक्षण की जिम्मेदारी साझा करने का आह्वान किया।

**घर-घर पहुंचा संरक्षण का संदेश**

इस अभियान के तहत नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल, अग्ग महापंडित भदंत महेंद्र थेरो, बुद्धा पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. विनोद मोहन मिश्रा एवं प्रख्यात कवि दिनेश तिवारी ह्यभोजपुरियाह्व सहित कई प्रतिष्ठित लोगों को घोंसले भेंट कर उन्हें इस मुहिम से जोड़ा गया।

**गौरैया बचाना, प्रकृति बचानाह्व का संदेश**

नगर पालिका अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल ने इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास पर्यावरण के प्रति जागरूकता को नई दिशा देते हैं ।सह संरक्षक वाहिद अली ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और कंक्रीट के जंगलों के कारण गौरैया का प्राकृतिक आवास खत्म हो रहा है, ऐसे में कृत्रिम घोंसले ही उनके लिए सुरक्षित आश्रय बन सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों में घोंसले लगाकर दाना-पानी की व्यवस्था जरूर करें।

**सामूहिक प्रयास ही समाधान**

क्लब अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि गौरैया की घटती संख्या एक गंभीर चेतावनी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है ।सचिव अजय सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब कुशीनगर आगे भी ऐसे अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करता रहेगा।

**चहचहाहट लौटाने का संकल्प**

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गौरैया संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें अपने घरों, छतों और आसपास के खुले स्थानों पर दाना-पानी रखने तथा घोंसले लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## कारागार में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर किया निरीक्षण




**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्रीमती शैलजा मिश्रा द्वारा जिला कारागार में विधिक जागरूकता एवं साक्षारता शिविर आयोजन कर जेल में निरूद्ध बन्दियों को विधिक जानकारियॉ दिया गया। उसके उपरांत निरूद्ध कैदियों के रिहाई हेतु जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान कारागार को मानक के अनुसार भोजन देने हेतु निर्देशित किया गया। न्यायाधीश द्वारा कारागार चिकित्सालय का भी निरीक्षण कर तथा उनसे व्यक्तिगत मिलकर उनकी समस्या के निदान हेतु कारागार अधीक्षक को विशेष दिशा-निर्देश दिया गया ।इस निरीक्षण में मुख्य रूप से जिला कारागार अधीक्षक आशीष रंजन, कारापाल राजकुमार वर्मा व एल0ए0डी0 सी0 एस0 तथा जेल वार्डन उपस्थित रहें।

## आज के भागम भाग जिंदगी मे गौरैया मानसिक अवसाद दूर करती हैँ अनुपम मौर्य पर्यावरण की प्रहरी का कार्य करती है



**देवरिया।** स्थानीय ब्लूमिंग रोज अकादमी के प्रांगण मे एक ड्राइंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन अर्चना फाउंडेशन द्वारा किया गया, ! सबसे पहले प्रधानाचार्य अंजली यादव ने पुष्प गुच्छा देकर मुख्य अतिथि अनुपम मौर्या डी अफ ओ का स्वागत किया !ट्रस्टी अध्यक्ष हिमांशु कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय ₹सेव द सपऐरोव, सेव द नेचर ₹ रखा गया, और इसका उद्देश्य बच्चों कों गौरैया के प्रति संरक्षण एवं प्रकृति को बचाने के प्रति भावना को विकसित करना है !कार्यक्रम का संचालन करतें हुए हिमांशु सिंह ने कहा कि गौरिया का घर मे आगमन खुशी का आने का संकेत ( धोतक ) है ! आज घर आँगन से उनकी चह चाहट दूर होती जा रही है जरूरत है उनको फिर से घर आँगन मे बुलाने की !अर्चना फाउंडेशन द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व गौरिया दिवस की पूर्व संध्या पर एक सप्ताह तक विशेष पखवारा गौरैया संरक्षण कार्यक्रम का प्रारम्भ कियागया जिसके अंतर्गत विभिन्न स्कूलों मे गौरया के संरक्षण हेतू कई कार्यक्रम किया जायेगा,स्कूलों मे पर्यवारण मित्र क्लब की स्थापना, गौरिया सम्बंधित चित्र प्रदर्शनी एवं जानकारी देना, एवं निःशुल्क घौरादे का वितरण करना, साथ मे अनुकूल वातावरण तैयार करने हेतू पौधे का वितरण करना है !मुख्य अतिथि अनुपम मौर्या ने अपने सम्बोधन मे कहा कि गौरैया हमारे घर आँगन के साथ साथ प्रकृति की संरक्षक भी है, नन्ही चिड़िया मानसिक अवसाद को दूर करती है साथ ही मनुष्य के साथ सामाजिक भावनात्मक सम्बन्ध बनाती है लेकिन आज प्रदूषण, तेज ध्वनि एवं मोबाइल तरंग के कारण हमसे दूर हो गई हैँ !इनके लिए घर आँगन एवं छतों पर थोड़ा सा दाना, थोड़ा सा पानी जरूर रखें ! पोस्टर प्रतियोगिता मे मानवी सिंह, रिया पाल, अदिति चौरसिया, मानसी मधेसिया, अनुष्का सिंह को स्मृति चिन्ह एवं गौरैया घोशला देकर पुरुस्कृत किया गया !इस अवसर पर विजय पटेल, अश्वनी कन्नौजिआ वन दरोगा, सुभाष चंद यादव वन दरोगा, अजय विश्वकर्मा, उज्जवल विश्वकर्मा, अलोक कुशवाहा, गीतांजलि सिंह, पूर्णिमा सिंह आदि लोग उपस्थित थे !

# खबर से बौखला, दबंगों ने पत्रकार को घेर जिंदा जलाने और गोली मारने की दी धमकी

**कुशीनगर।** जिले में सच उजागर करना एक पत्रकार को भारी पड़ गया। खबरों से बौखलाए दबंगों ने सरेराह एक पत्रकार को घेरकर न सिर्फ जातिसूचक गालियां दीं, बल्कि पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने और गोली मारने की खौफनाक धमकी भी दे डाली। इस सनसनीखेज घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने प्रधान

**● प्रधान पति समेत 4 पर मुकदमा दर्ज, दहशतगर्द पत्रकार ने आरोपियो की गिरफ्तारी व सुरक्षा की मांग की**

पति समेत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।जनपद के कसया थाना क्षेत्र के ग्राम शामपुर हतवा निवासी बैलिस्टर तिवारी एक दैनिक अखबार के पत्रकार हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 मार्च 2026 की शाम करीब 7:30 बजे जब वह बाड़ीपुल बाजार से घर लौट रहे थे, तभी पहले से घात लगाए बैठे दबंगों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया ।आरोप है कि संतोष सिंह (प्रधान पति), वीरेंद्र सिंह, हरेश सिंह और नीरज सिंह समेत अन्य लोगों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए खुलेआम धमकी देते हुए कहा कि ह्लपत्रकारिता भूल जाओ, नहीं तो पेट्रोल डालकर जला देंगे और गोली मार देंगे ।ह्व आरोपियों ने लाइसेंसी हथियार दिखाकर दहशत फैलाने की भी कोशिश की।

### जनहित की खबर बनी जान का दुश्मन

पीड़ित के अनुसार, यह हमला अचानक नहीं था, बल्कि इसके पीछे पुरानी रंजिश है। दरअसल, 4 सितंबर 2025 को प्रधान पति संतोष सिंह के पिता फूलबदन सिंह से जुड़ी एक गंभीर खबर फोटो सहित प्रकाशित की गई थी, जो एक महिला के पति की शिकायत पर आधारित थी। खबर शासन-प्रशासन के संज्ञान मे लाने के उद्देश्य से प्रकाशित की गई थी, जिसे जिले के कई मीडिया संस्थानों ने भी प्रमुखता से उठाया। यही नहीं, गांव में फैली गंदगी, बजबजाती नालियों और सफाई व्यवस्था की पोल खोलते हुए पत्रकार ने 23 फरवरी और 4 मार्च 2026 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्व पर भी पोस्ट किया था। इन खुलासों से तिलमिलाए आरोपियों ने बदले की भावना से इस घटना को अंजाम दिया।

### दहशत में परिवार, सुरक्षा की गुहार

पीड़ित पत्रकार का कहना है कि घटना के वक्त मौके पर राहगीर और परिवार का एक सदस्य भी मौजूद था, जिसने पूरे घटनाक्रम को देखा। वारदात के बाद से पत्रकार और उनका परिवार दहशत में है और खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। कसया थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 351(3) और 352 के तहत मुकदमा संख्या 159 / 11 मार्च 2026) दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह को सौंपी गई है ।पीड़ित पत्रकार ने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, कड़ी कार्रवाई और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## लीकेज खत्म होते ही केवड़ा-नूरीगंज मार्ग पर आरसीसी निर्माण कार्य शुरू

**भटनी (देवरिया) ।** आदर्श नगर पंचायत के अंतर्गत केवड़ा-नूरीगंज सड़क का बहुप्रतीक्षित आरसीसी निर्माण कार्य पाइपलाइन लीकेज की समस्या समाप्त होते ही पुनः गति पकड़ता नजर आ रहा है। लंबे समय से बाधित यह कार्य अब तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।

बताया जाता है कि नगर में बीते करीब 15 वर्षों से जलापूर्ति व्यवस्था और केवड़ा-नूरीगंज मार्ग दो प्रमुख समस्याओं के रूप में चर्चा में रहे हैं। विभिन्न नगर अध्यक्षों के कार्यकाल में इन समस्याओं के समाधान के प्रयास तो हुए, लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आ सका। पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र वर्मा के समय पानी टंकी का निर्माण शुरू हुआ था, परंतु प्रगति अपेक्षाकृत धीमी रही। इसके बाद उर्मिला देवी, डॉ. बलराम जायसवाल और वर्तमान चेयरमैन विजय कुमार गुप्ता के कार्यकाल में भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका। लेकिन पुनः विजय कुमार गुप्त को नगर का बागडौर दोबारा मिला जिसमें जनता की उपेक्षाओं पर खरे उतरते दिखे ।जलापूर्ति योजना के चलते सड़क निर्माण कार्य बार-बार बाधित होता रहा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद पाइपलाइन बिछाने के कारण सड़क निर्माण महीनों तक अधर में लटका रहा। पहले पुरानी पाइपलाइन चालू की गई, लेकिन इससे जगह-जगह लीकेज की समस्या उत्पन्न हो गई। इसके बाद नगर प्रशासन ने 250 एमएम की नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया, जिसे जलकल स्थित पानी टंकी से केवड़ा होते हुए विकास चौक तक जोड़ा जाना प्रस्तावित है ।स्थानीय लोग नगर प्रशासन की कार्यशैली पर कटाक्ष करते हुए कहते रहे कि पहले सड़क बनाई जाती है, फिर उसे उखाड़ा जाता है, उसके बाद पाइपलाइन डाली जाती है और अंततः लीकेज से सड़क स्वयं खराब हो जाती है।

हालांकि अब पाइपलाइन कार्य पूरा होने के बाद सड़क निर्माण तेजी से शुरू हो गया है, जिससे वार्डवासियों और क्षेत्रीय नागरिकों में खुशी देखी जा रही है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होगी।

इस दौरान संबंधित वार्ड के सभासद पति शिवशंकर मौर्य, सभासद सलीम अली सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# साइबर क्राइम

सरकार साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और इस तरह ऑनलाइन ठगी के तमाम तरीकों के खिलाफ जागरुकता अभियान चला रही है। टीवी, अखबार और सोशल मीडिया पर जागरुकता वाले इश्तिहार लगातार आते रहते हैं। लेकिन फिर भी साइबर फ्रॉड की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। हर दिन एक-दो खबर ऐसी घटना पढ़ने को मिल जायेगी जिसमें कोई डॉक्टर, शिक्षक या सेवानिवृत्त जीवन बिता रहे वरिष्ठजन फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं। साइबर क्राइम देश में बड़ा संकट बन गया है। इससे निपटने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। केंद्र ने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था की है लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनों का निपटारा होता है, यह बड़ा सवाल है। प्रौद्योगिकी में सक्षम लोग आज समाज पर एक नये तरह का प्रभुत्व और बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाये तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों का अनुपालन व अवहेलना सब कुछ परिस्थितियों के हिसाब से हो रहा है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण बढ़ती डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं ने मानवीय अधिकारों के भविष्य पर व्यापक चर्चा शुरू कर दी है। इस मुद्दे पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मन की बात कार्यक्रम में व्यापक चर्चा कर चुके हैं। डिजिटल अरेस्ट एक नया धोखाधड़ी करने का तरीका है जिसमें कोई अफसर बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से किसी को भी धोखाधड़ी में फंसाकर रुपयों की मांग करता है। यह धोखाधड़ी शहरों से लेकर गांवों तक हर वर्ग में पहुंच चुकी है। हद तो यह है कि पढ़ा-लिखा वर्ग भी डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो रहा है। अभी हाल में ही नोएडा में सेवानिवृत्त मेजर जनरल को उनके नाम पर भेजे गये पार्सल में ड्रग्स होने की जांच के नाम पर पांच दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर दो करोड़ की ठगी, लखनऊ में एक डॉक्टर से ठगी, साहित्यकार को ठगने का प्रयास, सोनीपत में सेवानिवृत्त अधिकारी को व्हाट्सऐप पर नकली वारंट भेजकर डिजिटल अरेस्ट कर सरकारी खाता बताकर 1.78 करोड़ रुपए ट्रांसफर कराये गये। ये संख्या बहुत लंबी है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 2020 से 2024 तक 582000 केस में 3207 करोड़ की धोखाधड़ी की गयी। वर्तमान में रुपयों का लेन-देन काफी हद तक डिजिटल हो चुका है। ऐसे में साइबर अपराध के माध्यम से मानवाधिकारों को सुरक्षित करना बहुत बड़ी चुनौती बन चुका है।



**आज के स्मार्ट दौर में व्यक्ति की सारी सूचनाएं ऑनलाइन हैं। इस कारण साइबर फ्रॉड की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं।**

## विचार

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

–महात्मा गांधी.

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

–आचार्य. श्रीराम शर्मा.

# वेनेजुएला, ईरान के बाद अब क्यूबा की बारी



नौशाबा परवीन

**एआई के युग में दुनिया सभ्य होने की बजाय 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' के दौर में पहुंच रही और वह भी केवल इसलिए कि ट्रम्प अपनी मर्जी चलाने के लिए नियम-आधारित व्यवस्था को पूर्णतः अनदेखा कर रहे हैं।**

क्यूबा में इस समय अनिश्चितता, गुस्से व उम्मीद का मिश्रण है। क्यूबा में सरकार बदलने के उद्देश्य से अमेरिका ने उस तक पहुंचने वाले सभी तेल टैंकरों को रोक दिया है, जिससे यह पूरा द्वीप अंधेरे में डूब गया है, जबकि वहां पहले ही वर्षों से संकट है और गैसोलीन व बुनियादी संसाधनों के अभाव में अस्पताल, पब्लिक ट्रांसपोर्ट आदि पर मुसीबत के बादल छाये हुए हैं। क्यूबा पर किसी भी समय अमेरिका हमला कर सकता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प का कहना है कि 'क्यूबा के साथ मैं जो चाहूं वह कर सकता हूं' और उनका मानना है कि 'क्यूबा पर कब्जा करने का मुझे सम्मान प्राप्त होगा'। हालांकि फिदेल कास्त्रो के समय से ही वामपंथी क्यूबा और कैपिटलिस्ट अमेरिका के बीच छत्तीस का आंकड़ा रहा है, लेकिन अमेरिका के किसी राष्ट्रपति ने ट्रम्प जैसी हरकत का दुस्साहस नहीं किया है। ट्रम्प ने वाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, 'मैं उसे (क्यूबा को) आजाद करूं, उस पर कब्जा करूं, मैं समझता हूं जो मैं चाहूं वह कर सकता हूं, मेरी मर्जी। इस समय वह बहुत ही कमजोर मुल्क है।' दूसरी ओर क्रेमलिन ने कहा है कि वह हवाना को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है और इस संदर्भ में क्यूबा से बातचीत चल रही है।

क्यूबा पर अपने नापाक इरादे व्यक्त करने से पहले नोबेल शांति पुरस्कार के स्वयंभू दावेदार ट्रम्प ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेंस, जो सत्य साई बाबा के भक्त हैं, को 'अगवा' करके न्यूयॉर्क के डिटेंशन सेंटर (जिसे पृथ्वी पर नर्क कहते हैं) में रखने के बाद इस दक्षिण अमरीकी देश, जिसके पास संसार का सबसे अधिक तेल रिजर्व है, का प्रशासनिक संचालन अपने प्रॉक्सी को सौंप दिया था ताकि उसके तेल पर कब्जा कर सकें। इसके बाद ट्रम्प ने इजरायल के साथ मिलकर 28 फरवरी 2026 को ईरान पर बेमकसद व बेमतलब का युद्ध थोप दिया, जबकि वाशिंगटन व तेहरान के बीच चल रही समझौता वार्ता सकारात्मक दिशा में बढ़ रही थी। यह दूसरा अवसर था जब वार्ता के बीच में ट्रम्प ने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया है। उन्होंने पिछले साल जून में भी यही हरकत की थी। यह युद्ध, जिसकी वजह से पूरी दुनिया ईंधन व महंगाई के संकटों से जूझने लगी है, सिर्फ ट्रम्प की सनक व पागलपन की वजह से हो रहा है, जैसा कि अमेरिका के नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने अपने इस्तीफे में कहा, 'मैं ईरान के विरुद्ध युद्ध का समर्थन नहीं कर सकता। ईरान से हमारे देश को कोई खतरा नहीं था और यह एकदम स्पष्ट है कि हमने यह जंग इजराइल और उसकी शक्तिशाली यहूदी लॉबी के दबाव में आरंभ की।'

**अमरीकी सनक से खतरे में पूरी दुनिया**

अमेरिका में भी इस युद्ध का जबरदस्त विरोध हो रहा है और विरोध करने वालों में ट्रम्प की अपनी पार्टी रिपब्लिकन के सदस्यों की भी बड़ी तादाद है। अमेरिका में आम ख्याल यह है कि ट्रम्प ने यह जंग एपस्टीन फाइल्स से ध्यान भटकाने के लिए कर रहे है। ध्यान रहे कि एफस्टीन फाइल्स में सबसे ज्यादा बार नाम ट्रम्प का आया है। एक महिला ने सार्वजनिक तौर पर आरोप लगाया है कि जब वह मात्र 13 साल की थी तो एफस्टीन के द्वीप पर ट्रम्प ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था। एक रिपब्लिकन सीनेटर थॉमस मेस्सी ने कहा है कि युद्ध और अंतर्राष्ट्रीय टकराव एफस्टीन अपराधों पर पर्दा नहीं डाल सकते हैं। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि ट्रम्प ने ईरान युद्ध में नाटो के सदस्यों से शामिल होने व मदद करने का आग्रह किया, लेकिन सभी ने इंकार कर दिया। इन सदस्यों का कहना है कि ईरान पर युद्ध थोपना बेवकूफी थी, उनसे इस संदर्भ में कोई सलाह नहीं की गई और इस युद्ध की कोई आवश्यकता नहीं थी, इसलिए वह इसमें शामिल नहीं होंगे। बहरहाल, ट्रम्प के सनक का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब नाटो सदस्यों व अन्यों ने युद्ध में शामिल होने से इंकार कर दिया तो उन्होंने कहा, 'हमें किसी की मदद नहीं चाहिए।' दरअसल, ट्रम्प इतने सनक गये हैं कि कभी कुछ बोलते हैं तो कभी कुछ। कभी वह दावा करते हैं कि ईरान की सेना, नौ सेना और उसकी मिसाइलों को पूर्णतः खत्म कर दिया गया है, वह युद्ध जीत चुके हैं और कभी कहते हैं कि ईरान बहुत शक्तिशाली राष्ट्र है।

ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रम्प को मालूम ही नहीं कि वह क्या कह रहे हैं, क्या चाहते हैं और जो कुछ कर रहे हैं, वह क्यों कर रहे हैं। बस, जिस दिन जिस चीज की मर्जी करती है, वह कर बैठते हैं। ट्रम्प ने इस साल के शुरू में धमकी दी थी कि वह सैन्य शक्ति का प्रयोग करके ग्रीनलैंड पर कब्जा कर लेंगे। अब मार्च में वह कह रहे हैं कि ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण के लिए वह सैन्य बल का इस्तेमाल नहीं करेंगे बल्कि उन्होंने इसके लिए एक 'फ्रेमवर्क' तैयार किया है, जबकि ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने इन प्रयासों को ठुकरा दिया है। ट्रम्प का 'फ्रेमवर्क' क्या है, यह किसी को मालूम नहीं है। ग्रीनलैंड नाटो सदस्य डेनमार्क की अर्द्ध-स्वायत्त सम्पत्ति है और डेनमार्क इस पक्ष में नहीं है कि अमेरिका उस पर कब्जा करे।

ट्रम्प जब अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का प्रयास कर रहे थे, तो उन्होंने अपने चुनाव अभियान में 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' (मागा) के लिए वायदा किया था कि वह अमेरिकी सेना को किसी दूसरे देश के लिए युद्ध करने हेतु नहीं भेजेंगे और जहां-जहां युद्ध चल रहे हैं, उनको समाप्त करायेंगे। इसलिए पुनः राष्ट्रपति बनने के बाद वह नोबेल शांति पुरस्कार पर दावेदारी करने लगे। लेकिन यह सब चुनावी जुमले ही साबित हुए, जिससे अब उनके मागा समर्थक भी नाराज हो गये हैं। ट्रम्प की स्थिति अब हफीज मेरठी के इस शेर की तरह हो गई है- 'उससे खूंरेजी की लत भी नहीं छोड़ी जाती/और तमगा-ए-अमन भी चाहे वो सितमगर रखना।' ट्रम्प किसी नियम की बजाय अपनी मनमर्जी से दुनिया पर राज करने की कोशिश कर रहे हैं। मिसाइल चलाने से पहले उन्होंने पूरी दुनिया के खिलाफ टैरिफ युद्ध छेड़ दिया था। फिर बेतुकी शर्तों के साथ उलटे-सीधे व्यापार समझौते करने लगे।

भारत सहित हर किसी से कहने लगे कि रूस से तेल न खरीदें। लेकिन जब ईरान युद्ध बैकफायर कर गया कि तेहरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मोज बंद कर दिया तो सबको रूस से तेल खरीदने की अनुमति देने लगे और वह भी ऐसे समय जब कच्चे तेल का दाम प्रति बैरल 120 डॉलर होने जा रहा है। पागल ट्रम्प की मनमर्जियों ने अमेरिका को तो संकट में डाला ही है, पूरे विश्व को आर्थिक कठिनाइयों में झोंक दिया है और इस समय तीसरे विश्व युद्ध व परमाणु हमले का खतरा वास्तव में गंभीर हो गया है। दरअसल, एआई के युग में दुनिया सभ्य होने की बजाय 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' के दौर में पहुंच रही और वह भी केवल इसलिए कि ट्रम्प अपनी मर्जी चलाने के लिए नियम-आधारित व्यवस्था को पूर्णतः अनदेखा कर रहे हैं।



## सोशल मीडिया



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के द्वारा श्रीराम यंत्र प्रतिष्ठापना का यह ऐतिहासिक एवं पावन क्षण पूरे देश के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। केशव प्रसाद मौर्य.



बीजेपी ने बेईमानी से चुनाव जीतने के लिए चुनाव आयोग को अपना हथियार बना लिया है। जो आज प. बंगाल में हो रहा है। यही दिल्ली के चुनाव में भी हुआ था। अखिलेश यादव.



राजस्थान के करौली जिले के भुखरावली गांव में रामवीर जाटव की निर्मम हत्या की निंदनीय शर्मनाक और दुखद है, यह घटना कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। मायावती.

# स्वयं पर नियंत्रण

**अंतर्दृष्टि**

व्यक्ति की क्षमता असीमित है। वह जहां भी प्रयास होता करता है वहां उपलब्धियां हासिल करता है। दरअसल मनुष्य का व्यक्तित्व एक प्रकार का उद्यान है। उसके साथ अनेकों आत्मिक और भौतिक विशेषताएं जुड़ी हुई हैं। उनमें से यदि कुछ को क्रमबद्ध, व्यवस्थित और विकसित बनाया जा सके, तो उनके स्वादिष्ट फल खाते-खाते गहरी तृप्ति का आनन्द मिलता है, पर यदि चित्तगत वृत्तियों को शरीरगत प्रवृत्तियों को ऐसे ही अनियंत्रित छोड़ दिया जाये, तो वे भौंड़े गंवारू एवं उद्धत स्तर पर बढ़ती हैं और दिशा विहीन उच्छृंखलता के कारण जंगली झाड़ियों की तरह उस समूचे क्षेत्र को अगम्य एवं कंटकाकीर्ण बना देती हैं। जीवन कल्पवृक्ष की तरह असंख्यों सत्परिणामों से भर-पूरा है पर उसका लाभ मिलता तभी है जब उसे ठीक तरह से साधा संभाला जाये। इस क्षेत्र की सुव्यवस्था के लिए की गयी चेष्टा को साधना कहते हैं। कितने ही देवी-देवताओं की साधना की जाती है और उससे कतिपय वरदान पाने की बात पर विश्वास किया जाता है। इस मान्यता के पीछे सत्य और तथ्य इतना ही है कि इस मार्ग पर चलते हुए अन्तःक्षेत्र की श्रद्धा को विकतिस किया जाता है। आदतों को नियंत्रित किया जाता है। इन सबका मिला-जुला परिणाम व्यक्तित्व पर चढ़ी हुई दुष्प्रवृत्तियों का निराकरण करने तथा सद्वृत्तियों को स्वाभाव का अंग बनाने में सहायक सिद्ध होता है। सुसंस्कारों का अभिवर्द्धन प्रत्यक्षतः दैवी वरदान है। उसके मूल्य पर हर व्यक्ति अभीष्ट प्रयोजन की दिशा में अग्रसर हो सकता है। साधना आत्मिक क्षेत्र में भी होती है और भौतिक क्षेत्र में भी। कदम जिस भी दिशा में बढ़ते हैं, प्रगति उसी ओर होती है। अपनी सतर्कता पूर्ण सुव्यवस्था जिस भी मार्ग पर गतिशील कर दी जाये उसी में एक के बाद एक सफलता के मील के पत्थर मिलते चले जायेंगे। साधना का महत्व किसान जानता है। पूरे वर्ष अपने खेल की मिट्टी के साथ अनवरत गति से लिपटा रहता है और फलस को स्वेद कणों से नित्य ही सींचता रहता है। सर्दी-गर्मी की परवाह नहीं, जुकाम खांसी की चिंता नहीं। शरीर की तरह ही खेत उसका कर्मक्षेत्र होता है। एक-एक पौधे पर नजर रहती है। खाद, पानी, निराई, गुड़ाई से लेकर रखवाली तक के अनेकों कार्य करने से पूर्व वह आवश्यकता समझता है कि कब, क्या और कैसे किया जाना चाहिएऊ किसी के दबाव से नहीं, अपनी इच्छा और प्रेरणा से ही उसे खेत की, उसे संभालने वाले बैलों की, हल-कुदाल आदि संबंद्ध उपकरणों की व्यवस्था जुटाये रहने की सूझ-बूझ सहज ही उठतीऔर स्वयं चालित रूप से गतिशील होती रहती है। यह सब होता है, बिना थके, बिना ऊबे, बिना अधीर हुए।

# राजनीति के दलदल से बचो...

**व्यंग्यलोक**

मैं चुनाव में बैठूंगा नहीं, बल्कि मैं तन कर चुनाव में खड़ा हूं। आपकी जो मन में आये, वह कर लो। मैंने कहा, तो विरोधी एक-दूसरे का चेहरा देखने लगे। उसमें एक विरोधी मुझसे फिर बोला-'देखो, तुम बाल-बच्चेदार आदमी हो, तुम्हारी जिम्मेदारी है। तुम इस दलदल से बचो। यह हमारा ही पुश्तैनी काम है। नये आदमी को तो हम अपनी इस यूनियन में घुसने ही नहीं देते। इससे तुम्हारा खड़ा होना हमारे लिए ठीक नहीं है। 'तुम्हारे लिए ठीक नहीं तो क्या हुआ? देश के तो सार्वजनिक हित में है मेरा खड़ा होना। मैं देश के लिए अपने प्राणों की बलि तक दे सकता हूँ। मैंने कड़ककर पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा तो विरोधियों के एक पल को तो हौसले पस्त हो गये, लेकिन वे राजनीतिज्ञ थे। इसके धंधे बाज थे, परास्त कब होने वाले थे, बोले-'देखो, बेकार की बातें तो करो मत। काम की बात करो। पाँच लाख लेवो और बैठो वरना फिर मत कहना कि तुम्हारे बच्चों के साथ नाइंसाफी हो गयी है। मैंने कहा-'देखो, मैं ईमानदार और सिद्धान्तवादी आदमी हूँ-मुझसे बकवास करने की आवश्यकता नहीं है वरना मैं आपकी शिकायत चुनाव आयोग को कर दूँगा। आपने क्या मजाक समझ रखा है?



पूरन सरमा

देश में लोकतंत्र है। हरेक नागरिक को चुनाव में खड़े होने की स्वतंत्रता है। चुनाव आयोग को शिकायत की बात पर वे हँसे और बोले-'देखो, वह तो तुम जो करना है कर लेना, लेकिन यह तो तुमने लोकतंत्र की बात की है, यह कुछ हजम नहीं हुई। लोकतंत्र जरूर है, लेकिन इसकी पेचीदगी तुम नहीं समझोगे। देखो, हम हजार पाँच सौ आदमियों ने यह देश चलाने का पट्टा और ठेका ले रखा है। देश ठेके पर उठा हुआ है। राजनीति हमारा पुश्तैनी उद्योग है। हम दूसरे को कैसे घुसने देंगे इसमें? नागरिक रूप में तुम स्वतंत्र हो और तुम्हें हमें मात्र वोट देना चाहिए। मतदाता चुनाव में प्रत्याशी नहीं बन सकता। तुमने यह हिमाकत की कैसे? हम पिछले दस वर्षों से परेशान हैं तुम्हारे जैसे निर्दलियों से। बहुमत हमें मिलता नहीं। सरकार बनाने के लिए तुमसे लड़ना पड़ता है और विवशता में हमें तुम लोगों को मंत्री पद देना पड़ता है। हमारे चारागाह में दूसरा आकर चरे, अब हम ज्यादा दिन बर्दाश्त नहीं कर सकते। इसलिए इस बार हमने तय किया है कि निर्दलियों को खड़े होने ही नहीं देंगे। 'अरे, अपना रास्ता नापिये। मैं खड़ा हूँ और खड़ा ही रहूँगा। अब के मैंने आप लोगों को नाकों चले नहीं चबवा दिये तो मेरा नाम निर्दलीय नहीं। मेरी घोषणा में क्रोध की फुफकार देखकर उनके हाथों के तोते उड़ गये। वे मुझे 'देख लेंगे की धमकी देकर चले गये।

# परिंदे भी इंसानों के साथ साझा करते हैं भावनाएं



वन्य जीवन

के.पी.सिंह

इंसान के साथ रहने वाले पालतू पशुओं की तरह कई पक्षी भी इंसानों से अपनी भावनाएं बांटना सीख जाते हैं, विशेषकर तोतों में यह खूबी देखी गई है। अगर आपने अपने पालतू तोते को कई घंटे तक कुछ खाने को नहीं दिया, तो वह गुस्से में आवाजें निकाल सकता है। पिंजरे में लगातार चोंच मार सकता है या कुछ भी ऐसी हरकत करेगा, जिससे जाहिर हो सके कि वह आपसे गुस्सा है।

हालांकि जैसे इंसान हमेशा गुस्से में नहीं रह सकता, वैसे ही ऐसे पक्षी जो गुस्सा होना जानते हैं, वो भी हमेशा गुस्से में नहीं रहते। इंसानों की तरह ही इनमें कभी गुस्सा, कभी चिड़-चिड़ापन, कभी अनमनापन जैसे हावभाव भी देखने को मिलते हैं। हालांकि पक्षियों के अनमनेपन को पकड़ना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन उनकी खुशी और उनके गुस्से को पहचानना आसान होता है। जब पक्षी खूब खुश होते हैं, उन्हें अच्छा लग रहा होता है, तब वे आपके इर्दगिर्द बहुत तेजी से उड़ते हैं। खूब आवाजें करते हैं और कई बार आपके आसपास से क्रॉस करते हुए निकलते हैं। ठीक इसी तरह जब उन्हें बहुत गुस्सा आ रहा होता है तो भी कुछ पक्षी खासकर तोता आदि तेज तेज आवाजें निकालते हैं, देर तक चोंचें खुले रखते हैं और लगता है आपको कुछ समझाने की कोशिश कर रहे हैं। लब्बोलुआब यह कि पक्षी गुस्सा होते हैं और आपसे रूठते भी हैं। यही नहीं इंसानों की तरह रूठे हुए पक्षी यह भी उम्मीद करते हैं कि आप उन्हें मनाएंगे। पक्षियों में इस तरह के स्वाभाविक हावभाव हों भी क्यों न, जब वो अपने रहने के लिए घोंसला बनाते हैं, अपने बच्चों की सही से परवरिश करते हैं और इंसानों की ही तरह कुछ भी करके अपने बच्चों के लिए भोजन ढूंढ़कर लाते हैं। खुशी में गाते हैं या कहिए चहचहाते हैं। समूह में मिलकर उड़ान भरते हैं, आवाजें निकालते हैं और दूसरे पक्षियों के साथ इंट्रैक्ट करते हैं। जब पक्षियों में इस कदर की समझदारी और भावनाएं हमें दिखायी पड़ती हैं, तो भला उनका रूठना या गुस्सा होना आश्चर्यजनक कैसे हो सकता है? जैसे छोटे बच्चे गुस्से में अकेले रहना पसंद करते हैं, ठीक वैसे ही पक्षी भी गुस्से में अकेले रहना पसंद करते हैं। हालांकि पक्षियों में इंसानों की तरह सार्वभौमिक व्यवहार मजबूत नहीं होता। पक्षी अपनी पसंदीदा जगह, पसंदीदा घोंसला, पसंदीदा वातावरण और पसंदीदा व्यक्ति के साथ अलग किस्म का बरताव करते हैं और बाकी भिन्न जगहों और लोगों के साथ अलग व्यवहार करते हैं। अगर आप किसी पालतू पक्षी को काफी देर तक पिंजरे में बंद रखते हैं, उसकी खोज खबर नहीं लेते, उसके पास उससे खिलाने दुलराने नहीं आते तो भी वह नाराज हो जाता है। ऐसे पक्षी कई बार इंसानों पर हमला भी कर देते हैं। सिर्फ इंसानों पर ही नहीं कई बार पक्षी जानवरों पर भी हमला कर देते हैं। जब पक्षी गुस्से में होते हैं तो वह अपना अधिकांश समय अकेला बिताते हैं। इस दौरान वह ज्यादातर समय तनावग्रस्त रहते हैं और तनावग्रस्त रहने के चलते आमतौर पर वे निष्क्रिय हो जाते हैं। कई बार ऐसे पक्षी गुस्से में शांत बैठ जाते हैं और कई कई दिनों तक भी शांत बैठे रह सकते हैं। अगर गुस्सा होने वाला पक्षी पहले से अधिकांश समय आपके साथ बिताता है, तो वह गुस्से के समय आपको देखना नहीं चाहता। अब चूंकि उसके पास यह सुविधा नहीं है कि कहीं उड़कर चला जाए और आप उसकी नजरों से ओझल हो जाएं, क्योंकि वह पिंजरे में है और पिंजरा ऐसी जगह होगा, जिस पर चलते फिरते आपकी नजर पड़ेगी, इसलिए जब पक्षी गुस्सा होते हैं तो एकांत में दुबकना पसंद करते हैं ताकि आप उन तक पहुंच ही न सकें। लेकिन ऐसा हो नहीं पाता। क्योंकि अव्वल तो इंसान पक्षियों की भाषा नहीं समझता, जिससे पता चल सके कि वह नाराज है या सामान्य है। लेकिन यह बात तो तय है कि कई चीजें और कई बातें पालतू पक्षियों को जो पक्षी इंसानों के इर्दगिर्द रहते हैं चाहे वे पालतू हों या न हों, रह रहकर गुस्से में आते हैं, क्योंकि ये आपसे दूर नहीं जा पाते। जब पक्षी अपने ही घोंसले में कहीं दुबक जाएं तो या तो वह डर रहा है या तो फिर वह आपसे आमने सामने नहीं होना चाहता। वह एकांत रहना पसंद कर रहा है। कई बार पक्षी चाहे वो पालतू हो या जंगली थकने के कारण भी गुस्से में आ जाते हैं। जब वो अपने दाना पानी के लिए दूर दूर तक उड़ते हैं, तब कहीं जाकर नसीब होता है, जिससे वो थक जाते हैं और थक जाने पर कई बार इंसानों से नाराज होने जैसी प्रतिक्रिया करते हैं।

## आपकी बात

### दुर्घटना रोकने की चुनौती

देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न फेरीफेरल एक्सप्रेस वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, आगरा एक्सप्रेस वे और यमुना एक्सप्रेस वे पर भी प्रायः भीषण सड़क हादसे होते रहते हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते है लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दुर्घटनाएं रोकने के लिए सरकार को ठोस पहल करनी चाहिए।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

### नयी कंपनियों को राहत मिले

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टार्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए यह समय की जरूरत है कि सरकार भी स्टॉर्टअप फ्रेंडली नीति बनाये और उनको सहयोग करे ताकि वे नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी गाइडलाइन का न्यूनतम पालन सुनिश्चित करें।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## पुरानी रंजिश में दंपति के साथ मारपीट, केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रोडा में पुरानी रंजिश को लेकर एक दंपति के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रोडा निवासी संतोष पुत्र भगुन्ते ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 18 मार्च 2026 की सुबह करीब 6 बजे गांव के ही सिताराम, जयराम, जेवंती और देवी उनके घर आ गए। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर संतोष व उनकी पत्नी रामकुंवर के साथ मारपीट की, जिससे दोनों को चोटें आई हैं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल-मामला दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पटऊवा थाना पाली निवासी गोविन्द पुत्र हल्केने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दिनांक 10 मार्च 2026 को उनका पुत्र सौरभ, भाई मुकेश और पिता हल्के मोटरसाइकिल से झांसी से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह कैलगुवां तिराहा के पास पहुंचे, पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रहे लाल रंग के महिन्द्रा कंपनी के ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दो का इलाज जारी है। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए), 125(बी), 324(2) और 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने को जागरूकता अभियान

**बांदा।** चैत्र नवरात्र व ईद पर्व पर विक्रय किए जाने वाले खाद्य पदार्थों भोग, प्रसाद, सिंघाड़े का आटा, सेंधा नमक , घी, दूध, दुग्ध उत्पाद, कुट्टू का आटा, सिवइयां व अन्य फलाहार में मिलावट की रोकथाम व खाद्य पेय पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए 25 मार्च तक जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शहर के बाबूलाल चौराहा स्थित काली मंदिर, खत्री पहाड़ स्थित दुकानों का निरीक्षण कर जागरूक किया गया। खोया, पनीर, मिठाइयां, इलायचीदाना की जांच कर मौके पर परिणाम दिखाया गया। इसमें चार खाद्य पदार्थों के नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए।

# नवरात्र और ईद को लेकर पुलिस अलर्ट

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** नवरात्र एवं ईद पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने नगर क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक कर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को

**● एसपी ने मॉर्निंग वॉक कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मॉर्निंग वॉक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर वहां लगे लाउडस्पीकरों की ध्वनि स्तर की जांच की। उन्होंने संबंधित प्रबंधकों व जिम्मेदार लोगों से वार्ता कर स्पष्ट निर्देश दिए कि लाउडस्पीकर की आवाज मा. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रखी जाए। नियमों के उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इस दौरान उन्होंने आमजन, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। सभी धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर लाउडस्पीकरों की ध्वनि स्तर को निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, पूजा स्थलों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और प्रमुख स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि सभी लोग पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं, अफवाहों से दूर रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## प्रभारी मंत्री ने प्रदर्शनी का किया शुभारंभ बतायीं सरकार की उपलब्धियां




**बांदा।** मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन प्रभारी जनपद नंद गोपाल गुप्ता ने प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने पर गुरुवार को विकास भवन में आयोजित मेले, विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं का जन सामान्य में प्रचार-प्रसार करने को प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सफलतम परिवर्तनकारी उपलब्धियों के 9 वर्ष रहे हैं। डबल इंजन की सरकार ने देश व प्रदेश के साथ गांव एवं शहरों में तेजी के साथ विकास किया है। कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ विकास के क्षेत्र में भी परिवर्तन हुआ है। कहा कि प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था के साथ उद्योग स्थापित हो रहे हैं।

उन्होंने विभिन्न लाभकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं प्रसस्ति पत्र वितरित किये। उत्कृष्ट सेवा समूह में सूरजकली कनवारा, भारती देवी को प्रमाण पत्र दिया। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में निरंजन शुक्ला, मातृत्व वन्दना योजना में 6 हजार रुपए की धनराशि के चेक केशकली, उर्मिला को भेंट किया। अरुण कुमार पटेल को कृषि फामेर्सी के लिए आठ लाख रुपये ट्रैक्टर लोन का वितरण किया। मुख्यमंत्री आवास योजना में वीरेंद्र कुमार, मुन्नी देवी को प्रमाण पत्र दिया। सिलाई मशीन योजना के अन्तर्गत सुधीर द्विवेदी, लैपटाप वितरण में अंकुर पांडेय, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में सितारा को लाभान्वित किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, ब्लाक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल, रावेन्द्र गर्ग, जिलाधिकारी जे.रीभा, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# टप्पेबाजी करने वाले 6 अन्तर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

जिला संवाददाता



**बांदा।** थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने चोरी, टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग 32 लाख रुपए कीमत के माल, नकद रुपए व घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद हुए है। बीती 11 फरवरी को थाना तिंदवारी क्षेत्र की रहने वाली उमा पत्नी कमल ने सूचना दी कि बीती 10 फरवरी को शादी में जाते समय रिक्शे में 2 अज्ञात महिलाओं ने उनके पर्स को चोरी कर लिया जिसमें सोने के आभूषण थे। बीती 20 फरवरी को जनपद हमीरपुर थाना मौदहा क्षेत्र की रहने वाली रिन्शू सिंह पत्नी शोभित ने सूचना दी कि 19 फरवरी को बांदा संकट मोचन मंदिर के पास एक ऑटो में 4 अज्ञात महिलाओं ने उनके बैग से जेवरात निकाल लिए। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया था । जिसके चलते थाना कोतवाली नगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपियों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले 6 आरोपियों, 4 महिला व 2 पुरुष को मवई बाईपास महोबा रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। कड़ाई से पूंछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि वह सभी इसी दोनों चार पहिया वाहनों से भारत के अलग-अलग राज्यों में घूम-घूम कर ग्रुप बनाकर चोरी, टप्पेबाजी जैसी घटनाओं को अंजाम देते है और आभूषणों को स्वयं गलाकर आपस में बांट लेते है। कहा कि चारपहिया ग्रैंड विटारा भी हम लोगों ने चोरी, टप्पेबाजी के सामानों की बिक्री से प्राप्त रुपए से खरीदी है। पूंछताछ में पता चला कि यह सभी आपस में रिश्तेदार है तथा पेशेवर अपराधी है और ये सभी बच्चों का भी सहारा लेकर चोरी, टप्पेबाजी करते है। इनके पास से 6 टंच पीली धातु वजन 71.140 ग्राम अनुमानित कीमत 12 लाख रुपए, 2 टंच सफेद धातु 803 ग्राम अनुमानित कीमत 2.5 लाख रुपए, 1 चार पहिया वाहन ग्रैंड विटारा अनुमानित कीमत 16 लाख रुपए, 32 हजार रुपए नकद, 1 चार पहिया वाहन मारुति टूर एस व 7 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

ये सभी हरियाणा और राजस्थान के रहने वाले है और चैत्र नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत मन्दिरों सहित भीड़-भाड़ वाले स्थानों से चोरी, टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में थे। इन्होंने बांदा, चित्रकूट मैहर सतना सहित भारत के अन्य राज्यों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इनके गिरोह में और कितने लोग सम्मिलित हैं, किन-किन स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया है इस सम्बन्ध में जांच कर आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में सुभाष चन्द्र पुत्र विक्रम, रोहित पुत्र बीरपाल, नेहा पत्नी रोहित, गीता पत्नी धन्नी, काजल पुत्री धन्नी निवासी कैलाश नगर थाना कैंट जनपद पलवल हरियाणा व नीलम पत्नी सोनू निवासी चक गिरवारी नगर थाना ढ़ींग जनपद भरतपुर राजस्थान हैं।

*गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बलराम सिंह, आनन्द कुमार प्रभारी एसओजी, यज्ञनारायण भार्गव चौकी प्रभारी बलखंडीनाका, आशुतोष त्रिपाठी चौकी प्रभारी मण्डी समिति, उप निरीक्षक दीपक चौधरी, प्रवेश कुमार, महिला उप निरीक्षक रश्मि सिंह, महिला हेड कांस्टेबल नालम देवी, महिला कांस्टेबल सरोज साहू, कांस्टेबल नितेन्द्र कुमार, प्रशांत कुमार, सौरभ व दीपक रहे।

## युवक और उसके भाई को पीटा

**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत ग्राम ठाठखेरा में ट्रैक्टर से अनाज ले जा रहे एक युवक के साथ रास्ते में बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। दबंगों ने न केवल युवक के साथ गाली-गलौज की, बल्कि बीच-बचाव करने आए उसके चचेरे भाई को भी लात-घूंसों से जमकर पीटा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम ठाठखेरा निवासी सौरभ पुत्र रामकुमार पस्तोर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार, 17 मार्च की रात करीब 10.30 बजे वह अपने ट्रैक्टर में गेहूं भरकर गांव के ही एक व्यक्ति के घर जा रहा था। रास्ते में कृष्णपाल के घर के पास ग्राम टोडी निवासी विजयपाल यादव, चंद्रपाल यादव और आशीष ने अपनी मोटरसाइकिल बीच रास्ते में खड़ी कर रखी थी।

जब सौरभ ने उन्हें रास्ता खाली करने को कहा, तो तीनों आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने सौरभ के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब सौरभ का चचेरा भाई रूपेश उसे बचाने पहुंचा, तो आरोपियों ने उसे भी पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

# 3 दिन में 42 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**ललितपुर।** जनपद पुलिस ने वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए बीते तीन दिनों में कुल 42 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार

**● ललितपुर पुलिस का बड़ा अभियान**

किया है। सभी अभियुक्तों को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में की गई। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने सक्रियता दिखाते हुए लंबित मामलों में वांछित अभियुक्तों को दबोचा। कोतवाली ललितपुर पुलिस ने सर्वाधिक 20 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनमें मुन्नी देवी, शोभारानी, अशोक, हन्नू, जयपाल, शिवराज, बसन्ता, राजेश, सोवरन, दयाली सहित अन्य शामिल हैं। इनके विरुद्ध चोरी, डकैती, मारपीट, धोखाधड़ी, घरेलू हिंसा व विद्युत अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। वहीं थाना तालबेहट पुलिस ने 5, महरौनी पुलिस ने 4, बानपुर पुलिस ने 3, बार थाना पुलिस ने 3, सौजना पुलिस ने 2, नाराहट पुलिस ने 2, जखौरा पुलिस ने 2 तथा पूराकलां पुलिस ने 1 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों पर भारतीय दंड संहिता, एनआई एक्ट, एक्साइज एक्ट एवं अन्य धाराओं के तहत मामले दर्ज थे। कई अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे थे, जिन्हें विशेष अभियान के तहत पकड ? में सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

## विद्यालयों में अभियान चलाकर संचारी रोग से बचाव के लिए बच्चों को जागरूक करें: डीएम




जिला संवाददाता (vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने ने निर्देश दिए कि विद्यालयों अभियान चलाकर बच्चों को संचारी रोगों के बचाव, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान आगामी 01अप्रैल से प्रारंभ हो कर 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, सभी संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी सामंजस्य के साथ इस महत्वपूर्ण अभियान को पूर्ण मानक के अनुरूप संचालित करना सुनिश्चित करें ताकि जिले में संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान के अंतर्गत तैयार किए गए माइक्रो प्लान के अनुसार ही कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारीयों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोगों पर नियंत्रण रखने के लिए नियमित रुप से सफाई व्यवस्था को जारी रखें और समय-समय पर नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव और फोगिंग कार्य भी करना सुनिश्चित करें ताकि मच्छर उत्पन्न न हो सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें जिससे शत प्रतिशत तरीके से संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए गए कि आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे लोग संचारी रोगों से बचाव के उपायों को अपनाएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों अभियान चलाकर बच्चों को संचारी रोगों के बचाव, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि घर-घर सर्वे कार्य को पूरी गंभीरता से संपन्न किया जाए तथा बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच कर उनका चिन्हांकन करना सुनिश्चित करें जिससे कि उनका समुचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी, ईओ एवं बीडीओ आदि मौजूद रहे।

## आज से देश में नवरात्रि की धूम

**ललितपुर।** चैत्र माह की नवरात्रि गुरुवार से शुरू हो गई है। ललितपुर के प्रसिद्ध प्राचीन मंदिरों में सुबह-सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। नवरात्रि के पहले दिन का उत्साह शहर भर में छाया हुआ है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा-अर्चना की जाती है। सुबह करीब 4 बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन किए और निर्जल व्रत रखकर उनकी उपासना की।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संगठन ने की विभिन्न मांगों को लेकर रक्षा मंत्री से मुलाकात

जिला संवाददाता (vol)



**बिजनौर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के संगठन के सदस्यों का एक शिष्टमंडल भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दिल्ली निवास स्थान पर पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट कर अपनी समस्याएं उनके सामने रखी।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ( बीएनएस ) के शिष्टमंडल ने अध्यक्ष आर0 के वर्मा एवं महामंत्री आर0 के निगम तथा परिषद संगठन मंत्री विकास खंड कोतवाली अध्यापक ओंकार सिंह के नेतृत्व में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर प्रदेश के कर्मचारियों/शिक्षकों की मांगों व समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुख्य रूप से शिक्षकों की टीईटी के बारे में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उत्पन्न समस्या, मृतक आश्रित नियमावली 1974 में किये गये अनावश्यक संशोधन, उर्दू बीटीसी 2004-05 बैच सहित अन्य शिक्षकों व मृतक आश्रित शिक्षकों/शिक्षणेत्तर कर्मियों को जिनकी विज्ञप्ति प्रशिक्षण, रिक्तियां नियुक्ति आदि अप्रैल 2005 के पहले हुई थी परंतु नियुक्ति अप्रैल 2005 के बाद हुई को केंद्र सरकार की भांति ओपीएस का लाभ दिए जाने, संविदा एंव मानदेय आदि के कर्मचारियों के समायोजन/नियमितीकरण, ओपीएस एवं समाप्त किए गए भत्तों की बहाली, कोविड काल में रोके गए डीए एरियर के भुगतान केंद्र सरकार की राजाज्ञा दिनांक 04 जूलाई 2024 के अनुसार मकान किराया भत्ता दिये जाने पर चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने आश्वस्त किया कि वह इन बिंदुओं पर उ0प्र के मुख्यमंत्री से बात कर निराकरण करायेंगे। इस मौके पर शिष्टमंडल ने हाल ही में प्रदेश के शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि मामले में उनके द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और स्मृति चिन्ह के रूप में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा भेंट की। शिष्टमंडल में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र के उपाध्यक्ष एवं दक्षिणांचल के अंचल प्रभारी प्रभात कुमार, आश्रित कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री ओंकार सिंह, मीडिया प्रभारी अनुराग पांडेय व प्रदेश प्रवक्ता अजीत सिंह शामिल रहे।

## सिलेंडर न मिलने से लोग, कारोबारी परेशान

**बांदा।** शहर के स्टेडियम रोड सिविल लाइन मैदान में गैस के लिए भीड़ उमड़ी पड़ी और नए ओवरब्रिज से महाराणा चौक चौराहे की मुख्य सड़क पर जाम की नौबत आ गई। गैस किल्लत झेल रहे उपभोक्ताओं के आक्रोश व हालात बिगड़ने की स्थिति आई तो सिविल लाइन चौकी इंचार्ज फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। जब तक गैस सिलेंडरों का वितरण हुआ, वहां खाकी सुरक्षा में मौजूद रही।शहर में 200 से ज्यादा फास्टफूड कार्नर, आधा सैकड़ा चायपान की दुकानें व रेस्टोरेंट में ताले पड़ गए हैं और जो फूड कार्नर व रेस्टोरेंट संचालित हो रहे हैं, वहां कामगारों की संख्या घटा दी गई है। कामगारों की पगार में कटौती की जा रही है। फास्टफूड कार्नर मालिकों व रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि कामगारों का खर्चा नहीं निकल रहा है। सालों से काम में लगे कामगारों को किसी तरह भुगतान कर रहे हैं। कामगारों ने बताया कि वह मिठाई से लेकर पिज्जा, बर्गर, मोमोज, फिंगर आदि बनाने का काम जानते हैं। अब रेस्टोरेंट व फूडकार्नर संचालक काम पर न रखने की मजबूरी जता रहे हैं। रोडवेज बस स्टैंड में सप्ताह भर से बंद एक रेस्टोरेंट में 10 युवा काम करते रहे हैं, अब उन्हें काम की तलाश है।मर्दननाका निवासी निजाम ने बताया कि तीसरे दिन ईद पड़ रही है, घर में एक भी सिलेंडर नहीं हैं। पकवान आदि कैसे बन पाएंगे। अलीगंज निवासी रिटायर शिक्षिका राजदुलारी ने बताया कि कल से नवरात्र हैं। व्रत को लेकर सामग्री तैयार करने के लिए घर में सिलेंडर नहीं है। दस दिन से बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहा है।

## खेल निदेशालय के तत्वावधान में तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय बिजनौर द्वारा जिला स्तरीय खेलकूद जूनियर वर्ग बालक/बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं का समापन नगर पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह व जिला क्रीडा अधिकारी राजकुमार एवं कार्यालय सहायक हिमांशु द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स में 100 मी0 बालिका वर्ग में प्रियंका, बालक वर्ग पियुष राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मी० रेस में बालक वर्ग में निशान्त, बालिका वर्ग में खुशी, प्रथम लम्बी कुद व भूमि चक्का फेक में कुमारी जानवी, गोला फेक में पल्लवी आदि बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर नगर पालिका अध्यक्ष ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद कहा कि सरकार के द्वार खेल को बढ़ावा दे रही है। प्रतियोगिता से खिलाड़ियों का खेल निखार रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक त्यागी, अरविन्द अहलावत, चित्रा चैहान, पूजा देवी, अशु चैधरी, जितेंद्र, शबाब आलम उत्तम, नूतनजी, पवन, विशन, सत्तार, शुमम तोमर, विशाल, सादिक अहमद आदि का योगदान रहा।

## चेकिंग के दौरान ट्रक सिंडिकेट, प्रशासन में नोक-झोंक

**बांदा।** मौरंग खनन और परिवहन को लेकर सडक पर ही प्रशासन और ट्रक सिंडिकेट आमने सामने आ गए।गिरवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर में नरैनी एसडीएम अमित शुक्ला टीम के साथ मौरंग से भरे ट्रकों की नियमित चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मध्य प्रदेश के रामपुर खदान से आ रहे एक ट्रक को रुकने का इशारा किया लेकिन आरोप है कि ड्राइवर ने ट्रक रोकने के बजाय स्पीड बढ़ाकर निकलने की कोशिश की। इसके बाद हालात तेजी से बिगड़ गए। एसडीएम ने अपनी गाड़ी से ट्रक का पीछा कर उसे रुकवाया लेकिन कुछ ही देर में वहां ट्रक संचालन से जुड़े दर्जनों लोग पहुंच गए और मौके पर जमकर हंगामा शुरू हो गया।दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई जिसने पूरे इलाके में तनाव फैला दिया। पूरे घटनाक्रम में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ट्रक ड्राइवर कुलदीप तिवारी का कहना है कि उसने भीड़भाड़ के चलते तुरंत ट्रक नहीं रोका और कुछ दूरी पर गाड़ी खड़ी कर दी थी। लेकिन इसके बाद उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर पीटा गया। उसका दावा है कि उसके पास सभी वैध कागजात मौजूद थे फिर भी उसके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया गया।

## फरार आरोपी पति गिरफ्तार



**महोबा।** जनपद महोबा के थाना श्रीनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भण्डरा में दिनांक 16 मार्च 2026 को पति पत्नी के मध्य हुए विवाद में महिला की मृत्यु के प्रकरण में थाना श्रीनगर पर परिजनों की तहरीर के आधार पर धारा 103;1द्ध बीएनएस बनाम राम सिंह पुत्र रामस्वरूप लोधी निवासी ग्राम भण्डरा मजरा लोधी खोड़ा थाना श्रीनगर जनपद महोबा के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए जनपदीय पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा मय फील्ड यूनिट टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था तथा पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्त राम सिंह को 19 मार्च 2026 को ग्राम भण्डरा मवई तिगैला के पास स्थित खेल मैदान के निकट से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गयाए जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक जयचन्द्र सिंहए उप निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह के साथ अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## जमीन विवाद में महिला से मारपीट तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला नेहरू नगर निवासी समाबानो पत्नी रहीम खान ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम पटौराकलां स्थित उनकी भूमि को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा है। उक्त भूमि के संबंध में न्यायालय द्वारा उनके पक्ष में आदेश भी दिया जा चुका है। पीड़िता के अनुसार, 7 अक्टूबर 2025 को राजस्व टीम द्वारा मौके पर सीमांकन किया जा रहा था। इसी दौरान गांव पटौराकलां निवासी बुद्धा पुत्र किशोर, उसकी पत्नी रानी तथा पुत्र निहाल लखन मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए सीमांकन के निशानों को तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट पर आमादा होते हुए जान से मारने की धमकी दी।महिला ने बताया कि घटना के दौरान मौके पर मौजूद राजस्व व पुलिसकर्मियों के सामने ही आरोपियों ने विवाद किया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन कार्रवाई न होने पर उन्होंने उच्च अधिकारियों को भी शिकायत भेजी, जिसके बाद अब मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131, 352, 351(3) एवं 324(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सड़क हादसे में मजदूर घायल

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक सहित कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टौरिया थाना बार निवासी विमला पत्नी जीवन ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 12 मार्च 2026 की शाम करीब 7.30 बजे उनके पति जीवन मजदूरी करके मोटरसाइकिल से ललितपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान झिरिया नहर चैराहे के पास तेज गति और लापरवाही से आ रहे ट्रैक्टर चालक संतोष पुत्र ननुआ अहिरवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में उनके पति का हाथ और पैर टूट गया तथा शरीर में गंभीर चोटें आईं। घायल को तत्काल उपचार के लिए झांसी के चिरंजीवी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना में संतोष के साथ देवेन्द्र, अनंदी और केशपाल भी शामिल थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 125(बी) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

संक्षेप

## निप्पॉन पेंट ने की पंजाब किंग्स के साथ साझीदारी

चंडीगढ़। निप्सी ग्रुप का हिस्सा और एशिया प्रशांत की नंबर 1 पेंट एवं कोटिंग विनिमार्ता कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया ने आईपीएल 2026 के लिए पंजाब किंग्स के साथ इसकी फ्रैंचाइजी के आधिकारिक साझीदार के तौर पर एक ऐतिहासिक साझीदारी की आज घोषणा की। निप्पॉन पेंट का लोगो इस टूर्नामेंट के हर मैच में पंजाब किंग्स की जर्सी की दाहिनी आस्तीन पर दिखाई देगा जिससे यह ब्रांड इस धरती पर सबसे बड़े और लोकप्रिय खेलों में से एक खेल के दर्शकों के सामने उभरकर आएगा। इस साझीदारी की घोषणा निप्पॉन पेंट (इंडिया) ग्रुप के प्रबंध निदेशक शरद मल्होत्रा, निप्पॉन पेंट इंडिया के अध्यक्ष (डेकोरेटिव कोटिंग्स बिजनेस) मार्क टीटस और पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन द्वारा भारत और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर और आईपीएल के युजवेंद्र चहल और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर एवं सबसे भरोसेमंद फिनिशरों में से एक शशांक सिंह की उपस्थिति में की गई।

## सैमसंग लॉन्च करेगा गैलेक्सी ए57 और गैलेक्सी ए37

नयी दिल्ली। सैमसंग भारत में अपनी अगली पीढ़ी के गैलेक्सी ए सीरीज स्मार्टफोन्स लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ये नए स्मार्टफोन्स गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी अगले सप्ताह की शुरूआत में ही लॉन्च किए जा सकते हैं। इन नए स्मार्टफोन्स की सबसे बड़ी खासियत कम रोशनी में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्नत कैमरा क्षमताएं होंगी। इन दोनों स्मार्टफोन्स में नए एआई फीचर्स मिलने की भी संभावना है, जिन्हें सैमसंग ऑसम इंटेलिजेंस कहता है। गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए 37 5जी को धूल और पानी से सुरक्षा के साथ लॉन्च किया जा सकता है।

## कंटेंट और कॉमर्स की एक मिली-जुली दुनिया में जी रही है जेन अल्फा: रिपोर्ट

बंगलुरु। छोटे वीडियो अब व्लॉग्स में घुल-मिल गए हैं, जो आगे चलकर गेमप्ले में बदल जाते हैं और फिर ऐसा स्पॉन्सर्ड कंटेंट सामने आता है जो किसी दोस्त की सलाह जैसा लगता है। यहाँ स्क्रीन कभी बंद नहीं होती। जेन अल्फा डिजिटल स्ट्रीम को सिर्फ देखती नहीं, बल्कि उसी के भीतर रहती है। यह वह हकीकत है जो पूरी तरह से डिजिटल दुनिया में डूबी और कमर्शियल रूप से सक्रिय हैकृजिसे एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) एकेडमी ने समझने की कोशिश की है। एएससीआई एकेडमी की स्टडी व्हाट द सिग्मा? जेनरेशन अल्फा की डिजिटल लाइफ की एक जांच है उन्हें जज करने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें बेहतर ढंग से समझने के लिए। उनके कल्चरल रेफरेंस पॉइंट्स पिछली पीढ़ियों से बिल्कुल अलग हैं। यह अध्ययन 7 से 15 साल के बच्चों (जेनरेशन अल्फा) पर केंद्रित है, जिसमें देखा गया है कि वे इस हाइपर-डिजिटल माहौल में मीडिया और कंटेंट से कैसे जुड़ते हैं और कमर्शियल मैसेज को कैसे पहचानते व समझते हैं।

## तमिलनाडु ने देश का शीर्ष वस्त्र निर्यातक

चेन्नई। तमिलनाडु वस्त्र निर्यात के मामले में देश का शीर्ष राज्य बनकर उभरा है। राज्य ने वित्त वर्ष 2024-25 में 799.717 करोड़ अमेरिकी डॉलर के निर्यात दर्ज किए जो पिछले चार वर्षों में 29.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले चार वर्ष में राज्य के निर्यात मूल्य में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2020-21 में तमिलनाडु का वस्त्र निर्यात 619.339 करोड़ डॉलर था। मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु ने गुजरात और महाराष्ट्र जैसे प्रतिस्पर्धी राज्यों को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, द्रविड़ मॉडल सरकार की योजनाबद्ध कार्वाइयों से तमिलनाडु का वस्त्र निर्यात 2020-21 में 619.339 करोड़ डॉलर रहा जो अगले चार वर्ष में बढ़कर 799.717 करोड़ डॉलर हो गया। भारत के कुल निर्यात में तमिलनाडु की हिस्सेदारी 21.84 प्रतिशत है। नेशनल इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट रिकॉर्ड फॉर ईयरली एनालिसिस ऑफ ट्रेड के अनुसार, भारत से निर्यातित वस्त्र उत्पादों का कुल मूल्य 3661 करोड़ डॉलर था जिसमें तमिलनाडु का योगदान 799.717 करोड़ डॉलर रहा। नेशनल इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट रिकॉर्ड फॉर ईयरली एनालिसिस ऑफ ट्रेड, केंद्र द्वारा शुरू किया गया एक विशेष मंच है जो विदेशी व्यापार पर वास्तविक व्यापक आंकड़े उपलब्ध कराता है।

# सेंसेक्स में 2497 अंकों की गिरावट




मुंबई। कच्चे तेल के दाम में तेजी और वैश्विक स्तर पर कमजोरी के रुख से स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेज गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 2,497 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। इसके साथ बाजार में पिछले तीन दिन से जारी तेजी पर विराम लगा। पश्चिम एशिया में तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों के बाद कच्चे तेल के दाम में उछाल आया है। इससे निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,496.89 अंक यानी 3.26 प्रतिशत का गोता लगाकर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ। जून, 2024 के बाद सेंसेक्स में एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। कारोबार के दौरान, यह 2,753.18 अंक टूटकर 73,950.95 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी भी 775.65 अंक यानी 3.26 प्रतिशत टूटकर 23,002.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 2,140 अंक चढ़ा था जबकि निफ्टी में 626 अंक की तेजी रही थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद बैंक का शेयर 5.13 प्रतिशत नीचे आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.75 प्रतिशत चढ़कर 114.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गयी। यह वृद्धि कतर में एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक गैस संयंत्र और कुवैत में दो तेल रिफाइनरियों पर ईरान के हमले के बाद हुई। ईरान ने बृहस्पतिवार को अपने पड़ोसी देशों के ऊर्जा संयंत्रों पर हमले तेज कर दिए। उसने लाल सागर स्थित सऊदी अरब की एक रिफाइनरी को निशाना बनाया और कतर के एलएनजी संयंत्रों और कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों पर भी हमले किये। यह हमला इजराइल के उसके मुख्य प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर हमले के जवाब में किया गया। भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट देखने को मिली। निफ्टी-50 ने एक ही सत्र में अपनी हाल की बढ़त खो दी। इसका कारण वैश्विक और घरेलू जोखिमों का प्रभाव एक साथ देखने को मिला। यह बिकवाली कई वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण हुई। इससे जोखिम की धारणा काफी हद तक बदल गयी। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच आपूर्ति में लगातार व्यवधान की आशंका बढ़ने के साथ कच्चे तेल की कीमत 111 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई है। मझोली कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 3.34 प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप में 2.77 प्रतिशत की गिरावट आई।

# चांदी में 17800 रुपये की हुई भारी गिरावट, सोना 7000 रुपये लुढ़का



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 17,800 रुपये लुढ़ककर 2.38 लाख प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि वैश्विक जिंस बाजारों में भारी बिकवाली के चलते सोने की कीमत 7,000 रुपये के नुकसान के साथ 1.53 लाख प्रति 10 ग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 17,800 रुपये या लगभग सात प्रतिशत गिरकर 2,38,700 प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बुधवार को बंद हुई कीमत 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम से काफी कम है। चांदी अब 29 जनवरी को दर्ज किए गए अपने अब तक के सबसे उंचे स्तर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,65,800 रुपये या 41 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 7,000 रुपये या 4.37 प्रतिशत के नुकसान के साथ 1,53,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जो पिछली बंद कीमत 160,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है। सोने की कीमत 29 जनवरी को दर्ज किए गए अपने अब तक के सबसे उंचे स्तर 183,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 29,700 रुपये या 16.23 प्रतिशत तक गिर चुकी है। विश्लेषकों ने सर्राफा कीमतों में इस भारी गिरावट का कारण कई कारकों के मेल को बताया, जिनमें बढ़ती महंगाई की चिंताएं, केंद्रीय बैंकों का सख्त रुख (विशेष रूप से अमेरिकी फेडरल रिज़र्व और बैंक ऑफ़ जापान का), और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी शामिल है। विदेशी बाजारों में भी कीमती धातुओं की कीमतें नीचे रहीं। हाजिर चांदी 4.88 डॉलर, या 6.48 प्रतिशत गिरकर 70.49 डॉलर प्रति औंस रह गई और सोना 140.19 डॉलर, या लगभग तीन प्रतिशत टूटकर 4,678.69 डॉलर प्रति औंस रह गया। अब निवेशक अपना ध्यान बैंक ऑफ़ इंग्लैंड और यूरोपियन केंद्रीय बैंक के नीतिगत फ़ैसलों पर केंद्रित करेंगे। कुल मिलाकर अल्पावधि में बाजार का रुख कमज़ोर से लेकर अस्थिर बना हुआ है। ब्याज दरों से जुड़ी उम्मीदों और भू-राजनीतिक संकेतों में होने वाले बदलावों के चलते कीमतों में तेज़ी से उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।

# शेयर बाजार में तेज गिरावट से निवेशकों को 12.87 लाख करोड़ का नुकसान



नयी दिल्ली। शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को भारी गिरावट से निवेशकों को 12.87 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

पश्चिम एशिया में तेल एवं गैस संयंत्रों पर बढ़ते हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के दबाव में बीएसई सेंसेक्स लगभग 2,500 अंक लुढ़क गया। पश्चिम एशिया संकट 28 फरवरी को शुरू होने के बाद से निवेशकों को 37 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। लगातार तीन दिन की बढ़त के बाद, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,496.89 अंक यानी 3.26 प्रतिशत का गोता लगातार 74,207.24 अंक पर बंद हुआ। यह जून, 2024 के बाद से एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है। कारोबार के दौरान, यह 2,753.18 अंक टूटकर 73,950.95 अंक पर आ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण एक ही दिन में 12,87,273.89 करोड़ रुपये घटकर 4,26,13,557.95 करोड़ रुपये (4,610 अरब डॉलर) रह गया।

# कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोल इंडिया ने उठायक कदम




नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि घरेलू कोयला उत्पादन उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप है और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) सभी क्षेत्रों को शुष्क ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कोल इंडिया ने एहतियाती कदम उठाते हुए चालू माह में 29 ई-नीलामी आयोजित करने की योजना बनाई है। इसके तहत लगभग 2.35 करोड़ टन कोयले की पेशकश की जाएगी। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि इन 29 नीलामियों में से 12 मार्च, 2026 से अब तक पांच नीलामी आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें 73.1 लाख टन कोयले की पेशकश की गई थी, जिसमें से 31.96 लाख टन की बुकिंग हो चुकी है, जो ई-नीलामी में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता को दर्शाता है। मंत्रालय के अनुसार, छोटे और मझोले उद्योगों को कोयला उपलब्ध कराने के लिए राज्य नामित एजेंसियों के माध्यम से भी आवश्यक कार्रवाई की गई है। राज्य सरकारों से अतिरिक्त कोयले की आवश्यकता बताने का अनुरोध किया गया है ताकि ऊर्जा संकट से बचा जा सके।

# कच्चे तेल के दाम में तेजी से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के शेयर लुढ़के

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के शेयरों में बृहस्पतिवार को भारी गिरावट दर्ज की गई।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल की उंची कीमतों से उनके शोधन और विपणन मार्जिन पर दबाव पड़ने का जोखिम है। इससे तेल विपणन कंपनियों पर दबाव बढ़ गया है। बीएसई में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. का शेयर 7.01 प्रतिशत टूटकर 324.80 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 7.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52 सप्ताह के निचले स्तर 321.80 रुपये पर आ गया था। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. का शेयर 5.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 286 रुपये और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन का शेयर 3.91 प्रतिशत टूटकर 142.70 रुपये पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.56 प्रतिशत बढ़कर 114.4 डॉलर प्रति बैरल हो गया। बाजार में पिछले तीन दिन से जारी तेजी पर बृहस्पतिवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 2,496.89 अंक यानी 3.26 प्रतिशत का गोता लगाकर 74,207.24 अंक पर बंद हुआ। जून, 2024 के बाद यह एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है। वहीं, एनएसई निफ्टी 775.65 अंक यानी 3.26 प्रतिशत लुढ़क कर 23,002.15 अंक पर बंद हुआ।

# बिजली क्षेत्र में 2200 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत



नयी दिल्ली। बिजली सचिव पंकज अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश को अगले दो दशकों में बिजली क्षेत्र में करीब 2,200 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता होगी। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य रखा है और 2034-35 तक कोयला आधारित तापीय बिजली उत्पादन क्षमता में 97 गीगावाट की वृद्धि का भी लक्ष्य तय किया है।

अग्रवाल ने भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य के ऊर्जा बदलाव के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की जरूरत है और अगले दो दशकों में करीब 2,200 अरब डॉलर का निवेश आवश्यक होगा। अधिकारी ने कहा कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा समेत बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने और वितरण के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि भारत के विद्युत क्षेत्र के विकास का अगला चरण सॉफ्टवेयर, नियामक ढांचे, बाजार संरचना, मूल्य निर्धारण तंत्र और संस्थागत नवाचार पर निर्भर करेगा। अधिकारी ने कहा कि पीएम-कुसुम जैसी योजनाएं किसानों को निष्क्रिय उपभोक्ताओं से सक्रिय ऊर्जा उत्पादकों में बदल रही हैं। हालांकि, बड़ी मात्रा में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण के लिए नए दृष्टिकोणों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि समय-आधारित शुल्क, मांग प्रतिक्रिया, मजबूत उत्पादन एवं भंडारण समाधान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सचिव ने कहा कि भारत के बिजली क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है जो विभिन्न देशों के लिए महत्वपूर्ण सबक प्रस्तुत करता है। अधिकतम मांग घाटा करीब चार प्रतिशत से घटकर नाममात्र रह गया है। स्थापित क्षमता दोगुनी से अधिक बढ़कर 520 गीगावॉट से अधिक हो गई है। नवीकरणीय ऊर्जा इस वृद्धि का मुख्य आधार रही है, विशेष रूप से 2016 के बाद से जब दरों में उल्लेखनीय गिरावट आई। यह प्रगति संयोग से नहीं हुई है। इसे सुनियोजित नीतिगत ढांचे, मानकीकृत बोली प्रणाली, नवीकरणीय खरीद दायित्व एवं दूरदर्शी योजनाओं ने आगे बढ़ाया है जिससे लागत कम करते हुए बड़े पैमाने पर विस्तार संभव हुआ है। आज भारत न केवल अपनी घरेलू ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि विनिर्माण एवं निर्यात केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। इससे पहले कार्यक्रम में केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड नेटवर्क के तहत संयुक्त अरब अमीरात के साथ समुद्र के नीचे बिजली पारेषण केबल नेटवर्क लागू करने की योजना बना रहा है।

# ईरान युद्ध से बढ़ी महंगाई की आशंका, बैंक ऑफ इंग्लैंड ने प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर कायम रखा



लंदन। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद तेल और गैस की कीमतों में हुई वृद्धि के मद्देनजर बैंक ऑफ इंग्लैंड ने बृहस्पतिवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर स्थिर रखा है।

करीब तीन सप्ताह पहले अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर बमबारी शुरू किए जाने के बाद इस निर्णय की व्यापक संभावना जताई जा रही थी। बैंक की मौद्रिक नीति समिति के सभी नौ सदस्यों ने ऋण लागत में कोई बदलाव न करने के पक्ष में मतदान किया। 28 फरवरी को युद्ध छिड़ने से पहले यह लगभग तय माना जा रहा था कि बैंक ऑफ इंग्लैंड ब्याज दरों में कटौती करेगा, क्योंकि ब्रिटेन में मुद्रास्फीति के आने वाले महीनों में दो प्रतिशत के लक्ष्य तक नीचे आने की उम्मीद थी। बैंक के गवर्नर एंड्रयू बेली ने बयान में कहा कि घटनाक्रम किस दिशा में मुड़ता है, इसका आकलन करने के लिए हमने ब्याज दरों को 3.75 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। स्थितियां चाहे जो भी हों, हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि मुद्रास्फीति वापस अपने दो प्रतिशत के लक्ष्य पर आए। ईरान युद्ध और इसके कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक आर्थिक अनुमानों और कीमतों पर गहरा असर पड़ा है।

## पेज एक का शेष

### सीबीआई ने

बताया, आरोपी अनिल अंबानी आज जांच अधिकारी के समक्ष पेश हुए और उनसे करीब आठ घंटे तक पूछताछ की गई। आगे की पूछताछ के लिए आरोपी को कल (शुक्रवार) भी जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है। बयान के अनुसार, एजेंसी ने अंबानी से कंपनी में निर्णय लेने की प्रक्रिया के बारे में पूछताछ की, जिसमें उनके और अधिकारियों के बीच ईमेल के जरिये हुए कई पत्राचार भी सामने आए।

उन्होंने बताया कि सीबीआई ने बैंक द्वारा कंपनी को दिए गए ऋण में कथित तौर पर धन के हेरफेर अन्य अनियमितताओं के संबंध में भी उनसे जवाब मांगा है। वहीं, अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने बयान में कहा, अनिल अंबानी 19 और 20 मार्च 2026 को दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश होंगे, जहां एसबीआई द्वारा रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के संबंध में की गई शिकायत के आधार पर दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में उनसे पूछताछ की जाएगी।

### भविष्य के

के नेताओं से अपने उत्पादों की गुणवत्ता सुधारने पर ध्यान केंद्रित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'यह आत्मनिर्भरता केवल उत्पाद स्तर पर ही नहीं बल्कि घटक स्तर पर भी आवश्यक है। मतलब ड्रोन के मोल्ड से लेकर सॉफ्टवेयर, इंजन और बैटरी तक सभी कुछ भारत में ही बनाया जाना चाहिए।

### चन्दौली में

विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी गई है। प्रबन्ध निदेशक, राज्य सेतु निगम लि. की ओर से सेतु कार्य पर तैनात प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर अवर अभियन्ता (सिविल) को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही सहायक अभियन्ता एवं परियोजना प्रबन्धक चंदौली के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, क्षतिग्रस्त निर्माण भाग की विस्तृत जांच के लिए संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (मुख्य अभियन्ता-लोनिवि) की अध्यक्षता में त्रिसदस्यीय तकनीकी समिति का गठन किया गया है। समिति को निर्देशित किया गया है कि वह कार्यस्थल का गहन तकनीकी निरीक्षण कर तीन दिवस के भीतर अपनी जांच आख्या प्रस्तुत करे।

### राम मंदिर

निवेदित की। इस दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राष्ट्रपति के साथ रामलला की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।राष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में सभी देवों के समक्ष शीश झुकाया।राष्ट्रपति ने श्रीराम मंदिर परिसर का भ्रमण कर यहां की दीवारों पर उकेरी गईं आकृतियों का भी अवलोकन किया।राष्ट्रपति ने पूज्य संतों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीरामयंत्र की विधिवत प्रतिष्ठापना की।श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से अयोध्या भेजा गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। दक्षिण भारत, काशी, अयोध्या के आचार्यों द्वारा मंदिर में श्रीराम यंत्र के लिए नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले से ही शुरू हो चुका था।

### राम राज्य का

के परिश्रम, कारीगरों की उद्यमिता और भारत की आस्था ने सदैव एक भारत-श्रेष्ठ भारत के रूप में बनाए रखा।योगी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि यज्ञ की पूर्णाहुति कार्यक्रम के साथ जुड़कर न केवल प्रदेशवासी बल्कि देश-दुनिया के सनातन धर्मावलंबी के मन में भी आनंद की अनुभूति हो रही है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर बृहस्पतिवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठापना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को भारतीय नवसंवत्सर की शुभकामना दी और कहा कि सरयू मैया अयोध्या धाम को पवित्र करते हुए अपने निर्मल जल से पूरे क्षेत्र को पवित्र करती हैं। मुख्यमंत्री ने वर्तमान पीढ़ी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पीढ़ी नववर्ष पर ऐसे किसी पर्यटन स्थल पर नहीं जाती, जहां सनातन के विरोध में कोई कार्य हो रहा है और यह नए वर्ष पर परिवार के साथ मंदिर जाती है। योगी ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि आस्था को अंधविश्वास कहकर अपमानित करने वाले वही लोग हैं, जो सत्ता बचाने के लिए नोएडा नहीं जाते थे।

### इजराइल के

से अधिक बढ़ गई है। कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान के हमलों की निंदा की। अरब लीग के महासचिव अहमद अबूल घीत ने इसे खतरनाक तरीके से उकसावे वाला बताया। सऊदी अरब ने बताया कि एक ड्रोन ने लाल सागर के किनारे स्थित बंदरगाह शहर यानबू में देश की एसएएमआरईएफ रिफाइनरी पर बृहस्पतिवार को हमला किया।

सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है लेकिन उसने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। यह हमला कुवैत की दो तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले के बाद हुआ। ईरान ने फारस की खाड़ी में साउथ पार्स प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर बुधवार को किये गये इजराइली हमले के जवाब में ये हमले किए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आश्वासन दिया कि इजराइल ईरान के प्रमुख गैस क्षेत्र साउथ पार्स पर और हमले नहीं करेगा लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि अगर ईरान ने कतर पर फिर हमला किया तो अमेरिका जवाबी कार्वाई करेगा और उस पूरे क्षेत्र को उड़ा देगा। वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल और कतर पर ईरानी मिसाइल हमलों के बीच ट्रंप ने बुधवार रात सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी की। ट्रंप ने कहा, मैं इस पैमाने की हिंसा और विनाश की अनुमति नहीं देना चाहता क्योंकि इसका ईरान के भविष्य पर दीर्घकालिक असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि लेकिन अगर कतर के तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) स्थलों पर फिर हमला हुआ तो वह ऐसा करने में कतई हिचकिचाएंगे नहीं। उधर पेंटागन ने ईरान युद्ध के लिए 200 अरब डॉलर का अतिरिक्त कोष मांगा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इजराइल के हमलों में ईरान के खुफिया मंत्री की मौत हो गई है। इजराइल ने शीर्ष ईरानी नेतृत्व के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए बुधवार को ईरान के अपतटीय प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर कथित तौर पर हमला किया जिससे क्षेत्र की आर्थिक जीवनरेखा यानी ऊर्जा पर दबाव और बढ़ गया।

### धामी ने पंचांग

बढ़ाने में सहायक होते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि इस पंचांग कैलेंडर को इस तरह से तैयार किया गया है कि आम लोगों को तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण, पक्ष और मास जैसी सभी आवश्यक जानकारियां सरल और सुसंगठित रूप में उपलब्ध हो सकें। इसके माध्यम से लोग अपने दैनिक जीवन में शुभ मुहूर्त और धार्मिक आयोजनों का निर्धारण आसानी से कर पाएंगे। इसके साथ ही इस कैलेंडर में वर्षभर के प्रमुख व्रत, त्योहारों, धार्मिक पर्वों और महत्वपूर्ण तिथियों का विस्तृत विवरण शामिल किया गया है, जिससे लोगों को पहले से ही आवश्यक जानकारी मिल सके। यह पहल विशेष रूप से युवाओं के लिए उपयोगी मानी जा रही है, जो पारंपरिक ज्ञान से धीरे-धीरे दूर होते जा रहे हैं। कैलेंडर की एक विशेषता यह भी है कि इसमें उत्तराखंड के प्रमुख तीर्थ स्थलों जैसे बदरीनाथ मंदिर, केदारनाथ मंदिर, गंगोत्री, यमुनोत्री, हरिद्वार और ऋषिकेश को आकर्षक रूप में दशार्या गया है। इससे राज्य की धार्मिक पहचान को मजबूती मिलने के साथ-साथ पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने इस पहल को परंपरा और आधुनिक सोच के समन्वय का उदाहरण बताते हुए कहा कि बदलते समय के साथ सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित रखना बेहद आवश्यक है। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि भविष्य में इस पंचांग को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि इसकी पहुंच और अधिक व्यापक हो सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कैलेंडर न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से उपयोगी सिद्ध होगा, बल्कि समाज में अपनी परंपराओं के प्रति जागरूकता और जुड़ाव को भी मजबूत करेगा। इस अवसर पर सचिव विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### एलपीजी की

जाने वाली बुकिंग कम हो रही है और सरकार परिवारों को आपूर्ति में प्राथमिकता दे रही है। शर्मा ने स्पष्ट किया कि गैस आपूर्ति की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है, लेकिन किसी भी वितरक के पास भंडार पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। हालांकि, व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं को उनकी आवश्यकता का केवल पांचवां हिस्सा (20 प्रतिशत) ही मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले दो सप्ताह में घरेलू गैस उत्पादन में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां बुकिंग के साथ तालमेल बिठाने के लिए अतिरिक्त पालियों में काम कर रही हैं। सचिव ने बताया कि 18 मार्च को 56 लाख से अधिक की बुकिंग के मुकाबले 54.91 लाख सिलेंडरों की आपूर्ति की गई।

### यूपी में अपराध

मॉडल तैयार करने, हथियारों के प्रतिरूप बनाने और घटनाओं के रीक्रिएशन में मदद करेगी। इससे जांच एजेंसियों को केस को बेहतर तरीके से समझने और अदालत में प्रभावी प्रस्तुति देने में सहायता मिलेगी। वहीं, एससीएडीए लैब आईटी और ओटी (ऑपरेशनल टेक्नोलॉजी) सुरक्षा से जुड़े मामलों की जांच के लिए महत्वपूर्ण होगी, खासकर औद्योगिक संस्थानों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर होने वाले साइबर हमलों की पड़ताल में अहम भूमिका निभाएगी। इसके अलावा डिजिटल फॉरेंसिक लैब से मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों से डाटा रिकवरी और विश्लेषण की क्षमता बढ़ेगी। इससे साइबर क्राइम, वित्तीय धोखाधड़ी और अन्य तकनीकी अपराधों की जांच और भी प्रभावी हो सकेगी। प्रदेश में फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में न केवल नए फॉरेंसिक संस्थानों की स्थापना पर जोर दिया है, बल्कि मौजूदा लैब्स को आधुनिक तकनीकों से लैस करने का भी काम किया है। पुलिस और जांच एजेंसियों को वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित जांच के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे अपराधियों के खिलाफ मजबूत केस तैयार किए जा सकें। योगी सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश में न्याय प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया जाए। नई लैब्स के शुरू होने से केसों के निस्तारण में तेजी आएगी और दोषियों को जल्द सजा दिलाने में मदद मिलेगी।

### आउटसोर्सिंग

शिक्षण सेवाओं के लिए 25 हजार रुपये तक वेतन दिया जाएगा। पिछले दिनों यूपी आउटसोर्स सेवा निगम बनाया गया। अब प्रदेश में आउटसोर्स निगम के जरिए ही आउटसोर्स के सभी रिक्त पदों की भर्तियां पारदर्शी तरीके से होंगी। पहले कर्मचारियों की नियुक्तियां ठेके पर अलग-अलग एजेंसियां कर रही थीं। उनका जमकर शोषण हो रहा था। उन्हें न तो समय पर वेतन मिल पाता था और न ही तय मानदेय दिया जाता था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय की ओर से तैनात किए गए कर्मियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया गया है। सीईओ कार्यालय की ओर से विधानसभा क्षेत्रों में तैनात दो-दो कंप्यूटर ऑपरेटरों, जिला मुख्यालयों में तैनात प्रोग्रामरों व चपरासियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी करने को लेकर टेंडर जारी कर दिया है।

# शांति व स्थिरता बहाल करने का समर्थन : मोदी

## मोदी ने ओमान के सुल्तान, मलेशिया के प्रधानमंत्री से बात की, पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम से बात की तथा उनके साथ पश्चिम एशिया में स्थिति पर चर्चा की।

तीनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में, क्षेत्र में संघर्ष को कम करने और उसके बाद शांति व स्थिरता बहाल करने का समर्थन किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान के सुल्तान और मलेशिया के प्रधानमंत्री के साथ टेलीफोन पर हुई अलग-अलग बातचीत में, होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध नौवहन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने अपने भाई सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ सार्थक बातचीत की और ओमान के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं। हम (खाड़ी क्षेत्र में) तनाव कम करने और उसके बाद शांति व स्थिरता बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री ने ओमान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की भारत द्वारा की गई निंदा को दोहराया और भारतीय नागरिकों सहित हजारों लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, भारत और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित और निर्बाध नौवहन के लिए प्रतिबद्ध हैं। इब्राहिम से बातचीत के दौरान, मोदी ने ईद-उल-फितर को लेकर अपने मलेशियाई समकक्ष और मलेशिया के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, हमने पश्चिम एशिया में बेहद चिंताजनक स्थिति पर भी चर्चा की और संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से तनाव कम करने और शांति व स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू करने और उसके जवाब में ईरान द्वारा कई खाड़ी देशों पर हमले किये जाने के बाद से, ओमान के सुल्तान के साथ मोदी ने दूसरी बार बातचीत की।

संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात, जॉर्डन, इजराइल और ईरान सहित विश्व के कई नेताओं से भी बात की है।

# शांति बनायें उत्तमनगर के लोग भाजपा भड़का रही है हिंसा : राहुल



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तम नगर के लोग किसी भी प्रकार के खूनखराबे के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि उन्होंने पहले ही हिंसा के लिए भारी कीमत चुकाई है।

गांधी ने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे किसी भी उकसावे में न आयें, क्योंकि देश की ताकत उसकी एकता और भाईचारे में निहित है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और इसका इकोसिस्टम समाज में हिंसा भड़काने और नफरत फैलाने के हर मौके का फायदा उठाना चाहते हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा, उत्तम नगर के लोगों ने हिंसा की भारी कीमत चुकाई है - एक तरफ एक जवान लड़के, तरुण, की जान चली गई, दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है। उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, खून-खराबा केवल भारतीय जनता पार्टी और उसका इकोसिस्टम चाहता है, जो नफ़रत के तवे पर हिंसा की रोटी सेंकने के हर मौके का फायदा उठाता है। गांधी ने कहा, वो (भाजपा) चाहते हैं कि देश हिंदू-मुसलमान में उलझा रहे, ताकि लोग यह न पूछ सकें कि आखिर प्रधानमंत्री देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर क्यों मजबूर हैं - इसीलिए, दिन-दहाड़े देश की राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात खड़े किए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा, दिल्ली वासियों से अनुरोध है किसी बहकावे में न आएं - देश की शक्ति हमारी एकता, भाईचारे और मोहब्बत में है। जोड़ो जोड़ो, भारत जोड़ो। राजधानी दिल्ली में चार मार्च को होली के दिन जेजे कॉलोनी इलाके में 26 वर्षीय तरुण के परिवार और पड़ोसियों के बीच हुई झड़प के दौरान तरुण की हत्या कर दी गई थी। पुलिस के अनुसार, हिंसा उस समय भड़की जब तरुण के परिवार की एक लड़की द्वारा फेंके गए गुब्बारे का पानी पड़ोसी परिवार की एक महिला पर जा गिरा। बाद में कुछ हिंदू संगठनों ने इस हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया और आरोपियों के परिवार के दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

## संक्षेप

### गोलीबारी के बाद 10 करोड़ की रंगदारी, बिश्नोई गैंग से जुड़े तार

एमपी। मध्यप्रदेश में एक व्यापारी के घर पर अज्ञात बदमाशों द्वारा गोलीबारी करने के बाद 10 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग की गयी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना की जिम्मेदारी लेने का दावा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से संबंध होने की बात भी कही गई। पुलिस के मुताबिक, यह घटना सोमवार को कसरावद थाना क्षेत्र के भीलगांव में हुई। पुलिस ने बताया कि घटना के समय व्यापारी दिलीप राठौर और उनका परिवार इंदौर में था तथा एहतियात के तौर पर राठौर के घर पर सुरक्षा तैनात की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) रवींद्र वर्मा ने बताया कि दिलीप राठौर के बेटे सत्येंद्र की शिकायत पर बुधवार को मामला दर्ज किया गया और गोलीबारी की पुष्टि होने के बाद पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शिकायत के अनुसार, घटना के बाद सत्येंद्र और उनके पिता को व्हाट्सऐप पर संदेश और धमकी भरे ऑडियो क्लिप भी मिले। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने गोलीबारी का वीडियो भेजते हुए 10 करोड़ रुपये की मांग की और घर को बम से उड़ाने की कथित तौर पर धमकी दी। वर्मा ने बताया कि मंगलवार को आए एक फोन कॉल में पूरे परिवार की हत्या करने की धमकी दी गई।

# श्रीलंका : एयरबस सौदे में पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे को नकद रिश्वत देने का आरोप

कोलंबो। श्रीलंका की अदालत में बृहस्पतिवार को बताया गया कि पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे को एयरबस सौदे के तहत छह करोड़ श्रीलंकाई रुपये की घूस दी गई थी। यह दावा 2017 के एयरबस मामले में मुख्य आरोपी कपिला चंद्रसेना ने किया।

वर्ष 2011 से 2015 तक राष्ट्रीय एयरलाइन के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) रहे चंद्रसेना को पिछले सप्ताह इस मामले में गिरफ्तारी के बाद मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजपक्षे को 2015 में राष्ट्रपति रहते हुए उनके ग्रामीण दक्षिण के आवासों में तीन अलग-अलग अवसरों पर हर बार दो दो करोड़ रुपये दिए गए। पूर्व विमानन मंत्री प्रियंकारा जयरत्ना को भी इस रिश्वत का हिस्सा मिलने का दावा किया गया। उन्हें स्वयं एयरबस से घूस मिली और पैसे उनकी पत्नी के खाते में जमा किए गए। दोनों को 2019 में गिरफ्तार कर जमानत दी गई थी। श्रीलंका में 2024 में नया भ्रष्टाचार विरोधी कानून लागू होने के बाद, घूस या भ्रष्टाचार मामले की जांच के लिए जांच आयोग ने एयरबस मामले की पुनः जांच की।

# बेलारूस के राष्ट्रपति ने अमेरिका से संबंध बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत अमेरिकी दूत से वार्ता की

तल्लिन (एस्तोनिया)। बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने पश्चिमी देशों से संबंध सुधारने के प्रयासों के तहत बृहस्पतिवार को देश की राजधानी मिंस्क में अमेरिकी दूत से मुलाकात की।

लुकाशेंको ने बेलारूस के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत जॉन कोआल से मुलाकात की। राष्ट्रपति के प्रेस कार्यालय ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी बेल्टा ने लुकाशेंको के हवाले से बताया कि मुलाकात के दौरान मिंस्क में अमेरिकी दूतावास का कामकाज सामान्य रूप से फिर शुरू करने पर चर्चा हुई, जिस पर 2022 में रोक लगा दी गई थी। समाचार एजेंसी के अनुसार इसके अलावा तथाकथित राजनीतिक कैदियों को छोड़ने, पाबंदियों और अन्य आर्थिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। पिछले साल दिसंबर में जब अमेरिकी अधिकारियों ने लुकाशेंको से मुलाकात की थी तब अमेरिका ने बेलारूस को कुछ पाबंदियों में छूट दी थी और 123 कैदियों को रिहा करके यूक्रेन और लिथुआनिया भेज दिया था। बेलारूस जुलाई 2024 से सैकड़ों कैदियों को रिहा कर चुका है। उसके इस प्रयास को पश्चिमी देशों के साथ संबंध सुधारने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। रूस का करीबी सहयोगी बेलारूस वर्षों से अलग-थलग पड़ा हुआ है और उस पर कई पाबंदियां लगी हुई हैं। लुकाशेंको लगभग 95 लाख की आबादी वाले बेलारूस की सत्ता पर 30 साल से अधिक समय से काबिज हैं। मानवाधिकारों के उल्लंघन और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण के लिए रूस को अपनी सरजमीं का इस्तेमाल करने की अनुमति देने की वजह से बेलारूस पर पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगा रखे हैं।

# जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ विधेयक हंगामा, कांग्रेस का बहिर्गमन

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 पेश किया, जिसका मकसद ज़बरदस्ती, लालच, धोखाधड़ी या गलत जानकारी देकर किए जाने वाले धर्म परिवर्तनों को रोकना है।

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इस पर आपत्ति जताई और विधेयक को समीक्षा के लिए प्रवर समिति को सौंपने की मांग की। जब पीठासीन सभापति ने उनकी आपत्ति को खारिज कर दिया तब कांग्रेस ने कार्यवाही का बहिष्कार किया। गृह विभाग का जिम्मा संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सदन में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 पेश किया। शर्मा ने विधेयक प्रस्तुत करने के लिए आसन से अनुमति मांगी तब नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने इस पर आपत्ति जताई। महंत ने कहा कि 11 राज्यों के ऐसे ही कानून फिलहाल उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन हैं, इसलिए इस विधेयक पर सदन में जल्दबाजी में विचार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस विधेयक को व्यापक विचार-विमर्श के लिए प्रवर समिति को भेजा जाना चाहिए। महंत ने संवैधानिक मूल्यों और सहिष्णुता के सिद्धांतों का हवाला देते हुए, ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ आगाह किया जिससे समाज में खाई और गहरी हो सकती है। नेता प्रतिपक्ष ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और भगवान बुद्ध के विचारों का ज़िक्र किया, जिन्होंने सामाजिक न्याय और समानता पर ज़ोर दिया था। अटल जी ने कहा था कि हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारी विविधता और सहिष्णुता में निहित है। इसलिए, ऐसा कोई भी काम नहीं किया जाना चाहिए जिससे समाज में गहरी दरार पैदा हो। बुद्ध ने कहा है कि नफरत को नफरत से नहीं मिटाया जा सकता, नफरत को केवल प्यार से ही मिटाया जा सकता है। महंत ने बताया कि 2006 में छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा पारित इसी तरह का एक संशोधन विधेयक पिछले साल दिसंबर में राष्ट्रपति द्वारा लौटा दिया गया था, जिसमें सरकार से इस मामले में सावधानी से आगे बढ़ने का आग्रह किया गया था। इन आपत्तियों का जवाब देते हुए भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि विपक्ष भ्रमित नज़र आ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर इस विधेयक को प्रवर समिति को भेजना क्यों ज़रूरी है। उन्होंने तर्क दिया कि कांग्रेस के शासनकाल में मध्यप्रदेश में भी इसी तरह का कानून बनाया गया था। उन्होंने पूछा कि फिर महंत यह कैसे कह सकते हैं कि यह विधेयक समाज को बांटने वाला है। चंद्राकर ने कहा कि भवानी शंकर नियोगी आयोग का गठन रविशंकर शुक्ल के कार्यकाल के दौरान (मध्यप्रदेश में) किया गया था।

# विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक संघीय ढांचे का उल्लंघन करता है: रमेश

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को नए विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान (वीबीएसए) विधेयक पर गंभीर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि प्रस्तावित कानून संविधान के संघीय ढांचे का उल्लंघन करता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में विधेयक के मौजूदा स्वरूप पर कांग्रेस की सात आपत्तियां गिनाईं, जिनमें इसे तैयार करते समय राज्य सरकारों से परामर्श नहीं करना, संवैधानिक अतिक्रमण, वित्तपोषण परिषद का अभाव, उच्च शिक्षा का नौकरशाहीकरण और यूजीसी की परामर्श संबंधी जरूरतों को कमजोर किया जाना शामिल है।

मुख्य विपक्षी दल ने आरोप लगाया है कि इस विधेयक के जरिए उच्च शिक्षा के ढांचे को बदलने की कोशिश की जा रही है। यह विधेयक संसद की संयुक्त समिति के पास विचाराधीन है। रमेश ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग पर कल पेश की गई शिक्षा पर संसदीय स्थायी समिति की वार्षिक अनुदान मांग रिपोर्ट में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) जैसी प्रमुख नियामक एजेंसियों में बड़ी संख्या में खाली पद सामने आए हैं जो चिंताजनक है। यह चिंताजनक खबर ऐसे समय में आई है जब विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान (वीबीएसए) विधेयक, 2025 के ज़रिए उच्च शिक्षा विनियमन के ढांचे में बदलाव की कोशिश पहले से ही चल रही है।

# बिहार में एलपीजी की किल्लत और बढ़ती कीमतों के खिलाफ पटना में कांग्रेस का प्रदर्शन

पटना। कांग्रेस की बिहार इकाई के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की कथित भारी किल्लत और बढ़ती कीमतों के विरोध में बृहस्पतिवार को पटना के आयकर गोलंबर पर प्रदर्शन किया।

पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला जलाया। राम ने देश में उत्पन्न गैस सिलेंडर संकट को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरे देश में एलपीजी सिलेंडरों की भारी कमी हो गई है और लोगों को घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में गैस के लिए लाइन में लगे बुजुर्गों की मौत की खबरें सामने आई हैं, जो अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह स्थिति केंद्र सरकार की नाकामी और कुप्रबंधन का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में विफल रही है जबकि प्रधानमंत्री और उनके मंत्री केवल प्रचार में व्यस्त हैं। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण जनता महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की कमी से परेशान है।

## इंटरटेनमेंट...

# धुरंधर-2 रिव्यू: रणवीर की फिर दमदार परफॉर्मेंस



**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' यानी धुरंधर 2 पहले पार्ट की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद बड़े स्केल पर लौटी है। इस बार फिल्म सिर्फ गैंगवार या बदले की कहानी नहीं रहती, बल्कि नोटबंदी से लेकर देश की कई बड़ी घटनाओं को जोड़ते हुए एक बड़ा नैरेटिव पेश करती है। उम्मीदें जितनी ऊंची थीं, फिल्म कई जगह उन्हें पूरा करती है, तो कुछ जगह थोड़ा चूक भी जाती है। फिल्म की कहानी कहानी जसकीरत सिंह रांगी के अतीत से शुरू होती है, जो अपने परिवार के साथ हुए अन्याय के बाद अपराध की दुनिया में कदम रखता है।

जेल से निकलकर वह भारत के लिए काम करने का मौका पाता है और पाकिस्तान में हमजा अली मजारी बनकर अंडरकवर मिशन पर जाता है। पहले पार्ट के बाद अब कहानी ल्यारी की सत्ता और गैंगवार के इर्द-गिर्द घूमती है। रहमान डकैत (अक्षय खन्ना के किरदार) की मौत के बाद खाली हुई गद्दी पर कब्जा, दुश्मनों का सफाया और अपने असली मिशन तक पहुंचना यही फिल्म का मूल है। इस बार कहानी में नोटबंदी, अतीक अहमद जैसे मुद्दों के संदर्भ और देश-विदेश की राजनीतिक कड़ियों को जोड़ा गया है। सबसे बड़ा सस्पेंस बड़े साहब का है,

**नोटबंदी और राजनीतिक कड़ियों से जुड़ी कहानी, जानिए कैसी है फिल्म**

जिसके इर्द-गिर्द पूरी कहानी घूमती है। हालांकि यह खुलासा जितना बड़ा बनाया गया, उतना प्रभाव छोड़ नहीं पाता। फिल्म का फर्स्ट हाफ थोड़ा धीमा और खिंचा हुआ लगता है, लेकिन इंटरवल के बाद कहानी पकड़ बनाती है और क्लाइमैक्स तक आते-आते असर छोड़ती है। रणवीर सिंह पूरी फिल्म की जान हैं। जसकीरत और हमजा दोनों किरदारों में उन्होंने अलग-अलग बॉडी लैंग्वेज और एटीट्यूड दिखाया है।

एक्शन, गुस्सा और इमोशन, हर जगह वो स्क्रीन पर छाए रहते हैं। राकेश बेदी इस बार भी सरप्राइज पैकेज हैं। आर. माधवन जब भी स्क्रीन पर आते हैं, फिल्म को मजबूती देते हैं। संजय दत्त का प्रेजेंस अच्छा है, लेकिन सीमित है। अर्जुन रामपाल का किरदार इस बार उतना खतरनाक नहीं बन पाया। सारा अर्जुन को स्क्रीन टाइम कम मिला है, लेकिन अपने हिस्से में वो असर छोड़ती हैं। उनके किरदार में और गहराई लाई जा सकती थी। आदित्य धर ने फिल्म का स्केल और बड़ा किया है। रिसर्च और डिटेलिंग में मेहनत दिखती है, खासकर जब फिल्म असली घटनाओं को छूती है, लेकिन यही कोशिश कई जगह फिल्म को भारी और थोड़ी डॉक्यूमेंट्री जैसी भी बना देती है। पहले पार्ट की टाइट कहानी यहां थोड़ी ढीली पड़ती है।

# चेक बाउंस केस में राजपाल यादव को राहत

**मुंबई।** चेक बाउंस मामले में फंसे बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि क्योंकि राजपाल ने अब तक बकाया राशि का एक बड़ा हिस्सा जमा कर दिया है, इसलिए उन्हें फिलहाल वापस जेल नहीं भेजा जाएगा। अब मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ कर दिया कि अगली सुनवाई की तारीख को टाला नहीं जाएगा और मामले पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। कोर्ट ने इसे राजपाल के लिए आखिरी मौके की तरह देखने को कहा है। सुनवाई के दौरान राजपाल यादव के वकील ने कोर्ट को जानकारी दी कि राजपाल ने अब तक शिकायतकर्ता कंपनी 'मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' को 4.25 करोड़ रुपए चुका दिए हैं।

# नोरा-संजय के विवादित गाने पर महिला आयोग का एक्शन



**मुंबई।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने विवादित गाने ₹सरके चुनर तेरी सरके₹ को लेकर एक्ट्रेस नोरा फतेही और एक्टर संजय दत्त को नोटिस भेजा है। साथ ही गाने के गीतकार रकीब आलम, वेंकट के. नारायण और किरण कुमार (डायरेक्टर) समेत अन्य संबंधित लोगों को भी नोटिस जारी किया गया है। सभी को 24 मार्च को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। एनसीडब्लू ने चेतावनी दी है कि तय तारीख पर उपस्थित न होने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। एनसीडब्लू ने इस गाने के कथित अश्लील और आपत्तिजनक

**दोनों 24 मार्च तक पेश हों, नहीं तो कानून कार्रवाई हो सकती है**

कंटेंट को लेकर खुद संज्ञान लिया है। आयोग के मुताबिक, गाने के बोल पहली नजर में आपत्तिजनक और यौन संकेतों वाले लगते हैं।

# 55 नयी फिल्में और सीरीज का ऐलान



**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने साल 2026 के लिए अपने अब तक के सबसे बड़े भारतीय कंटेंट की घोषणा कर दी है।

'प्राइम वीडियो प्रेजेंट्स' कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने लगभग 55 नई ओरिजिनल सीरीज और फिल्मों का एलान किया। इस लिस्ट में न केवल हिंदी, बल्कि तमिल और तेलुगु भाषाओं की भी बड़ी फिल्में शामिल हैं।

खास बात यह है कि अब अमेजन एमजीएम स्टूडियोज भारत में सीधे थिएटर में रिलीज होने वाली फिल्में भी बनाएगा। इवेंट में रितिक रोशन, आलिया भट्ट और करण जौहर समेत कई सेलेब्स शामिल हुए। रितिक रोशन इवेंट में शामिल हुए।

उन्होंने फिल्म मेस के लिए प्राइम वीडियो के साथ पार्टनरशिप की है। करण जौहर ने प्राइम वीडियो प्रेजेंट्स इवेंट को संबोधित किया। इवेंट के

**पंचायत-5 और फर्जी-2 की होगी वापसी**

दौरान आलिया भट्ट और करण जौहर हग करते नजर आए। एक्टर मिलिंद सोमान अपनी पत्नी के साथ इवेंट में शामिल हुए। इवेंट में तमन्ना भाटिया फोटोग्राफर्स के लिए पोज करती नजर आईं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com